सूर्योदय 6:16 सूर्यास्त 6:00

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 14.6 न्यू | 24.8 अधि |
| धर्मशाला | 17.4 न्यू | 29.5 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81688.45 |
| निफ्टी | 25014.60 |
| सोना 78,200 | चांदी 95,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 6 अक्तूबर 2024 | 21 अश्विन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 290, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



पहली जीत के लिए उतरेंगी बेटियां

पृष्ठ 14 पर




अनंत ज्ञान

दैनिक समाचार पत्र

Presents

WEMBLEY®

SINCE 1961

(An ISO 9001-2008 Certified Co.)

Wembley Paints & Chemicals

अनंत शिखर सम्मान 2024

कार्यक्रम

समयः- आज सुबह 11.00 बजे

स्थानः- शुकराना रिजॉर्ट

गुरूजी एस्टेट, रक्कड़ कालोनी (ऊना)

"अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र उन प्रतिष्ठित व्यक्तियों को सम्मानित कर रहा है जिन्होंने कड़ी मेहनत करके कला - सांस्कृतिक, साहित्य समाजसेवी, स्वयं सहायता समूह एनजीओ, प्रसिद्ध उद्यमी एवं खेल प्रतियोगिता के क्षेत्र में सर्वोच्च स्थान हासिल किया है।"



आपका शिखर आपका सम्मान

संपर्क सूत्र: 88945-21702, 98168-75517

Plot No.8, Phase-II, Ind. Area Nagrota Bagwan, Distt. Kangra (H.P.)

Email: anantgyaanmedia@gmail.com

www.anantgyaan.in

follow us on



आपका अखबार... आपके लिए

BEST CABS — BEST RECOGNITION PVT LTD

लूण Lunn

DHAKER FOUNDATION

ARNI UNIVERSITY — bringing ambition to life

SSU PALAMPUR — SRI SAI UNIVERSITY — Transforming Dreams into Reality

Yogita AGRO SERVICE CHAMBA — Mob. 7986969842, 9015936779

MOTHERKRAFT HOSPITAL — Crafting Women's Health At Every Step

LAUREATE INSTITUTE OF PHARMACY — V.P.O. KATHOG TEH. JAWALAMUKHI DISTT. KANGRA (H.P.) 176031

BHUSHAN JEWELLERS SOLAN

JEE/NEET/NDA HIM ACADEMY — HAMIRPUR (H.P.) — Ph.: 01972-222648, 9816021400

BHARDWAJ MULTISPECIALITY HOSPITAL — A Diabetes Gastro Centre — 98055-73338, 94184-73338

LAUREL PUBLIC SEN. SEC. SCHOOL — Gandhinagar Distt. Kullu

SATYAM COLLEGE OF NURSING — LANJOT SHAHPUR

PANCHSHEEL HOSPITAL — SKIN & ORTHOPAEDIC CENTRE — NAGROTA BAGWAN

SHANTI NIKETAN COLLEGE OF EDUCATION — HAMIRPUR (H.P.)

Shivambu INTERNATIONAL — BDM

INDUS INTERNATIONAL UNIVERSITY

KULLU CONVENT SCHOOL (KULLU)

KAUSHAL ROLLER FLOUR MILL PVT. LTD. — PLOT-3, IND AREA TAHLIWAL, DISTT. UNA

LALIT & Bros. SARKAGHAT — Sale & Service: Mobile, L.E.D. Frez, Watches, Washing Machine & all type of Home appliances

RATTAN JEWELLERS — Bhawarna Lower Bazar — Mob. 9882749027 — राजू (गढ़ वाले)

JP Acharya — V.P.O. SAGOOR Teh. Baijnath Distt. Kangra (H.P.)

MS. KATNA TRADERS — Opposite Bus Stand, Nadaun — Mob. 8891500003

New GURUKUL — Study & Service

BUDHA MAL & SONS JEWELLERS PALAMPUR

NEW NANDA JEWELLERS — Grand Plaza, Shop No. 30-31 Palampur, MOB. 91293-51290

S.M. EYE HOSPITAL — Ghurkari, Kangra (H.P.) 9816164471, 9736278311

## न्यूज ब्रीफ

### बरागटा ने हाटेश्वरी मंदिर में लिया माता का आशीर्वाद



**दशमी रावत, जुब्बल।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने शनिवार को हाटकोटी पहुंचकर मां हटेश्वरी का आशीर्वाद लिया और पूजा अर्चना की। इस दौरान मंदिर कमेटी के सदस्यों ने चेतन बरागटा से मुलाकात की। वहीं चेतन बरागटा ने कहा कि वे हर साल नवरात्रों में मां हटेश्वरी के मंदिर में मां के दर्शन के लिए जाते है। उन्होंने बताया कि वे हर साल माता रानी से क्षेत्र की सुख समृद्धि एवं शांति की प्रार्थना करते है। उन्होंने बताया कि शारदीय नवरात्रों के दौरान हाटेश्वरी माता के दरबार में देश व प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालू दर्शन के लिए आते रहते है।

### बागी में 7 को होगा शांद महायज्ञ का आयोजन

**सपना सूद, नेरवा।** तहसील कुपवी के बागी स्थित प्रतिष्ठित शिरगुल देवता मंदिर में 46 साल के बाद धार्मिक अनुष्ठान भव्य शांद महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जिला सिरमौर के हरिपुरधार की प्रष्ठित देवी मां भगायणी सहित 28 देवी-देवता शिरकत कर इस आयोजन की शोभा बढ़ाएंगे। स्थानीय लोगों की माने तो इस धार्मिक अनुष्ठान में कुपवी तहसील के अलावा विभिन्न क्षेत्रों से छह से सात हजार लोगों के शिरकत करने की संभावना है। बागी गांव के सुरेंद्र समटा, अत्तर समटा व उजागर समटा आदि ने बताया कि मंदिर के निर्माण में ग्रामीणों द्वारा विभीन स्त्रोतों से एकत्रित करीब एक करोड़ रुपए की राशि खर्च की गई है। मंदिर का निर्माण नागर शैली में किया है तथा इसके निर्माण में लकड़ी के कुशल कारीगरों द्वारा काष्ठ कला का अद्भुत और दिलकश नमूना पेश किया गया है।

### सनबीम स्कूल जुब्बल में लगाई प्रोजेक्ट प्रदर्शनी



**अनंत ज्ञान, जुब्बल।** सनबीम इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल जुब्बल में प्रोजेक्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षा दूसरी से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। स्कूल के प्रधानाचार्य अरुण ठाकुर ने अपने स्टाफ के साथ विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न मॉडलों को देखा और विद्यार्थियों द्वारा दिए गए विवरण का मूल्यांकन किया। छात्रों द्वारा मानव हृदय, डैम, संसद भवन, चंद्र ग्रहण, अंग्रेजी के टेंसेस, भारत की भौतिक विशेषताएं, पाचन तंत्र, कंप्यूटर, प्रोबेबिलिटी इत्यादि के मॉडल बनाए। यह प्रदर्शनी विज्ञान के अध्यापक तरुण चंदेल व ईशु ईशान ठाकुर की देखरेख में संपन्न हुई। प्रधानाचार्य अरुण ठाकुर ने विद्यार्थियों को बधाई दी। चेयरमैन रजत चौहान ने सभी अध्यापकों और छात्रों को बधाई दी है।

### नागरिक जिम्मेदारियों को समझें और निभाएं : हरबंस



**अनंत ज्ञान, शिमला।** राजकीय महाविद्यालय नेरवा में केंद्रीय छात्र परिषद के शपथ समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरबंस लाल शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। प्राचार्य ने एमए इंग्लिश की छात्रा प्रिया को अध्यक्ष, बीएससी थर्ड ईयर के छात्र पारस को उपाध्यक्ष, अंजली बी कॉम प्रथम वर्ष को सचिव तथा साक्षी को संयुक्त सचिव के पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। कक्षा प्रतिनिधि के रूप में जागृति, शिवानी, कुमारी परीक्षा, भागवती, साहिल कुमार, अंजली मनोज कुमार, मीनाक्षी, युवराज कराल्टा को उनके पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। प्राचार्य ने कहा कि वे अपनी शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक और नागरिक जिम्मेदारियों को भी समझें और निभाएं। समारोह में महाविद्यालय के उप प्राचार्य प्रो. बलवीर सागर सहित अन्य सभी शिक्षकों सहित लगभग 150 छात्रों ने भाग लिया।

### खिलाड़ियों के हकों को छीना जा रहा : रामलाल



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामलाल ठाकुर ने शनिवार को बिलासपुर के परिधि गृह में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रदेश के स्पोर्ट्स सेंटरों से निकले खिलाड़ियों ने कई राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। लेकिन, वर्तमान में खिलाड़ियों के हकों को छीना जा रहा है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में नॉर्थ जोन एथलेटिक्स प्रतियोगिता की मेजबानी करने का मौका मिला था, लेकिन खेल विभाग के अधिकारियों की मनमानी के कारण यह प्रतियोगिता यहां से दिल्ली चली गई। जब वह प्रदेश के पहले खेल मंत्री थे, तो उस समय बिलासपुर को खेल हब के तौर पर विकसित करने के साथ साथ प्रदेश भर में स्पोर्ट्स होस्टल, साई होस्टल खोले। आज किसी आयोजन के लिए खेल एसोसिएशन जब खेल विभाग से परमिशन मांगती है तो खेल विभाग की ओर से जवाब दिया गया कि खेल विभाग के उपकरण इस प्रतियोगिता के आयोजन के लिए प्रयोग करने पर किराये की अदायगी करनी होगी। खेल विभाग की यह मनमानी सही नहीं है। खेल विभाग की मनमानी से चलते प्रदेश के हाथ से यह प्रतियोगिता चली गई।

### जेपी नड्डा केवल भाषण देकर चले गए : बंबर



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा बिलासपुरवासियों को केवल भाषण देकर चले गए, जबकि लोगों को उनके दौरे से बहुत सी आशाएं थीं। नड्डा का चुनौतदी दी कि वह उनके विरुद्ध सदर से चुनाव लड़कर देखें पता चल जाएगा कि उनका राजनीति में कितना कद है। परिधि गृह बिलासपुर में आयोजित प्रेसवार्ता में पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने कहा कि नड्डा कह रहे थे कि कडछी-बाटी तो उनके पास है, लेकिन पतल में छेद है। सवाल किया कि आपने धुली दाल और मिड्डा किसको दिया।उन्होंने कहा कि आज दिन तक न तो बैरी-दड़ोला पुल बना और न ही 1400 करोड़ रुपए का मंदिरों को पुनर्स्थापित करने की योजना सिरे नहीं चढ़ी है। हालांकि चुनावों के समय इसके पंपलेट लोगों के घरों में जरूर बांटे थे।उन्होंने कहा कि भटोली से भटेड़ के लिए डिस्ट्रिक्ट माइनिंग फंड से पुल बनाया जा रहा था। जिसका काम सदर के मौजूदा विधायक ने रुकवा दिया। नड्डा ने चिट्टा का जिक्र अपने अभिनंदन समारोह में किया।, लेकिन केंद्र सरकार ने इसे रोकने के लिए सख्त कानून नहीं बनाया, जबकि उन्होंने चिट्टा को एनडीपीएस एक्ट से बाहर करके इसके विरुद्ध सख्त कानून बनाए जाने की मांग की थी।

### नड्डा पर दिया बंबर का बयान निंदनीय : कटवाल



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** झंडूता विधायक जेआर कटवाल ने कहा कि कांग्रेस के नेता बंबर ठाकुर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के बारे में बेबुनियाद बयानबाजी कर रहे हैं। यह बयान निंदनीय है। उन्होंने कहा कि बंबर को शायद अपने तथ्य ठीक कर बयान देने चाहिए, केवल मात्र जनता को गुमराह करने के लिए झूठ नहीं बोलना चाहिए। जेपी नड्डा ने एक कार्यकर्ता के रूप में अपना राजनीतिक सफर शुरू किया था और आज वह विभिन्न पदों पर कार्य कर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं। कांग्रेस के महासचिव को इस बात की परेशानी है कि उनकी और उनकी पार्टी को असलियत जनता के सामने आ रही है। इसी बात से परेशान होकर कांग्रेस के नेता तथ्यहीन बयानबाजी कर रहे हैं। जीतराम कटवाल ने कांग्रेस पार्टी के एक पदाधिकारी का 5600 करोड़ रुपए की ड्रग्स खेप के मामले में गिरफ्तारी पर जमकर आलोचना की। कटवाल ने कहा कि सी फॉर कांग्रेस, सी फॉर करप्ट कांग्रेस और सी फॉर कन्फ्यूज कांग्रेस है, लेकिन अब सी फॉर कोकीन कांग्रेस हो गया है, जो बहुत ही चिंताजनक है।

# नड्डा-अनुराग बताएं, हिमाचल के हक की राशि केंद्र से कब दिलाएंगे : कांग्रेस

## विक्रमादित्य और हर्षवर्धन बोले-भाजपा प्रदेश विरोधी, सरकार के खिलाफ रच रही षड्यंत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश सरकार में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान और खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भाजपा को आड़े हाथ लिया है। दोनों मंत्रियों ने पूछा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और सांसद अनुराग ठाकुर केंद्र सरकार से हिमाचल प्रदेश को उसका हक कब दिलाएंगे।

भाजपा प्रदेश विरोधी है, इसलिए हिमाचल को केंद्र से मिलने वाली राशि को रुकवा रही है। जब से प्रदेश की सुक्खू सरकार ने 1.36 कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन स्कीम का लाभ दिया है, तबसे भाजपा नेता कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री सुक्खू के खिलाफ षड्यंत्र रचने में लगे हुए हैं। भाजपा नेता किस मुंह से कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हैं, जबकि वे खुद हिमाचल के हक का पैसा रुकवाने में लगे हैं। पूर्व भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल के अंतिम छह महीनों में 5000 करोड़ की मुफ्त रेवड़ियां बांटी, जिससे सरकारी खजाने पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ा। भाजपा विधायक दल तो विधानसभा में हिमाचल की आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने के प्रस्ताव का समर्थन करने के बजाय वाकआऊट कर गया। दोनों मंत्रियों ने कहा कि प्रदेश में कर्मचारियों को ओपीएस भी मिल रही है और पात्र महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह भी दिए जा रहे हैं। भाजपा इससे बौखलाकर कांग्रेस सरकार के खिलाफ कभी आर्थिक संकट तो कभी टॉयलेट शुल्क वसूलने की अफवाहें फैला रही है, लेकिन उसके मंसूबे पूरे होने वाले नहीं हैं, चूंकि हिमाचल की जनता शिक्षित व समझदार है। हिमाचल में कोई आर्थिक तंगी नहीं है।



जानकारी देते हुए विक्रमादित्य व हर्षवर्धन।

वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए कई बार कड़े कदम उठाने पड़ते हैं। राज्य सरकार हिमाचल के हितों को लेकर लड़ाई लड़ रही है। भाजपा सरकार में पुलिस भर्ती घोटाला हुआ, जिसकी जांच तक नहीं करवाई गई।

# पर्यावरण को बचाना आज के समय में बेहद जरूरी : अनिरुद्ध



जानकारी के देते हुए अनिरुद्ध सिंह व साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि पर्यावरण को बचाना आज के समय में बेहद जरूरी है। कैबिनेट मंत्री ने ढली के समीप कैचमेंट एरिया से वन्य प्राणी सप्ताह के तहत आयोजित साइकिल जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाने से पूर्व उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने सभी को वन्य प्राणी सप्ताह के विशेष अवसर पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि आज का यह दिन न केवल हमारे पर्यावरण और वन्य जीवों के प्रति जागरूकता फैलाने का है, बल्कि यह हमारे द्वारा की जा रही महत्वपूर्ण पहलों को भी उजागर करता है, जिनमें से यह साइकिल रैली भी एक प्रतीकात्मक कदम है। आज की यह साइकिल रैली केवल एक शुरुआत है। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि इस प्रकार की गतिविधियों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक-सह-मुख्य वन्यजीव वार्डन अमिताभ गौतम ने कहा कि वन विभाग द्वारा 2 से 8 अक्तूबर तक वन प्राणी सप्ताह मनाया जा रहा है जिसके तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है जिसका थीम है मानव, वन्यजीव सहअस्तित्व।

## गनेवग-नेहरा से 'मंत्री आपके द्वार' कार्यक्रम शुरू

**अनंत ज्ञान, शिमला**



लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत गनेवग-नेहरा में मंत्री आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पंचायत क्षेत्र के लोगों की छोटी-छोटी व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याएं होती हैं, जिनके निपटारे एवं इलाके के विकास कार्यों को गति देने के लिए मंत्री आपके द्वार कार्यक्रम आरंभ किया गया है, जिसमें ग्रामीण विकास कार्यों से संबंधित समस्याएं रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की सभी 58 पंचायतों में रखे जाएंगे ताकि उन पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों की समस्याओं का निदान किया जा सके। उन्होंने गनेवग-नेहरा पंचायत की प्रधान की सराहना करते हुए कहा कि इस पंचायत के विकास कार्यों के लिए पिछले डेढ़ साल के भीतर 28 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।

भूखोघाट बाया हरिचोटी संपर्क सड़क को विधायक प्राथमिकता से बनाया जाएगा, जिसकी आवश्यकता अनुसार प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है।

## आपदा के प्रति जागरूकता में छात्रों की भूमिका अहम : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान, शिमला**

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आपदा जोखिम न्यूनीकरण समर्थ के 14 वें संस्करण के तहत आज यहां बचत भवन में सुरक्षित निर्माण मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

उपायुक्त ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मॉडल प्रतियोगिता में हर बच्चे का मॉडल बेहतरीन रहा। बच्चों को आपदा के विषयों में मूलभूत ज्ञान पर अच्छी पकड़ है। इससे साबित होता है कि बच्चे आपदा को लेकर काफी जागरूक हो रहे है।

एडीएम प्रोटोकॉल ज्योति राणा ने कहा कि मॉडल प्रतियोगिता में विजेता रहने वाले प्रतिभागी 7 अक्तूबर को विज्ञान संग्रहालय शोघी में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

## राजेश शर्मा ने एफएलएन असेस्मेंट के दिए निर्देश

**शिमला।** समग्र शिक्षा प्रदेश के सरकारी स्कूलों के पहली व दूसरी कक्षा के बच्चों का बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान एफएलएन असेसमेंट करेगा। पहली और दूसरी कक्षा के बच्चों का यह असेसमेंट 7 और 8 अक्तूबर को किया जाएगा। असेसमेंट को लेकर एक ऑनलाइन वर्कशाप का आयोजन शनिवार को किया गया, जिसको समग्र शिक्षा निदेशक राजेश शर्मा ने संबोधित किया। राजेश ने असेसमेंट सर्वे पर जरूरी निर्देश दिए।

## आईटीआई सुन्नी में मिस फ्रेशर बनी शालिनी व मिस्टर आकाश

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुन्नी व स्टेट ऑफ द आर्ट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुन्नी के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया।

संस्थान के समुह अनुदेशक राजेंद्र मेहता बतौर मुख्यातिथि रहे। संस्थान के द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों ने प्रथम वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों के लिए विभिन कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें मिस फ्रेशर शालिनी व्यवसाय फैशन डिजाइन टेक्नोलॉजी व मिस्टर फ्रेशर आकाश आईटी ट्रेड चुने गए। स्टाफ मेंबर ने पीपीटी के माध्यम से गतिविधियों के बारे में अवगत करवाया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक टीडी शर्मा, हितेंद्र शर्मा और निर्णायक मंडल में नैना शर्मा, मंजू देवी और कुमारी समृति रहे। समारोह में कैलाश चन्द, गोवर्धन सिंह, प्रदीप वर्मा व अन्य सभी कर्मचारी वर्ग उपस्थित रहे।(अनंत ज्ञान)

## 31 से पहले करवाएं मीटर की केवाईसी

**चौपाल/नेरवा।** बिजली बोर्ड द्वारा घरेलु विद्युत् उपभोक्ताओं को आधार कार्ड से जोड़ने हेतु केवाईसी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सहायक अभियंता,विद्युत् उपमंडल नेरवा अरविन्द धीमान ने बताया कि विद्युत उपमंडल नेरवा के अंतर्गत प्रक्रिया एक अक्तूबर से शुरू कर दी गई है तथा इसकी अंतिम तिथि 31 अक्तूबर है। निर्धारित तिथि से पहले अपना आधार कार्ड व फोन नंबर आदि दस्तावेज उपलब्ध करवा कर होनी केवाईसी करवा लें।

## केंद्रीय छात्र संघ की अध्यक्ष बनी मुस्कान

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**



शपथ ग्रहण करने के उपरांत नवनियुक्त पदाधिकारी व अन्य।

राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में केंद्रीय छात्र संघ शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन सीएससीए समिति द्वारा किया गया। शपथ ग्रहण समारोह के मुख्यातिथि राजकीय महाविद्यालय सुन्नी के प्राचार्य रामलाल शर्मा रहे। इस दौरान मुख्यातिथि ने अध्यक्ष पद के लिए मुस्कान, उपाध्यक्ष पद के लिए जितेंद्रा, महासचिव पद के लिए सुरभि तथा सह सचिव पद के लिए अजय चौहान को शपथ दिलाई तथा सभी पदाधिकारियों को कोट एवं बैज से सम्मानित किया।

मुख्यतिथि द्वारा बीए बीकॉम, बीएससी तथा बीसीए के कक्षा प्रतिनिधियों माधुरी, सोनिया, विजय कुमार, राजीव, कुनाल, आंचल शर्मा, आस्था चौहान, हिमानी, हिमानी ठाकुर, तथा सलोनी को शपथ दिलाई। समारोह में सहायक प्रो. सुनील आचार्य द्वारा महाविद्यालय के विविध क्लब एवं समितियां से मनोनीत सदस्य यतिन शर्मा लीजा कंवर, स्नेहा, सूर्य प्रकाश, मुकुल शर्मा, हिमांशु, ज्योतिका, लुकेश, पूनम शर्मा, कुसुम लता, शबनम, दीपांश और तनीषा शर्मा को सदस्य के रूप में शपथ दिलाई।

# धर्माणी ने बरोट में किया सब डिपो का शुभारंभ

## मंत्री ने कहा, 250 राशन कार्ड धारक परिवारों के 1100 सदस्यों को मिलेगा सस्ता राशन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



नगर निगम योजना ,आवास और तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्मानी ने घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के दी छत कृषि सेवा सहकारी सभा समिति भेड़ाघाट में सब डिपो बरोट का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों को सस्ता राशन लेने के लिए दूर नहीं जाना पडेगा, राशन डिपो के खुलने से लोगों को घर के नजदीक राशन लेने की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि काफी लंबे समय से क्षेत्र के लोगों की मांग चल रही थी कि बरोट में राशन का डिपो खोला जाए।उन्होंने बताया कि बरोट में सस्ते राशन का डिपो खुलने से क्षेत्र की चार पंचायत के लोगों को लाभ मिलेगा। लगभग 250 राशन कार्ड धारकों के अंतर्गत 1100 जनता को राशन की सुविधा अपने घर के निकटतम प्राप्त हो सकेगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिला बिलासपुर की हर पंचायत में उचित मूल्य की दुकान खोली गई है। जिला में कुल 116649 राशन कार्ड धारकों के अंतर्गत 427685 लोगों को 253 उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से सस्ता राशन वितरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से लोगों को सीधे तौर पर सरकार द्वारा सब्सिडी के आधार पर खाद्यान्न पदार्थ प्रदान किया जा रहे हैं। जिस पर सरकार द्वारा करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, ताकि लोगों को कम दरों पर राशन उपलब्ध करवाया जा सके। उन्होंने संचालकों से कहा कि उचित मूल्य की दुकानों का संचालन बेहतर तरीके से करें ,ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसका लाभ मिल सके।

उन्होंने कहा कि सहकारिता के माध्यम से हम बड़े से बड़े कार्यों को कर सकते हैं। वर्तमान में सहकारिता का दायरा काफी बढ़ गया है। सरकारी समितियां के माध्यम से लोगों को वित्तीय सेवाएं भी प्रदान की जाती हैं। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियां लोगों के सहयोग से ही चलती हैं, लोगों का विश्वास सहकारी समितियां पर बना रहे इसके लिए समितियां में कार्य करने वाले लोग ईमानदारी, सच्चाई व पारदर्शिता के साथ कार्य करें।

## दयोथ में पशु चिकित्सा अधिकारी ने किया गाय का सफल ऑपरेशन

**शुभम राही, बिलासपुर**



डॉ. रामस्वरूप

बिलासपुर जिला के दयोथ क्षेत्र में तैनात पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामस्वरूप ने गाय की बड़ी आंत का सफल ऑपरेशन किया। यह ऑपरेशन काफी देर तक चला। चिकित्सक का मानना है कि इस तरह के मामले प्रदेश में बहुत कम आते हैं। उन्होंने अपने 14 साल के करियर में पहली बार इस तरह का ऑपरेशन किया है।

डॉ. रामस्वरूप ने बताया कि दयोथ के तहत लुहारडा गांव के निवासी कुलदीप सिंह की गाय काफी समय से बीमार चल रही थी और वह जब अपनी गाय का इलाज करवाने के लिए उनके पास आए तो जांच में पता चला कि गाय की बड़ी आंत में बीमारी है। गाय की हालत बहुत खराब हो चुकी थी। ऐसे में चिकित्सक की ओर से सारी जांच की गई और बड़ी आंत की बीमारी सामने आई। चिकित्सक ने तुरंत प्रभाव से गाय का ऑपरेशन किया और वह ऑपरेशन सफल हुआ। चिकित्सक का मानना है कि इस तरह की बीमारी से पशु के बचने के चांस कम हो जाते हैं। हालांकि उनकी टीम के सफल प्रयासों से आज गाय बिलकुल स्वस्थ हैं। उन्होंने बताया कि वह प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं, लेकिन इस तरह का मामला पहला सामने आया है। (अनंत ज्ञान)

## सफाई कर्मी की बेटी 'किसमें कितना है दम' की फर्स्ट रनरअप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



किसी काम या शौक के प्रति जुनून और लगन हों तो कोई भी बाधा आड़े नहीं आती। बिलासपुर शहर में एक सफाई कर्मी की बेटी ने इसे साबित कर दिखाया है। उसने पंजाब के संगरूर में आयोजित मल्टी टेलेंट रियल्टी शो किसमें कितना है दम के ग्रैंड फिनाले में यह होनहार बेटी डांस कंपटीशन की फर्स्ट रनरअप रही। सीनियर सेकेंडरी गर्ल्स स्कूल बिलासपुर में आठवीं कक्षा में पढ़ने वाली होनहार छात्रा आंचल को शनिवार को वाइस प्रिंसिपल राकेश भारद्वाज ने सम्मानित किया। अहम बात यह है कि उसने कहीं भी डांस की कोचिंग नहीं ली। हालांकि वह विजेता बनने से चूक गई, लेकिन अपनी परफॉर्मेंस से उसने फर्स्ट रनरअप का खिताब अपने नाम कर लिया।

## 3 नवरात्रों में नयना देवी में चढ़ा 21.29 लाख का चढ़ावा

**मुकेश गौतम, श्री नयना देवी**



हिमाचल प्रदेश के विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी में नवरात्र मेलों के दौरान श्रद्धालुओं के पहुंचने का क्रम जारी है। अब तक तीन नवरात्रों में मंदिर न्यास को चढ़ावे के रूप में 21 लाख 29 हजार 792 नकद, सोना 28 ग्राम 200 मिली ग्राम चांदी 3 किलो 204 ग्राम और विदेशी मुद्रा के रूप में 2 डॉलर यूएसए, 10 दीराम यूएई, 160 डॉलर आस्ट्रेलिया, 70 डॉलर कनाडा प्रात हुए। यह जानकारी मंदिर अधिकारी विपिन ठाकुर ने पत्रकारों को दी। जहां पर ज्यादातर श्रद्धालु हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, यूपी, बिहार और अन्य प्रदेशों से माता के दर्शन करके अपने घर परिवार के लिए सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। श्री नयना देवी जी मंदिर में शारदीय नवरात्रों में तीसरे नवरात्र पर माता चंद्रघंटा स्वरूप की पूजा-अर्चना की गई है। हालांकि तीसरे नवरात्र के दिन श्रद्धालुओं की संख्या अपेक्षाकृत कम रही। मंदिर पुजारी दीपक भूषण ने बताया कि प्रशासन के बेहतर इंतजामों के चलते श्रद्धालुओं को सुविधाजनक दर्शन करवाए जा रहा हैं। (अनंत ज्ञान)

# घुमारवीं अस्पताल का कर्मचारी ही ले उड़ा हॉस्पिटल में लगा कंप्यूटर

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

सिविल अस्पताल घुमारवीं में वीरवार रात एक अजीबो गरीब घटना सामने आई है, जिसमें अस्पताल का ही एक कर्मचारी अस्पताल में लगे नए कंप्यूटर को उठाकर चलता बना और उसके बदले वहां पर पुराना कंप्यूटर रख दिया। हालांकि मामला रात को ही सुलझाने की कोशिश की गई, लेकिन सुबह यह घटना पूरे शहर में एक चर्चा का विषय बन गई है।

पुलिस के अनुसार उन्हें इस बात की जानकारी दी गई कि अस्पताल का ही एक कर्मचारी वीरवार रात अस्पताल पहुंचा जहां उसने रात को ड्यूटी कर रहे सुरक्षाकर्मी से कमरे की चाबी ली। इसके बाद उसने अस्पताल भवन के अंदर जाकर उस कमरे का ताला खोला, जिसमें कंप्यूटर रखे हुए थे। इसके बाद उसने वहां पर लगे एक कंप्यूटर को उठाया तथा उसकी जगह पुराना कंप्यूटर रख दिया। हालांकि इस बात की भनक कुछ देर में ही सुरक्षा कर्मचारियों को लग गई। सुरक्षाकर्मी द्वारा इस घटना की जानकारी अधिकारियों को दी, जिसके बाद अस्पताल प्रशासन द्वारा उक्त कर्मचारी को फोन कर उसे इस बात की जानकारी मांगी गई। इसके बाद उक्त कर्मचारी ने रात को ही अस्पताल के कमरे से उठाया कंप्यूटर दोबारा से वहां रख दिया तथा पुराने कंप्यूटर को वहां से ले गया। वहीं, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रवीण चौधरी ने बताया कि उन्हें भी इस बात की जानकारी खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा मिली है। अस्पताल प्रशासन की ओर से पुलिस थाना घुमारवीं में शिकायत दर्ज करवाई दी गई है। डीएसपी घुमारवीं चंद्रपाल सिंह ने मामले की पुष्टि की है।

**संस्कृति**

### घुमारवीं में रामलीला के दूसरे दिन श्री राम जन्म सहित रामायण के कई दृश्यों का मंचन

# राजा दशरथ के शब्द भेदी बाण ने हरे श्रवण के प्राण

**अनंत ज्ञान,घुमारवीं**



घुमारवीं के पुराना बस स्टैंड नगर परिषद प्रांगण में आदर्श राम नाटक समिति के बैनर तले चल रही श्री रामलीला के दूसरे दिन श्री राम जन्म, मातृ-पितृ भक्त श्रवण कुमार, मिथिला नरेश जनक का दरबार आदि दृष्य दिखाए गए। इस संध्या में महेंद्र पाल रतनवान पूर्व चेयरमैन दी बिलासपुर जिला सहकारी विपणन एवड्ड उपभोक्ता संघ और वर्तमान में डायरेक्टर सहकारी विपणन एवं उपभोक्ता संघ जिला बिलासपुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। आयोजन समिति द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया।

मातृ पितृ भक्त श्रवण कुमार के दृश्य को देखने के लिए खूब जनसैलाब उमड़ा। अयोध्या में हिंसक पशुओं के आतंक से प्रजा को निजात दिलाने के लिए राजा दशरथ जब शिकार करने के लिए निकलते हैं तो वे किसी की कराहट की आवाज से दशरथ शब्दभेदी बाण चलाते हैं, जो श्रवण के लगता है।

श्रवण अपने माता पिता की प्यास बुझाने के लिए पानी लाने के लिए सरयु नदी के पास गए थे। शब्दभेदी बाण से श्रवण काल का ग्रास बनते हैं। पानी लेकर जब राजा दशरथ सारा वृतांत श्रवण के पिता शांतनु और माता ज्ञानवती को सुनाते हैं तो वे दशरथ को पुत्र वियोग में प्राण त्यागने काश्राप देते हैं। श्राप को सहर्ष स्वीकार कर दशरथ वापस लौट आते हैं। श्रवण का किरदार निभा रहे आशीष वर्धन ने पूरा न्याय किया।

इसके बाद राजा दशरथ द्वारा पुत्रेष्टि यज्ञ करवाना, श्री राम जन्म और राजा जनक का दरबार,राजा जनक द्वारा स्वर्ण हल चलाना और सीता जन्म दृश्य प्रमुखता से प्रस्तुत किए गए। समिति के प्रधान संजय शर्मा ने बताया कि इस संध्या का आनंद लेने के लिए दूर-दूर से लोग घुमारवीं पहुंचे थे।

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



पहली जीत के लिए उतरेंगी बेटियां

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 6 अक्तूबर 2024 | 21 अश्विन, विक्रमी संवत 2081 | follow us on: | 8894521702

## चतुर्थ मां कूष्माण्डा



**चौथे** नवरात्र पर मां कूष्माण्डा की पूजा की जाती है। देवी कूष्माण्डा आदिशक्ति का वह स्वरूप है, जिनकी मंद मुस्कान से इस सृष्टि ने सांस लेना आरंभ किया यानी इस सृष्टि का आरंभ किया। देवी कूष्माण्डा का निवास स्थान सूर्यमंडल के बीच में माना जाता है। जो मां कूष्माण्या का ध्यान करते हुए पूजन करते हैं, उनके लिए इस संसार में कुछ भी दुर्लभ नहीं रह जाता है। माता अपने भक्त की हर चाहत को पूरी करती हैं और भोग एवं मोक्ष प्रदान करती हैं।

या देवी सर्वभूतेषु मां
कूष्माण्डा रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै-नमस्तस्यै-नमस्तस्यै
नमो नमः॥





रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाता प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां बज्रेश्वरी देवी का ऐतिहासिक मंदिर

# अनंत 'शिखर सम्मान' समारोह ऊना में आज

### मुख्यातिथि डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री करेंगे प्रतिष्ठित हस्तियों को सम्मानित

**राजेश शर्मा, ऊना**

**हिमाचल** प्रदेश के तेजी से उभरते दैनिक 'अनंत ज्ञान' समाचार पत्र का पहला शिखर सम्मान समारोह ऊना में 6 अक्तूबर रविवार को आयोजित होगा।

समारोह के मुख्यातिथि डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री कला, संस्कृति, साहित्य, समाजसेवी, स्वयं सहायता समूह, एनजीओ, उद्यमी एवं खेलों के क्षेत्र में सर्वोच्च स्थान हासिल करने वाली 30 से ज्यादा हस्तियों को सम्मानित करेंगे। समारोह गुरुजी एस्टेट, रक्कड़ कॉलोनी (ऊना) के शुकराना रिजॉर्ट में होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11.00 बजे से होगा। आयोजन के लीड स्पांसर्स वेम्बली पेंट्स एंड कैमिकल्स हैं। इसके अलावा बेस्ट कैब्स, लूण सॉल्ट, धाकड़ फाउंडेशन, अरनी यूनिवर्सिटी काठगढ़, श्री साई यूनिवर्सिटी पालमपुर, योगिता एग्रो सर्विस चंबा, मदर क्राफ्ट हॉस्पिटल घुरकड़ी (कांगड़ा), लॉरेट इंस्टीट्यट ऑफ फार्मेसी कथोग (ज्वालामुखी), भूषण ज्वेलर्स सोलन, हिम अकादमी हमीरपुर, भारद्वाज मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल पालमपुर, लॉरेल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांधीनगर (कुल्लू), सत्यम कॉलेज ऑफ नर्सिंग लंजोत (शाहपुर), पंचशील हॉस्पिटल नगरोटा बगवां, शांति निकेतन कॉलेज ऑफ एजुकेशन हमीरपुर, शिवांबू इंटरनेशनल गगरेट (ऊना), इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी हरोली (ऊना), कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल, कौशल रोलर फ्लोर मिल टाहलीवाल (ऊना), ललित एंड ब्रदर्स सरकाघाट (मंडी), रत्न ज्वेलर्स भवारना (पालमपुर), जेपी आचार्य सगूर (बैजनाथ), एमएस कतना ट्रेडर्स नादौन, न्यू गुरुकुल हमीरपुर, बुड्ढा मल एंड संस ज्वेलर्स पालमपुर, न्यू नंदा ज्वेलर्स पालमपुर और एसएम आई हास्पिटल घुरकड़ी (कांगड़ा) भी अनंत ज्ञान के शिखर सम्मान समारोह के प्रायोजक हैं। (अनंत ज्ञान)





## सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित



**नई दिल्ली।** दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोपी दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट ने अक्तूबर को जमानत याचिका पर फैसला सुनाने का आदेश दिया है। शनिवार को सत्येंद्र जैन की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया।

# संजौली मस्जिद की तोड़ी जाएंगी तीन अवैध मंजिलें

### नगर निगम आयुक्त कोर्ट ने दिए मस्जिद कमेटी को अपने खर्चे पर तोड़ने के आदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**शिमला** की संजौली मस्जिद में हुए अवैध निर्माण को लेकर शनिवार को नगर निगम शिमला के आयुक्त कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने पांच मंजिला मस्जिद की ऊपरी तीन अवैध मंजिलों को दो माह के भीतर गिराने के आदेश दिए हैं। आदेश में कहा कि मस्जिद कमेटी अपने खर्चे पर इन अवैध मंजिलों को गिराएगी।

मस्जिद कमेटी ने 12 सितंबर को एक एप्लिकेशन नगर निगम आयुक्त कोर्ट को दी थी, जिसमें ऊपर की 3 मंजिलें गिराने का प्रस्ताव था। इसी अंडरटेकिंग के आधार पर निगम आयुक्त भूपेंद्र अत्रि ने फाइनल ऑर्डर से पहले अंतरिम आदेश जारी किए। अब इस मामले में अगली सुनवाई 21 दिसंबर को होगी। गौर रहे कि संजौली के स्थानीय लोगों ने पिछली सुनवाई में आयुक्त कोर्ट में इस मामले में पार्टी बनाए जाने को लेकर आवेदन किया था। लोगों ने कहा था यह मामला पिछले 15 साल से नगर निगम कोर्ट में लटक रहा है। स्थानीय लोग इस मामले में पार्टी बनाकर कुछ जरूरी तथ्य देना चाहते हैं, जिससे इस मामले पर फैसला लेना आसान होगा। नगर निगम आयुक्त कोर्ट में सुनवाई के दौरान करीब डेढ़ घंटे तक स्थानीय लोगों की ओर से पेश हुए अधिवक्ता ने अपना पक्ष रखा। वहीं, वक्फ बोर्ड की ओर से स्थानीय लोगों को इस मामले में पार्टी बनाए जाने का विरोध किया गया। नगर निगम ने भी अपना पक्ष रखा और इस मामले में संजौली के लोगों को तीसरी पार्टी के तौर पर शामिल नहीं करने का पक्ष रखा।

नगर निगम के कनिष्ठ अभियंता ने कोर्ट में जो स्टेटस रिपोर्ट दी है, उस पर भी वक्फ बोर्ड और मस्जिद कमेटी से सवाल-जवाब हुए। बता दें कि 7 सितंबर को हुई सुनवाई में वक्फ बोर्ड ने मस्जिद के भीतर हुए अवैध निर्माण को लेकर नगर निगम के अभियंता से रिपोर्ट मांगी थी। निगम उन्हें बताए कि कितना अवैध निर्माण हुआ है। इस पर आयुक्त ने कनिष्ठ अभियंता को ताजा रिपोर्ट देने के निर्देश दिए थे। अब इस मामले पर फैसला आया है। आयुक्त कोर्ट की सुनवाई से पहले मस्जिद कमेटी ने खुद नगर निगम को एक लिखित आवेदन दिया था कि यदि आयुक्त कोर्ट से मस्जिद में हुए अवैध निर्माण को गिराने के आदेश जारी होते हैं, तो कमेटी खुद अवैध निर्माण गिराने को तैयार है।



### मंजूर हैं कोर्ट के आदेश : लतीफ

**कमेटी** के अध्यक्ष मोहम्मद लतीफ का कहना है कि अभी उन्हें आदेशों का इंतजार है। कोर्ट से जो आदेश आए हैं, उन्हें मंजूर हैं। उन्होंने कहा कि कमेटी या वक्फ बोर्ड इन आदेशों को चुनौती नहीं देंगे। पैसा जुटाकर अब अवैध मंजिलों को तोड़ा जाएगा। मस्जिद के अन्य हिस्सों को लेकर 21 दिसंबर को होने वाली आगामी सुनवाई में फैसला लिया जाएगा।

### लड़ाई के बाद शुरू हुआ था मस्जिद विवाद

**मस्जिद** विवाद एक लड़ाई की वजह से शुरू हुआ। शिमला के मल्याणा इलाके में एक हिंदू व्यक्ति के साथ करीब छह लोगों ने मारपीट की थी और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस मारपीट को लेकर उक्त व्यक्ति ने थाने में केस दर्ज कराया और बताया कि मारपीट के बाद सभी आरोपी मस्जिद में छिप गए। जब हिंदू संगठनों को इसका पता चला तो उन्होंने संजौली मस्जिद के खिलाफ प्रदर्शन करना शुरू कर दिया और मस्जिद को अवैध बताकर इसे गिराने की मांग उठाई।

# सरकार ने 8,883 पात्र श्रमिकों को वितरित किए 32.32 करोड़ : सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड (एचपीबीओसीडब्ल्यू) के माध्यम से पंजीकृत पात्र 8,883 कामगारों को 32.32 करोड़ रुपए की राशि वितरित की है।

उन्होंने कहा कि बोर्ड के 3,514 पात्र श्रमिकों को बच्चों की शिक्षा के लिए 10.59 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। इसके अलावा विवाह सहायता राशि के रूप में 2,543, कामगारों को 12.97 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। मातृत्व एवं पितृत्व लाभ योजना के तहत 537 श्रमिकों को 1.71 करोड़ रुपए की राशि वितरित की है। सीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से 248 पात्र श्रमिकों को 35.85 लाख रुपए की चिकित्सा सहायता राशि, जबकि 1,000 रुपए मासिक पेंशन योजना के तहत 85.13 लाख रुपए की सहायता राशि दी गई है। इन सभी योजनाओं पर प्रदेश सरकार की ओर से 32.32 करोड़ रुपए वितरित किए गए हैं। सीएम सुक्खू ने कहा कि बोर्ड के माध्यम से पहली दो बेटियों के जन्म पर श्रमिकों को 51 हजार रुपए की वित्तीय सहायता दी जाती है। उन्होंने कहा कि यदि पुरुष व महिला ने सरकार की किसी परियोजना या पंचायत के निर्माण कार्य, निजी निर्माण कार्य और मनरेगा कार्य में 90 दिन काम किया है, वे बोर्ड के तहत पंजीकरण के लिए पात्र होंगे। पंजीकरण के बाद पात्र श्रमिक सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे।

**श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा के लिए प्रदान की 10.59 करोड़ की वित्तीय सहायता**

### श्रमिकों के कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध

**सीएम** सुक्खू ने कहा कि अगस्त 2024 तक प्रदेश में 10,182 नए श्रमिकों को बोर्ड के तहत पंजीकृत किया गया है। प्रदेश सरकार श्रमिकों के विभिन्न मुद्दों का समाधान करने और उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। वर्तमान में एचपीबीओसीडब्ल्यू के तहत श्रमिकों के उत्थान के लिए सरकार की ओर से 13 कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं, जिसके अंतर्गत लाभार्थियों को उनके बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से धनराशि दी जा रही है।

## वडोदरा व राजकोट एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**वडोदरा।** वडोदरा और राजकोट एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी सीआईएसएफ, वडोदरा और राजकोट एयरपोर्ट के अधिकारियों को ई-मेल से मिली। एयरपोर्ट में बम की धमकी के बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया। एयरपोर्ट परिसर की गहन तलाशी के बाद धमकी भरा मेल फर्जी निकला है। एसीपी वडोदरा जीबी बंभानिया ने बताया कि सभी विभागों को अलर्ट कर दिया है। एयरपोर्ट के अंदरूनी और बाहरी इलाकों की डॉग स्क्वाड से गहन जांच की गई। पुलिस कमिश्नर ने मामले को आगे की जांच के लिए साइबर क्राइम टीम को सौंप दिया है।

## मानहानि मामले में राहुल गांधी को समन



**पुणे।** पुणे की एक विशेष अदालत ने विनायक दामोदर सावरकर के पोते की ओर से दायर आपराधिक मानहानि मामले में राहुल गांधी को समन जारी कर तलब किया है। राहुल पर सावरकर के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है। कोर्ट ने राहुल को 23 अक्तूबर को पेश होने को कहा है।

## एनआईए ने 5 राज्यों के 22 ठिकानों पर मारी रेड

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**एनआईए** ने शनिवार को आतंकी साजिश और टेरर फंडिंग मामले में महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, असम और दिल्ली के 22 ठिकानों पर रेड डाली है।

एनआईए ने यह कार्रवाई आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े मामलों को लेकर की है। दिल्ली के मुस्तफाबाद में छापेमारी की, जहां कुछ संदिग्ध सामान मिला है। एनआईए ने संदिग्धों को नोटिस दिया है। वहीं, जम्मू-कश्मीर में बारामूला और अन्य क्षेत्रों में भी एजेंसी ने रेड डाली। बारामूला में मौलवी इकबाल भट्ट के घर पर छापा मारा गया, यहां एनआईए ने सुरक्षा बलों की मदद से तलाशी की। वहीं, सहारनपुर के देवबंद में छापेमारी कर बिहार के एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया है।

**आतंकी साजिश और टेरर फंडिंग से जुड़ा मामला**

### हरियाणा में विधानसभा की 90 सीटों पर मतदान

## यमुनानगर में सबसे ज्यादा 67.93 प्रतिशत वोटिंग

**एजेंसी, हरियाणा**



**हरियाणा** में विधानसभा की 90 सीटों पर शनिवार को मतदान हुआ। शाम 5 बजे तक 61 फीसदी मतदान हुआ है। यमुनानगर में सबसे ज्यादा 67.93 फीसदी मतदान हुआ। पलवल में 67.69 और फतेहाबाद में 67.05 प्रतिशत वोटिंग हुई।

सबसे कम वोटिंग 49.97 प्रतिशत गुरुग्राम में हुई। रिजल्ट 8 अक्तूबर को आएगा। नूंह में वोटिंग के दौरान 3 जगह बवाल हुआ। कांग्रेस, इनेलो-बसपा और निर्दलीय उम्मीदवारों के समर्थकों के बीच पथराव हुआ। पथराव होने से 2 लोग घायल हुए हैं। बवाल को देखते हुए चंदेनी, ख्वाजा कलां और गुलालता में पुलिस बल की तैनाती की गई। वहीं, जींद के जुलाना से कांग्रेस कैंडिडेट विनेश फोगाट ने बूथ कैप्चरिंग के आरोप नकार दिए हैं।

## कुपवाड़ा में घुसपैठ की कोशिश, 2 आतंकी ढेर

### भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद

**अशोक ठाकुर, श्रीनगर**



**जम्मू**-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के गुगलधार में लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) पर सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया।

सेना के जवानों ने दो आतंकियों को मार गिराया है। भारतीय सेना की चिनार कॉर्प्स ने बताया कि शुक्रवार को सेना और पुलिस जवानों ने संदिग्ध एक्टिविटी दिखी। इसके बाद ज्वॉइंट आपरेशन शुरू किया गया। इस दौरान आतंकियों ने फायरिंग कर दी। सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई में दो आतंकी मारे गए। आतंकियों के पास से बड़ी संख्या में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

▶▶ घुमारवीं अस्पताल का कर्मचारी ही ले उड़ा हॉस्पिटल में लगा कंप्यूटर -पेज 2
▶▶ जेबीटी के 21 पदों के लिए वार्ड ऑफ एक्स सर्विसमैन की काउंसिलिंग 28 से -पेज 5
▶▶ वोल्वो बस सेवा क्यों हो रही रोज-रोज ब्रेकडाउन -पेज 6
▶▶ राहुल ने कोल्हापुर में शिवाजी की प्रतिमा का किया अनावरण -पेज 13
▶▶ मुंबई ने 27 साल बाद 15वां ईरानी कप जीता -पेज 14

# मोदी ने 18वीं किस्त में किसानों के खाते में डाले 20,000 करोड़

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पीएम किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी की। इस बार पीएम मोदी ने महाराष्ट्र के वाशिम से 9.4 करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में 2-2 हजार रुपए की किस्त भेजी है।

18वीं किस्त के रूप में कुल 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि ट्रांसफर की गई है। इस कार्यक्रम में करीब 2.5 करोड़ किसान वेबकास्ट के माध्यम से जुड़े थे। इस किस्त के साथ ही अब तक इस योजना के तहत किसानों को करीब 3.45 लाख करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं।

वहीं, प्रधानमंत्री ने 'नमो शेतकारी महासम्मान निधि योजना' की पांचवीं किस्त भी जारी की। पीएम मोदी ने कहा कि नवरात्र के इस पावन अवसर पर मुझे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी करने का अवसर मिला है। वहीं, इस योजना के तहत महाराष्ट्र के 91.5 लाख किसानों को 2000 करोड़ रुपए से ज्यादा का सीधा लाभ मिला है। इस योजना के तहत सरकार अब तक 17 किस्तों में किसानों के खाते में 3 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि भेज चुकी है।







कांगड़ा

अनंत ज्ञान

## न्यूज ब्रीफ

### मनसिमवल का नितिन सीआरपीएफ में इंस्पेक्टर



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** भवारना के मनसिमवल का नितिन नरियल सीआरपीएफ में इंस्पेक्टर बन गया है। नितिन के पिता स्वर्गीय संजय नारियल वेटरनरी फार्मासिस्ट थे और उनकी माता मनोरमा देवी गृहिणी हैं। नितिन की पढ़ाई 12वीं तक माउंट कार्मल स्कूल ठाकुरद्वारा में हुई तथा स्नातक की पढ़ाई कैप्टन विक्रम बत्रा कॉलेज पालमपुर में हुई । नितिन शुरू से ही होनहार तथा मेहनती लड़का रहा तथा उसका बचपन से ही ऑफिसर बनने का सपना था, जो उसने कड़ी मेहनत कर पूरा किया। नितिन ने अपनी सफलत का श्रेय अपने अध्यापकों और अपनी माता मनोरमा देवी को दिया है।

### बॉक्सिंग में पारस स्कूल के दिव्यांश ने जीता सोना



**अनंत ज्ञान, डरोह।** तीन दिवसीय जिला स्तरीय अंडर-19 छात्र-छात्रा बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन देहरा में हुआ, जिसमें जिला कांगड़ा के लगभग 90 स्कूलों के 1200 बच्चों ने भाग लिया। इसमें पारस पब्लिक स्कूल भवारना के दिव्यांश डोगरा, आर्यन शर्मा, रीत राज, आस्था, अक्षिता, आरुषि, ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में दिव्यांश डोगरा ने अपनी कोच रचना के दिशा-निर्देश में बॉक्सिंग में स्वर्ण पदक पर अपना कब्जा जमा कर खूब वाहवाही लूटी। स्कूल के रीत राज और आस्था ने कांस्य पदक हासिल किया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अनेक पदक हासिल किए। विद्यालय के निदेशक महेश चंद कटोच व प्रधानाचार्या नीलम राणा ने प्रार्थना सभा में विजेता छात्रों को पदक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी अनेक प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने के लिए और सफलता हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### राष्ट्रीय समूह गान में ग्रीन फील्ड स्कूल अव्वल



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** भारत विकास परिषद नगरोटा बगवां शाखा द्वारा शनिवार को राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता 2024 का आयोजन स्थानीय हिमालयन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के हाल में हुआ। आयोजन में प्रांत आब्जर्वर के रूप में प्रदीप सूद जी उपस्थित रहे। परिषद द्वारा जारी राष्ट्रीय चेतना के स्वर नामक पुस्तक से हिंदी और संस्कृत के गीतों पर आधारित इस प्रतियोगिता में कई स्कूलों की टीमों द्वारा अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिया गया। निर्णायक मंडल द्वारा किए गए आकलन के आधार पर ग्रीन फील्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रथम, हिमालयन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वितीय और मॉडल नर्सरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल तृतीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बॉयज नगरोटा बगवां, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गर्ल्स नगरोटा बगवां और मदन मोहन मालवीय सीनियर सेकेंडरी नगरोटा बगवां स्कूलों का प्रदर्शन भी उत्कृष्ट रहा! सभी प्रतिभागियों को शाखा की तरफ से प्रतिभागिता संबंधी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी के लिए दोपहर भोज का भी आयोजन किया गया।

### राजपुर के छात्रों ने दिया वन्यजीव संरक्षण का संदेश




**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय में शनिवार को विश्व वन्यजीव सप्ताह के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सह-अस्तित्व के माध्यम से वन्यजीव संरक्षण विषय के अंतर्गत विद्यार्थियों ने पोस्टर बनाकर अपनी जानकारी और प्रतिभा का प्रदर्शन किया।महाविद्यालय के निदेशक व प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने वन्यजीवों के संरक्षण के लिए विज्ञान संकाय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना की और विजेताओं को पुरस्कृत किया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों और अध्यापकों द्वारा इस अवसर पर लोगों को वन्यजीवों के संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए पोस्टर और बैनर्स के माध्यम से रैली का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान क्रमशः जाहन्वी सुग्गा, अक्षिता, सेजल ने प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

### डाडासीबा कॉलेज में प्रवीण को चुना पीटीए अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** बाबा कांशीराम राजकीय महाविद्यालय डाडासीबा में शनिवार को अभिभावक शिक्षक संघ की कार्यकारिणी सत्र 2024-25 का गठन किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से प्रवीण मंडियाल को अध्यक्ष, सुरेश कुमार को वाइस प्रेसिडेंट अजय सपेहिया को जॉइंट सेक्रेटरी प्रो दविंदं सिंह को सेक्रेटरी आशा देवी, अनुराधा, अंजना, अनुराधा धीमान, अनु बाला, ईशान ठाकुर, अरिता, पूनम, मोहित और ऋषभ को सदस्य बनाया गया। महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य जतिंदर कुमार ने नव गठित अभिभावक शिक्षक संघ की कार्यकारिणी के सदस्यो को बधाई देते हुए महाविद्यालय के विकासात्मक कार्यों तथा विद्यार्थियों से जुड़े हुए विषयों पर यथासंभव सहयोग देने का आग्रह किया।

### लंबी पुखर में तेज रफ्तार ट्रॉले ने रौंदी गाय

**अनंत ज्ञान, देहरा।** डाडासीबा से ढलियारा मार्ग पर लंबी पुखर में शनिवार तड़के एक पिकअप ट्रॉला एक गाय को रौंदते हुआ एक वेल्डिंग की दुकान में जा घुसा और वहां खड़ी गाड़ी के साथ भी उसकी टक्कर हो गई। हादसे में एक बेसहारा गौवंश की दुखद मौत भी हुई है। गनीमत यह रही कि यह हादसा सुबह तड़के हुआ था, इसलिए कोई व्यक्ति इस हादसे की चपेट में नहीं आया। उजाला होते ही घटनास्थल पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। स्थानीय लोगों की मानें तो पिकअप ट्राला काफी तेज गति में था। हादसा इतना भयंकर था कि पिकअप ट्राला 2 पलटे खाकर सड़क पर पलट गया, जिसे जेसीबी से सीधा किया गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक इस पिकअप ट्रॉले की वजह से बेजुबान की जान चली गई है।



### गुराला का बाबा भरथरी दंगल स्थगित

**अनंत ज्ञान, डाडसीबा।** जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत गांव गुराला में बाबा भरथरी दंगल कमेटी द्वारा 6 अक्तूबर को दंगल करवाए जा रहा था। दंगल कमेटी के प्रधान बलविंदर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अचानक गांव में मृत्यु हो जाने के कारण यह दंगल स्थगित किया गया है। अब यह दंगल आने वाले दिनों में करवाया जाएगा, इसके बारे में अति शीघ्र जानकारी दी जाएगी।

# 5 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किए मां के दर्शन

## श्री बज्रेश्वरी मंदिर में तीसरे नवरात्र पर भी उमड़ा भक्तों का सैलाब, कपाट खुलते ही दर्शनों के लिए लगीं लंबी लाइनें

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

कांगड़ा के श्री ब्रजेश्वरी मंदिर में शरद नवरात्र के तीसरे दिन भी मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से भरा रहा। मंदिर परिसर में इतनी ज्यादा भीड़ थी कि परिसर में पैर रखने के लिए

**ढोल-नगाड़े बजाते और नाचते-गाते मां के दरबार में पहुंचे हजारों श्रद्धालु**

जगह नहीं थी। सुबह से ही श्रद्धालु मुख्य तहसील चौक से लेकर मां के दरबार में ढोल-नगाड़े बजाते हुए नाचते-गाते मां के दरबार में पहुंचे। मंदिर में इतना रश था कि श्रद्धालुओं की लाइन मंदिर के मुख्य गेट तक पहुंच गई थीं। मंदिर के प्रांगण में शनिवार को बीआरसी सराय वालों ने दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया था। इसमें पूरी चने, कड़ी चावल,आलो मटर, चटनी, रायता, और मीठे में खीर प्रोसी गई।



श्री ब्रजेश्वरी मंदिर में तीसरे नवरात्र को भी मंदिर श्रद्धालुओं से भरा रहा। इतनी ज्यादा भीड़ थी कि परिसर में पैर रखने के लिए जगह नहीं थी। श्रद्धालुओं ने लाइनों में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार किया।

मंदिर अधिकारी नीलम राणा ने बताया ने जानकारी देते हुए बताया की श्री ब्रजेश्वरी मंदिर कांगड़ा में माता के शरद नवरात्र के 3 दिन मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं भारी संख्या दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि आज तीसरे मेले पर लगभग 5500 के करीब श्रद्धालुओं माता के आगे नतमस्तक हुए और मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि तीसरे नवरात्र पर 4 लाख 20 हजार 142 रुपए का चढ़ावा श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर में चढ़ाया गया।

मंदिर में आ रहे श्रद्धालुओं के बारे में मंदिर अधिकारी ने बताया कि मंदिर प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि शनिवार को तीसरे नवरात्र पर सुबह 5 बजे से ही मंदिर के कपाट खोल दिए गए थे, मंदिर के कपाट खुलते ही भरी संख्या में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया। उन्होंने बताया की बाईपास से लेकर तहसील चौक तक यात्रियों लाने ब लेजाने के लिए एक बस भी चलाई गई, जिसका फायदा श्रद्धालु ले भी रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## आदर्श स्कूल परागपुर में प्रताप व नेहरू हाउस ओवरऑल चैंपियन

**सालबिया शर्मा, गरली**

आदर्श विद्यालय परागपुर में शनिवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आए विद्यार्थियों को मेडल देकर प्रिंसिपल गगन सूद द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय में विद्यमान चार-हाउस शिवाजी हाउस, प्रताप हाउस,नेहरू हाउस और टैगोर हाउस के बीच अनेक प्रतियोगिताएं करवाई गईं। इनमें कबड्डी, रूमाल गेम, थ्री लेग रेस, म्यूजिकल चेयर, 100 मीटर रेस, लेमन रेस, बैडमिंटन, शॉट पुट, लांग जंप, बिस्कुट रेस आदि अनेक प्रतियोगिताएं हुईं, जिनमें ओवरऑल प्वाइंट के आधार पर विद्यालय के दो हाउस प्रताप और नेहरू हाउस प्रथम रहे और उन्होंने ओवरऑल ट्रॉफी पर अपना कब्जा किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु वर्ष भर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिससे बच्चों का बौद्धिक और मानसिक विकास हो सके। (अनंत ज्ञान)




## पशुओं के प्रति दया और करुणा दिखाएं : डॉ. विवेक

### अरनी विश्वविद्यालय में विश्व पशु दिवस पर करवाई गई रोचक गतिविधियां

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

अर्नी विश्वविद्यालय ने विश्व पशु दिवस को मनाने के लिए कई रोचक गतिविधियों का आयोजन किया, जिनका उद्देश्य पशु कल्याण और जागरूकता को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. विवेक सिंह, प्रो वाइस चांसलर डॉ. मनीष श्रीवास्तव, संचालन निदेशक मेहर उन निसा और एनएसएस अधिकारी डॉ. अमिता की उपस्थिति रहीं।

समारोह की शुरुआत पशु अधिकारों और संरक्षण पर एक ज्ञानवर्धक प्रस्तुति के साथ हुई, जिसमें पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में वन्यजीवों की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर किया गया। छात्रों ने अपने शोध और रचनात्मक परियोजनाएं प्रस्तुत कीं, जिनमें विलुप्तप्राय प्रजातियों की सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया गया।



कुलपति डॉ. विवेक सिंह ने एक प्रभावशाली संबोधन दिया, जिसमें उन्होंने पशुओं के प्रति दया और करुणा दिखाने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमें पशुओं के भले के लिए काम करना चाहिए और उनका ख्याल रखना चाहिए। न्होंने प्लास्टिक के इस्तेमाल को बहुत खतरनाक बताया, खासकर पशुओं के लिए। प्लास्टिक खाने से कई जानवर बीमार हो जाते हैं और

**प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने की अपील**

कुछ की तो मौत भी हो जाती है। उन्होंने सभी से गुजारिश की कि वे प्लास्टिक का इस्तेमाल कम करें और इसके नुकसान के बारे में दूसरों को भी जागरूक करें। उनके संबोधन के बाद एक वृत्तचित्र दिखाया गया, जिसमें पशु संरक्षण के प्रयासों और वन्यजीवों के सामने आने वाली चुनौतियों को दिखाया गया।

कार्यक्रम का समापन एक आह्वान के साथ हुआ, जिसमें छात्रों और शिक्षकों को पशु कल्याण पहलों में भाग लेने और अपने समुदायों में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। (अनंत ज्ञान)

### मर्चेंट नेवी में युवतियों के करियर पर दौलतपुर कॉलेज में हुआ सेमिनार

## समाज को आज कैप्टन संजय पराशर जैसे व्यक्तित्व की आवश्यकता : राकेश कालिया

**शुभम शर्मा, देहरा**

गगरेट के विधायक राकेश कालिया ने कहा कि हमारे समाज को कैप्टन संजय पराशर जैसे व्यक्तित्व की सख्त आवश्यकता है। पराशर पिछले दो दशक से युवाओं को रोजगार प्रदान करने का कार्य कर रहे हैं और कोरोना काल के बाद तो उनका सारा ध्यान हिमाचल प्रदेश के युवा वर्ग को पर्याप्त मार्गदर्शन और नौकरी उपलब्ध करवाने पर ही केंद्रित रहा है।

शनिवार को राजकीय महाविद्यालय दौलतपुर चौक में संजय पराशर के सौजन्य से युवतियों को मर्चेंट नेवी के लिए गाइडेंस शिविर में बतौर मुख्यातिथि पधारे राकेश कालिया ने कहा कि हिमाचल एक ऐसा राज्य है, जहां पर रोजगार के अवसरों और सही प्लेटफार्म की कमी रही है। ऐसे में पराशर द्वारा बेरोजगार युवाओं के लिए समुद्री जहाज पर नौकरी देना बड़ी बात है और इसमें भी विशेष यह है कि संजय युवाओं को एजेंटगिरी के चक्कर से मुक्ति दिलाते हैं और उनका काम शत-प्रतिशत ईमानदारी के साथ होता है। कालिया ने कहा कि इससे पूर्व भी कोरोनाकाल के समय में उन्होंने मानवता की सेवा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। कहा कि मानवता की सेवा इस जगत की सबसे बड़ी सेवा है और इसके लिए वह पराशर को साधुवाद देते हैं। राकेश कालिया ने कहा कि पराशर नारी सशक्तीकरण में भी बड़ी भूमिका निभा रहे हैं और अब युवतियों को मर्चेंट नेवी में अवसर उपलब्ध करवा रहे हैं। जसवां-परागपुर, चिंतपूर्णी व गगरेट सहित जिला ऊना और प्रदेश के युवाओं को पराशर की इस मुहिम का लाभ मिल रहा है। उन्होंने युवतियों से आह्वान किया कि यदि घर-द्वार पर आकर्षक रोजगार मिल रहा है तो उसके लिए आगे आकर खुद को को साबित करने का प्रयास करना चाहिए। इससे पूर्व इस मार्गदर्शन शिविर में प्रतष्ठित संस्थान ट्रेनिंग शिप रहमान, मुंबई से प्राचार्य व करियर विशेषज्ञ कैप्टन आशुतोष आपंडकर ने युवतियों से मर्चेंट नेवी के बारे में विस्तार से चर्चा की और बताया कि आज के दौर में मर्चेंट नेवी में स्वर्णिम करियर है, बशर्ते युवा रोमांच और जीवन में आगे बढ़ने के इच्छुक हों।

इस सेमिनार में 180 छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य डॉ. युद्धवीर सिंह पटियाल, डॉ. लीना शर्मा, डॉ. निधि शर्मा, डॉ. सतिंद्र, डॉ. रमन चौधरी, डॉ. सुनील रयात, बीके मिश्रा, अर्श सिंह राणा, मनीषा, रितिका रानी, श्रेया, शिवानी और राजकुमार भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## धर्मशाला में 27 व 28 अक्तूबर को रेडक्रॉस मेला

**धर्मशाला।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव ओपी शर्मा ने बताया कि 27 व 28 अक्तूबर को धर्मशाला के पुलिस मैदान में रेडक्रॉस मेले का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान विभिन्न प्रकार के मनोरंजन, खाने-पीने, महिला मंडलों द्वारा निर्मित खाद्य पदार्थ, स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों के स्टॉल लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति या समूह रेड क्रॉस मेले में स्टॉल लगाने के इच्छुक हों, वे रेड क्रॉस सोसायटी धर्मशाला के कार्यालय में संपर्क कर 15 अक्तूबर तक अपना स्टॉल बुक करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर सोसायटी द्वारा एक समारिका का प्रकाशन भी किया जा रहा है। अधिक जानकारी के लिए सचिव रेडक्रॉस से उनके कार्यालय दूरभाष न. 01892224888 या मोबाइल न. 9418832244 पर संपर्क कर सकते हैं।

## पुलिस ने 10 .34 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किए दो आरोपी



**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

पुलिस जिला नूरपुर एसपी अशोक रतन द्वारा नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहतगत रात नशा माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई अमल में लाते हुए पुलिस थाना डमटाल के अंतर्गत नारकोटिक्स सेल के इंचार्ज सतेंद्र तथा उसके साथियों द्वारा नाका लगाया हुआ था। नाके के दौरान पठानकोट जालंधर मार्ग पर इंदौरा मोड़ के पास एक ऑल्टो कार को जब शक के आधार पर रोका गया तब तलाशी के दौरान उन दोनों नौजवानों से 10.34 ग्राम हीरोइन बरामद करने में सफलता प्राप्त की गई । पकड़े गए आरोपियों की पहचान इमरान खानपुत्र रजाक मोहम्मद तथा अशरफ अली पुत्र लाल हुसैन दोनों निवासी नाजोचक तहसील व जिला पठानकोट के तौर पर हुई है। इन दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना डमटाल में 21/29 मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस संबंधी जानकारी पुष्टि करते हुए डीएसपी इंदौरा संजीव कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई नशे के खिलाफ आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## धर्मशाला में कुछ दिन आंशिक रूप से बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**धर्मशाला।** विद्युत मंडल धर्मशाला में बिजली की तारों को केबल में बदलने का कार्य किया जा रहा है। इसके चलते कचहरी, कोतवाली, डिपो बाजार, सकोह, कॉलेज एरिया, चेल्लियां, दाड़ी, श्यामनगर, रामनगर, दाड़नु, जियूल, चीलगाड़ी, मैकलोड़गंज एरिया, नड्डी, भागसू, खनियारा, खनियारा बाजार, मोहली, ठेहर, तरापरा, पटोला, तपोवन, खड़ोता, तंगरोटी आदि क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति आगामी कुछ दिन आंशिक रूप से बाधित रह सकती है।




## केदारा में भागवत कथा कल से

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विकास खंड सुलह स्थित भेड़ूमहादेव के राधाकृष्ण मंदिर केदारा में पूर्व विद्यार्थी संघ की सदस्य प्रेक्षा देवी पत्नी सुरेंद्र पाल शर्मा द्वारा 7 से लेकर 13 अक्तूबर तक सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा करवाई जा रही है।

## कांगड़ा में इस बार भी धूमधाम से मनाया जाएगा दशहरा

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** नगर परिषद कांगड़ा के मैदान में इस बार धूमधाम से दशहरा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह निर्णय शनिवार को नगर परिषद कार्यालय में दशहरा कमेटी के अध्यक्ष अशोक शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया। इस मौक पर दशहरा कमेटी के अध्यक्ष अशोक शर्मा ने बताया कि इस बार दशहरा उत्सव के आयोजन पर बनने वाले पुतले जहां 50 फुट ऊंचे बनाए जाएंगे, वहीं पुतलों में भारी भरकम आतिशबाजी भी डाली जाएगी। दशहरा उत्सव को धूमधाम से मनाने के लिए बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ अन्य प्रतियोगिताएं भी करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि हरियाणा के महेंद्रगढ़ से कारीगरों को इन पुतलों के बनाने के लिए बुलाया गया है इस मौका पर कमेटी के सदस्य रमेश महेशी,नरेंद्र त्रेहन, सौरभ चौधरी, संजय कोच राकेश मेहरा, मुकेश मेहरा, जीतू,, एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नागेश्वर मनकोटिया विशेष रूप से उपस्थित थे।

**जानकारी** जिले के 30 डिग्री कॉलेजों के आपदा प्रबंधन समन्वयकों की बैठक का आयोजन

## कॉलेजों में 13 को मनाया जाएगा समर्थ दिवस: राकेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

समर्थ-2024 के अंतर्गत चल रहे अभियान के तहत शनिवार को जिला सचिवालय में जिला कांगड़ा के 30 सरकारी डिग्री कॉलेजों के आपदा प्रबंधन समन्वयकों की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला राजस्व अधिकारी राकेश कुमार ने समर्थ के तहत प्रस्तावित कार्यक्रमों की जानकारी रखी।

उन्होंने कहा कि सभी महाविद्यालयों को 13 अक्टूबर को 'हर घर दस्तक' अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेना अनिवार्य है। यह अभियान अंतर्राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने इस पहल की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि यह समुदाय को सुदृढ़ और सुरक्षित भवन निर्माण प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने कॉलेज के प्रोफेसरों को सलाह दी कि वे अपने कॉलेज से 50 छात्रों का चयन कर उन्हें प्रशिक्षित करें और इन छात्रों को 4-5 सदस्यों के समूहों में नजदीकी गांवों और कस्बों में कम से कम 300 घरों तक पहुंचाने के लिए तैनात करें।



उन्होंने यह भी बताया कि यह अभियान जिले भर में लगभग 1.5 लाख घरों तक पहुंचने का लक्ष्य रखता है। इस दौरान सुरक्षित भवन निर्माण प्रक्रियाओं पर जानकारी और शैक्षणिक सामग्री प्रोफेसरों को वितरित की गई, जिसका उपयोग वे अपने जागरूकता अभियानों में करेंगे।

कॉलेजों को यह भी निर्देश दिए गए कि वे इस अभियान के दौरान समुदाय के विभिन्न हितधारकों द्वारा साझा किए गए अनुभवों, अवसरों और चुनौतियों का विवरण रिपोर्ट के रूप में प्रस्तुत करें।

## धर्मशाला में एनएसजी आज करेगी राष्ट्र स्तरीय अभ्यास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला में 6 तथा 7 अक्तूबर को राष्ट्र स्तरीय काउंटर टेररिस्ट (सीटी) और काउंटर हाईजैक (सीएच) अभ्यास राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस अभ्यास का उद्देश्य भविष्य में जिला कांगड़ा में होने वाली किसी भी आतंकवादी घटनाओं से प्रभावी ढ़ग से निपटना व जान माल की हानि को शुन्य करना है। एसपी कांगड़ा की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस अभ्यास के लिए जिला कांगडा के धर्मशाला में जिला सत्र न्यायालय धर्मशाला, कोतवाली बाजार, क्रिकेट स्टेडियम, नामग्याल मोनेस्टिरी, मैक्लोडगंज, रेडिसन व्लू रिसोर्ट तथा धर्मकोट, को चिन्हित किया गया है। इस अभ्यास के दौरान एनएसजी, जिला कांगड़ा पुलिस, जिला कांगड़ा प्रशासन व अन्य महत्वपूर्ण विभाग भाग लेंगे तथा यह अभ्यास पूर्ण रूप से वास्तविक आधार किया जाएगा। अभ्यास के दौरान स्थानीय लोग व पर्यटक अपने अपने वाहनों को निश्चित स्थान पर पार्क करें, ताकि एनएसजी, पुलिस व प्रशासन की गाड़ियो की आवाजाही में कोई बाधा न आए।

# शाहपुर में 30 करोड़ रुपए से बन रहीं तीन सड़कें : केवल पठानिया

## उपमुख्य सचेतक एवं स्थानीय विधायक ने विकास कार्यों का लिया जायजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना-3 और लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी विकास कार्यों के लिए आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।



बैठक में अधिकरियों ने उपमुख्य सचेतक को अवगत करवाया कि शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना-3 के तहत 30 करोड़ रुपए की लागत से तीन सड़कों का निर्माण हो रहा है। इनकी निविदाएं जारी हो गई हैं और सड़कों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। राज्य सरकार द्वारा वार्षिक रखरखाव योजना (एनुअल मेंटेनेंस प्लान) योजना के तहत 25 किलोमीटर सड़कों की रि-टारिंग हो रही है। इसके अलावा छह किलोमीटर सड़कों का उन्नयन कार्य किया जा रहा है, जिस पर 19 लाख रुपये व्यय किए जा चुके हैं। उन्नयन कार्य के लिए राज्य सरकार द्वारा 40 लाख रुपए जारी किए गए हैं। अधिकरियों ने उपमुख्य सचेतक को अवगत करवाया कि नाबार्ड के तहत शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में 33.77 करोड़ रुपये के पांच विकास कार्य प्रगति पर हैं।

इनमें से 11 करोड़ रुपये की विकास परियोजना को हाल ही में 17 सितंबर को स्वीकृति मिली है। केवल सिंह पठानिया ने विकास कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए अधिकरियों को निर्माण कार्यों में और तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के 18 माह के कार्यकाल में शाहपुर विधानसभा क्षेत्र समेत पूरा प्रदेश विकास की ओर अग्रसर हो रहा है और हिमाचल प्रदेश 2027 तक आत्मनिर्भर व 2032 तक देश का सबसे अमीर राज्य बनकर उभरे, इसके लिए व्यवस्था परिवर्तन के तहत अनेक कार्य किए जा रहे हैं। बैठक में अधिशाषी अभियंता (परियोजना) लोक निर्माण विभाग रवि शंकर, अधिशाषी अभियंता (पीएमजीएसवाई) डीके नाग, मुख्य अभियंता (पीएमजीएसवाई) लोक निर्माण विभाग विकास सूद उपस्थित रहे।

# सरवीन चौधरी ने शाहपुर बाजार को बचाने का दिया आश्वासन

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

शाहपुर बाजार बचाओ संघर्ष समिति के भूख हड़ताल स्थल पर शनिवार को पूर्व मंत्री सरवीन चौधरी पहुंची। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों को फोरलेन की जद में आ रहे शाहपुर बाजार को उजड़ने से बचाने का आश्वासन दिया। सरवीन चौधरी ने कहा कि वह इस विषय पर अतिशीघ्र केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से बात करेंगी और शाहपुर बाजार को उजड़ने से बचाएंगी। इस मौके पर शाहपुर बाज़ार बचाओ संघर्ष समिति के अधयक्ष कांत लगवाल, महासचिव नवनीत शर्मा, उपाधयक्ष सुनील वर्मा, कोषाध्यक्ष सचिन महाजन, नितीन कौशल, अरुण महाजन, निप्पी, विपन वर्मा, शयाम सुंदर, तनुज महाजन, पूर्व प्रधान अरुणा कुमारी, कंचन धीमान आदि उपस्थित थे।



## ब्वॉयज स्कूल गरली में एनएसएस शिविर शुरू

**गरली।** राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गरली में शनिवार से सात दिवसीय एनएसएस कैंप का शुभारंभ हो गया। जानकारी देते हुए स्कूल प्रधानाचार्य अनिरुद्ध शर्मा ने बताया कि यह शिविर 5 से 11 अक्तूबर तक चलेगा। इसमें विभिन्न गतिविधियां करवाई जाएंगी। कार्यक्रम अधिकारी मनजीत सिंह व सपना कुमारी ने कार्यक्रम का ब्यौरा प्रधानाचार्य के सम्मुख प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि कैंप में 90 के करीब स्वयंसेवी छात्र-छात्राएं स्कूल की सफाई और पंचायत की सफाई स्वच्छता अभियान, जागरूकता अभियान, पर्यावरण संबंधी जानकारियां पंचायत सदस्यों तथा ग्रामीणों से साझा करेंगे। उन्होंने बताया कि और भी अभियान चलाए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने सभी वॉलिंटियर्स को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए और सभी को स्वस्थ रहने की शुभकामनाएं दीं।

## मटौर स्कूल में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मटौर में एनएसएस का सात दिवसीय शिविर का समापन शनिवार को हुआ। शिविर में मुख्यातिथि सुधीर पठनीय का विद्यालय प्रशासन, प्रधानाचार्य, एनएसएस परभरी, महिला वा पुरुष व अन्य स्टाफ के सदस्यों ने भव्य स्वागत किया। सात दिवसीय शिविर में गोद लिया गांव मटौर के पार्क, जल स्रोतों की साफ सफाई की गई।



अनंत ज्ञान
संडे स्पेशल

"हिमाचल की लड़की ने बताया पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के पर्यटकों की हरकतों के बारे में

# हिमाचलियों को आखिर क्यों पसंद नहीं दूसरे, वीडियो वायरल

*दिल्ली-एनसीआर, पंजाब और हरियाणा में रहने वाले लोगों के लिए उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के टूरिस्ट प्लेस उनकी प्रायॉरिटी (प्राथमिकता) लिस्ट में होते हैं। यहां रहने वाले ज्यादातर लोग अपनी छुट्टियां मनाने के लिए ठंडी जगहों पर जाना ही पसंद करते हैं। ऐसे में वहां के लोगों पर इनके जाने का क्या प्रभाव पड़ता है, इस पर एक महिला ने खुलकर बात करते हुए अपने विचार रखे हैं।*




**हिमाचली** महिला ने बताया कि आखिर क्यों वहां के लोगों को पंजाबी हरियाणवी और दिल्ली वाले पसंद नहीं आते हैं? सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। जहां कुछ लोग महिला की बातों का समर्थन जता रहे हैं तो कुछ उससे हटकर अपने अलग विचार रखते नजर आ रहे हैं।

### क्यों नहीं हैं पसंद दिल्ली पंजाब और हरियाणा के लोग

**वीडियो** में चंडीगढ़ में रहने वाली एक हिमाचली महिला से रिपोर्टर को बात करते हुए देखा जा सकता है। महिला बताती है कि ये कहते हुए मैं माफी चाहूंगी कि दिल्ली, पंजाब और हरियाणा वाले बहुत ही उत्पाती होते हैं और यहां आकर जमकर पॉल्यूशन (प्रदूषण) फैलाते हैं। वह बेहद ही रैश (खराब) ड्राइविंग करते हैं और तुरंत ही रोड रेज (लड़ाई) पर उतारु हो जाते हैं।

महिला कहती है कि उन्हें पहाड़ों पर गाड़ी चलाने का एक्सपीरियंस नहीं होता है। वह यह नहीं समझते कि सड़क पर बहुत सारे आवारा पशु भी टहलते रहते हैं। साथ ही मनाली के पास टनल के अंदर वह जमकर हॉर्न और वूफर बजाते हैं। ठीक है कि आप मजे करने आए हैं, लेकिन थोड़ी तो जिम्मेदारी की भावना रखिए। इसी बातचीत में लगभग 80 सेकंड की क्लिप खत्म हो जाती है।

कमेंट सेक्शन हिमाचली लड़की की इस वीडियो पर प्रतिक्रिया से पटा पड़ा है। लोग महिला की बातें सुनकर मिक्स्ड रिएक्शन दे रहे हैं। एक शख्स ने लिखा- आधा हिमाचल, चंडीगढ़, पंजाब, दिल्ली में जॉब करके रोटी खाता है फिर भी उनको नफरत है। दूसरे ने कहा कि क्या वह तथ्य बोल रही है?

तीसरे ने लिखा कि एक बुद्धिमान साहसी लड़की। चौथे ने कहा कि वह कॉलेज के उन छात्रों के बारे में बात कर रही हैं जो सप्ताहांत में वहां शराब पीने और पार्टी करने आते हैं। पंजाब और हरियाणा से आने वाले परिवार निश्चित रूप से सभ्य हैं।

### पंजाबी-हरियाणवी और दिल्ली वाले

X पर इस वीडियो को @Nayak_Khalnyak नाम के यूजर ने पोस्ट करते हुए लिखा- चंडीगढ़ में रहने वाली एक हिमाचली बहन बताती हैं कि क्यों हिमाचली लोगों को पंजाबी हरियाणवी और दिल्ली वाले पसंद नहीं आते। इस वीडियो को लाखों बार देखा गया है। वहीं, करीब डेढ़ हजार यूजर्स ने इस वीडियो को लाइक भी किया है, जबकि कमेंट सेक्शन में सैकड़ों लोगों ने इस क्लिप पर प्रतिक्रिया दी है।




## न्यूज ब्रीफ

### अश्मिता सिंह ने पास की एचपी सेट परीक्षा

**आशीष दमीर, कांगड़ा।** हाल ही में हिमाचल प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन द्वारा घोषित हुए एचपी सेट 2024 के परीक्षा परिणाम में एमसीएमडीपी महाविद्यालय कांगड़ा में अध्यनरत एमकॉम तृतीय सेमेस्टर की छात्रा अश्मिता सिंह ने सफलता प्राप्त करके महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। अश्मिता के पिता राजेंद्र कुमार बिजनेसमैन और माता सोनिका कुमारी गृहणी हैं। अश्मिता का लक्ष्य प्रोफेसर बनना है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल ने अश्मिता के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए तथा शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अश्मिता की यह उपलब्धि अन्य छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। अश्मिता ने अपनी इस सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। (अनंत ज्ञान)



### युवाओं ने कुठमां में चलाया स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, गगल।** ग्राम पंचायत कुठमां के धौलाधार युवा क्लब द्वारा जिला युवा सेवाएं एवं खेल विभाग धर्मशाला के सौजन्य से संपूर्ण स्वच्छता अभियान के अंतर्गत साफ सफाई अभियान चलाया। जिला युवा सेवाएं एवं खेल विभाग धर्मशाला की युवा स्वयंसेवी बिपाशा सिंह ने बताया कि इस स्वच्छता अभियान में युवा क्लब के युवाओं ने गांव के रास्तों की झाड़ियों को काटा नालियों की सफाई की तथा सारे कूड़े को उठाकर इकट्ठा किया। इस स्वच्छता अभियान में संजीव, अभिषेक, रितेश राणा, अक्षु, रिशु, सतपाल, कुलबीर राणा, बख्तावर, बलकार, सुमित, अनमोल दीप आदि का विशेष योगदान रहा।



### भोड़ा स्कूल में ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ

**अनंत ज्ञान, डरोह।** शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोड़ा में हंस फाउंडेशन के सौजन्य से वनाग्नि एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल ईको क्लब अधिकारी संजय कटोच और रुबी गुलेरिया द्वारा पर्यावरण संरक्षण शपथ दिलाने के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ। हंस फाउंडेशन ने विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को वनाग्नि के दुष्प्रभावों तथा बचाव के तरीकों पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम को सफल और रुचिकर बनाने हेतु लोकगीतों को पर्यावरण गीत के रूप में प्रस्तुत किया गया। पर्यावरण संरक्षण की जटिल प्रक्रिया आसान तरीके से लघु फिल्म तथा डिजिटल माध्यम से बच्चों को समझाई गई।प्रधानाचार्य संजीव जम्वाल द्वारा बच्चों को अपने संबोधन में पर्यावरण संरक्षण में दिनचर्या पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। स्कूल में पर्यावरण मित्र समूह का गठन भी किया गया। स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजीव कुमार ने प्रबंधन समिति की तरफ से इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

### ढलियारा कॉलेज में केंद्रीय छात्र परिषद का गठन

**अनंत ज्ञान, देहरा।** राजकीय महाविद्यालय ढलियारा में शैक्षणिक सत्र 2024-25के लिए केंद्रीय छात्र परिषद का गठन किया गया। कार्यकारिणी में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव तथा पद के लिए छात्रों को मनोनित किया गया। अध्यक्ष पद पर भौतिक विज्ञान स्नातकोत्तर विषय की छात्रा शिखा को मनोनित किया गया, उपाध्यक्ष पद पर पल्लवी को, सचिव पद पर साक्षी तथा सह सचिव पद पर अवंतिका को मनोनित किया गया। इसके अलावा सभी विभागों, कक्षाओं तथा अन्य इकाइयों जैसे एनएसएस और एनसीसी, रोवर रेंजर, रेड रिबन, ईको क्लब, रोड सेफ्टी क्लब तथा खेल आदि से भी एक-एक प्रतिनिधि को भी मनोनीत किया गया।

### दर्जी पर नाबालिगा से छेड़छाड़ करने का आरोप

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** उपमंडल घुमारवीं के तहत एक गांव में एक नाबालिगा के साथ दर्जी का काम करने वाले मुस्लिम समुदाय के एक व्यक्ति ने छेड़छाड़ और दुराचार करने का प्रयास किया। महिला पुलिस थाना बिलासपुर ने पीड़ित युवती की माता की शिकायत के आधार पर आरोपित दर्जी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत आपराधिक मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपित पिछले करीब नौ साल से दर्जी की दुकान करता है। आरोपित के साथ इसकी पत्नी व बच्चे भी रहते हैं। डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने मामले की पुष्टि की है।

# सरकारी जमीन पर शिवलिंग की स्थापना करने का किया विरोध

**राकेश डोगरा, डरोह**

विकास खंड सुलह स्थित भेड़ूमहादेव की तीन ग्राम पंचायतों गढ़, मलकेहड़ और जमूला की लगती सीमा पर व जल शक्ति विभाग अनुभाग गढ़ जमूला के बिलकुल साथ लगती पीडब्ल्यूडी की सरकारी जमीन पर शनिवार को कुछ अज्ञात व्यक्ति बिना किसी को बताए सुबह चार, पांच बजे कच्चे तौर पर शिवलिंग की स्थापना कर गए हैं। स्थानीय निवासी त्रिलोक चंद ने बताया कि यहां पर शिवलिंग, नंदी बैल, डमरू, कलश व झंडा आदि रखा हुआ है। जिस जगह पर मंदिर की स्थापना की गई है, उसके साथ त्रिलोक चंद की जमीन भी है। उन्होंने कहा कि बिना कुछ बताए यहां पर कोई मंदिर कैसे बना सकता है। अगर यहां मंदिर बना तो उनकी जमीन में जाने के लिए रास्ता ही नहीं बचेगा। न ही वह वहां दुकानें बना सकते हैं। वहीं, पीडब्ल्यूडी केदारा के जेई महेश से बात करने पर उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों से पता चला कि गढ़ जमूला में कोई पीडब्ल्यूडी की सरकारी जमीन पर बिना पूर्व जानकारी दिए शिवलिंग की कच्ची स्थापना कर गया है, यह गलत बात है। उन्होंने इसे वहां से हटाने के लिए कह दिया है। (अनंत ज्ञान)



## नड्डा पर बयानबाजी करने से पहले कांग्रेस नेता अपना कद देखें: रणधीर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के विरुद्ध बयानबाजी करने से पहले कांग्रेसी नेता को अपना राजनीतिक कद देख लेना चाहिए। यह बात भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं नयना देवी के विधायक रणधीर शर्मा ने परिधि गृह बिलासपुर में आयोजित प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए पूर्व विधायक बिना सिर -पैर की बयानबाजी कर रहे हैं। नड्डा के बिलासपुर के एक दिवसीय दौरे को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि एम्स, फोरलेन व हाइड्रो इंजीनियरिंग कालेज का सपना जगत प्रकाश नड्डा व अनुराग सिंह ठाकुर के कारण ही सच हुआ है तथा बिलासपुर में रेल निर्माण कार्य भी इन दोनों नेताओं के कारण चल रहा है।

# जेबीटी के 21 पदों के लिए वार्ड ऑफ एक्स सर्विसमैन की काउंसिलिंग 28 से

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक ने बताया कि जेबीटी के 21 पदों को बैच आधार पर भरने के लिए भूतपूर्व सैनिकों के आश्रितों की काउंसलिंग 28 व 29 अक्तूबर को धर्मशाला में निर्धारित की गई है। काउंसिलिंग नर्सरी मिडल स्कूल धर्मशाला में की जाएगी, जिसमें 28 अक्तूबर को जिला कांगड़ा से संबंध रखने वाले अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं और अन्य जिलों के अभ्यर्थियों के लिए 29 अक्तूबर की तिथि निर्धारित की गई है। इस चयन प्रक्रिया में केवल वही अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं जिनका नाम संबंधित रोजगार कार्यालय में दर्ज है तथा आर एंड पी नियमों के तहत निर्धारित योग्यता पूर्ण करते हैं। उन्होंने बताया कि इस भर्ती प्रक्रिया में सामान्य वर्ग की 13, अन्य पिछड़ा वर्ग की तीन, अनुसूचित जाति की चार तथा अनुसूचित जनजाति के एक पद को भरने के लिए काउंसलिंग की जाएगी।

### फॉर्म वेबसाइट पर उपलब्ध

**उपनिदेशक** प्रारंभिक शिक्षा ने बताया कि उक्त पदों के लिए आवेदन प्रपत्र, आर एंड पी नियमों की कॉपी, आवश्यक दस्तावेजों और शैक्षणिक योग्यता से संबंधित जानकारी कार्यालय की वेबसाइट www.ddeekangra.in पर उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि प्रार्थी कार्यालय की वेबसाइट से बायोडाटा फार्म डाउनलोड कर उसे काउंसलिंग वाले दिन साथ लेकर आएं। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नंबर 01892223155 पर किसी भी कार्य दिवस में संपर्क किया जा सकता है।

# पंचायत चुनाव के लिए सुरक्षा प्रबंधों का लिया जायजा

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

पूरे पंजाब में पंचायत चुनाव की गतिविधियां चल रही हैं, जिसके तहत नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 4 अक्तूबर तक थी और उसके बाद नामांकन की जांच होनी है। इसी के तहत आज जिला चुनाव पर्यवेक्षक दुग्गल (आईएएस) पठानकोट में नामांकन की चल रही जांच के दौरान विभिन्न स्थानों का दौरा किया तथा अप्रत्याशित रूप से चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। गौरतलब है कि इससे पहले जिला चुनाव पर्यवेक्षक सेनू दुग्गल (आईएएस), आदित्य उप्पल उपायुक्त पठानकोट-सह-जिला चुनाव अधिकारी पठानकोट और जिला पठानकोट के एसएसपी दलजिंदर सिंह ढिल्लों पठानकोट से मुलाकात की और मीटिंग की।



इस मौके पर उन्होंने जिला पठानकोट में चल रहे पंचायत चुनाव के दौरान किए गए प्रबंधों और सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की और दिशा-निर्देश भी दिए। इस मौके पर परमजीत सिंह अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (विकास)-कम-अतिरिक्त जिला चुनाव अधिकारी पठानकोट ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा दिए गए शेड्यूल के अनुसार पंचायत चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि 4 अक्टूबर नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख है जिसके तहत जिला पठानकोट में पंचायत चुनाव के लिए 1877 सरपंच नामांकन और 4261 पंचायत सदस्य नामांकन हुए हैं। उन्होंने कहा कि सभी नामांकनों का सत्यापन चल रहा है। उन्होंने कहा कि जिला पठानकोट में आदित्य उप्पल डिप्टी कमिश्नर पठानकोट की देखरेख में तथा उनके दिशा-निर्देशानुसार 43 आर.ओ लगा दिए गए हैं तथा प्रत्येक आरओ का स्थान निर्धारित किए गए है। (अनंत ज्ञान)

# सीपीएस किशोरी लाल ने गैस कनेक्शन के लिए नानकी देवी को दिए 3500 रुपए

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

बैजनाथ विधानसभा के चौबिन गांव की रहने वाली नानकी देवी को किशोरी लाल ने गैस कनेक्शन लेने के लिए अपनी जेब से 3500 रुपए की धन राशि प्रदान की है । दरअसल हुआ यह की उक्त बुजुर्ग महिला आंखों में चश्मा लगाए और लाठी के सहारे किशोरी लाल के कार्यालय में आई और उज्जवल गैस योजना के तहत गैस कनेक्शन न मिलने की शिकायत दर्ज करवाई और फरियाद लगाई की बीमारी की वजह से वह इस उम्र में अब चूल्हे में खाना नहीं बन पाती है लिहाजा उसे गैस कनेक्शन की सख्त जरूरत है। किशोरी लाल ने संबंधित गैस एजेंसी से पता किया तो मालूम हुआ कि अब यह योजना बंद हो चुकी है। बुजुर्ग महिला की पीड़ा को समझते हुए सीपीएस किशोरी लाल ने अपनी जेब से 3500 रुपए निकालकर उस बुजुर्ग महिला को दिए। (अनंत ज्ञान)



## बैजनाथ में विद्यार्थियों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** शनिवार को वन्य प्राणी परिक्षेत्र अधिकारी कार्यालय बीड़ द्वारा माध्यमिक और वरिष्ठ सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें बच्चों ने बर्ड वाचिंग, ट्रैकिंग, नारा लेखन, पेंटिंग व क्विज प्रतियोगिताओं में भाग लिया। तहसीलदार मुल्थान और वन परिक्षेत्र अधिकारी राजकुमार ने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। पेंटिंग में प्रथम स्थान तन्वी ठाकुर गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल लोहारड़ी द्वितीय स्थान पर दीक्षा जीएमएस बड़ाग्रां तृतीय स्थान पर तमन्ना ठाकुर जीएमएस बड़ाग्रां नारा लेखन में प्रथम स्थान कृतिका जीएस एस एस लोहारड़ी द्वितीय स्थान अंशिका जीएसएसएस मुल्थान तृतीय नव्या जीएस एस लोहारड़ी और क्विज कंपटीशन में प्रिंशुल और सुशांत गवर्नमेंट मिडिल स्कूल स्वाड़ जीएसएस स्कूल कोठीकोहड़ सुनैना और अंशुल तृतीय स्थान पर नीरज और गुरुदेव गवर्नमेंट मिडिल स्कूल पोलिंग रहे।

**जानकारी** | जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में एंटी-रेबीज टीकाकरण और इम्यूनोग्लोगुलिन उपलब्ध

# रेबीज से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी: डॉ. गुलेरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा शनिवार को जिला स्तरीय 'वर्ल्ड रेबीज डे' गतिविधि द्रोणाचार्य नर्सिंग कॉलेज योल कैंट धर्मशाला में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी ने की । इस मौके पर डॉ. राजेश गुलेरी ने बताया कि विश्व रेबीज दिवस प्रतिवर्ष 28 सितंबर को मनाया जाता है जिसका उद्देश्य इस प्राणघातक रोग के बारे में पूर्व की गलत धारणाओं पर चिंतन करने और साथ ही इसकी रोकथाम और नियंत्रण के लिए टीकों एवं आधुनिक कार्यनीतियों को उन्नत करने हेतु किये जा रहे निरंतर प्रयासों पर प्रकाश डालना है। डॉ. गुलेरी ने बताया कि रेबीज डे 2024 के थीम ब्रेक रेबीज बाउंड्रीज है तथा रेबीज के बढ़ते खतरे के कारण इसके प्रति जागरूकता बढ़ाना समय की मांग है ।



डॉ. गुलेरी ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्व रेबीज दिवस एक वैश्विक स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम है जो 2007 से हर साल 28 सितंबर को मनाया जाता है, जिसकी स्थापना ग्लोबल अलायंस फॉर रेबीज कंट्रोल द्वारा की गई है, ताकि विभिन्न स्थानीय और वैश्विक समुदाय रेबीज रोग के बारे में जागरूकता फैलाने और इससे बचने के विभिन्न तरीकों (जैसे पालतू जानवरों को टीका लगाना आदि) पर चर्चा करने के लिए एकत्रित हो सकें। डॉ. गुलेरी ने बताया कि सबसे पुरानी वायरल बीमारियों में से एक-रेबीज को वैक्सीन से रोका जा सकता है। यह जूनोटिक बीमारी पागल जानवर के काटने या खरोंचने से फैलती है और केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करती है। अगर नैदानिक लक्षण दिखाई देते हैं तो रेबीज 100 प्रतिशत घातक साबित हो सकता है। जिला के सभी स्वास्थ्य केंद्रो में एंटी-रेबीज टीकाकरण और इम्यूनोग्लोगुलिन उपलब्ध है।

## न्यूज ब्रीफ

### भोरंज में 9-10 अक्तूबर को होगी मॉकड्रिल्स



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) द्वारा इस वर्ष भी एक अक्तूबर से 15 अक्तूबर तक डिजास्टर रिस्क रिडक्शन यानि आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर जागरूकता कार्यक्रम 'समर्थ-2024' के तहत कई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में 9 अक्तूबर को मिनी सचिवालय भोरंज और 10 को आईटीआई भोरंज में मॉकड्रिल्स आयोजित की जाएंगी। इन मॉकड्रिल्स की तैयारियों के संबंध में शनिवार को यहां मिनी सचिवालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम शशिपाल शर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने उपमंडल के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मॉकड्रिल के लिए अपने-अपने विभागों एवं कार्यालयों के सभी आवश्यक संसाधनों को तैयार रखें। मॉकड्रिल सुबह 11 बजे आरंभ होगी और इस दौरान बचाव एवं राहत कार्यों का अभ्यास किया जाएगा। बैठक में तहसीलदार डॉ. आशीष शर्मा, कानूनगो राज कुमार, बीडीओ ऑफिस के कनिष्ठ अभियंता वीरेंद्र ठाकुर, लोक निर्माण विभाग और जल शक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता, अग्निशमन विभाग और अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

### संस्कृत प्रतियोगिता में रुचि शर्मा प्रथम

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी की छात्रा रुचि शर्मा ने जिला स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता में गीतिका (छंद) श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है, जबकि गोपाल श्लोकाचार्ण में चौथे स्थान पर रहा। यह प्रतियोगिता शिक्षा विभाग के तत्वावधान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कांगू में आयोजित की गई थी, जिसमें जिले भर के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य संस्कृत भाषा के प्रति विद्यार्थियों की रुचि जागृत करना और इस प्राचीन भाषा की महत्ता को समझाना था। प्रतियोगिता में रुचि शर्मा ने अपनी असाधारण प्रस्तुति के माध्यम से निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। रुचि को 1100 रुपए व स्मृति चिन्ह और गोपाल को 500 रुपए एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने रुचि शर्मा को इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर बधाई दी।

### प्रवीण रामलीला के दौरान 11 वर्षों से लगा रहे भंडारा

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** मेहनत तो हर व्यक्ति करता हैं, लेकिन अपनी कमाई का कुछ भाग धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों पर कुछ एक व्यक्ति ही खर्च कर पाते हैं। उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा के गांव झगड़ियाल के निवासी प्रवीण जरियाल उर्फ बंटू वर्तमान समय में कस्बा निवासियों के लिए एक मिसाल बनकर उभरे हैं। प्रवीण वर्तमान समय में बीएसएनएल में तृतीय श्रेणी कर्मचारी के पद पर कार्यरत हैं एवं कस्बा बड़ा में शरद नवरात्र के दौरान श्री राम क्लब बड़ा द्वारा मंचित की जाने वाली रामलीलाओं के दौरान राम लीला ग्राउंड में पिछले 11 वर्षों से विशाल भंडारे का आयोजन कर रहे हैं। इस बार बंटू जरियाल ने अपने इस धार्मिक कार्य क्रो आगे बढ़ाते हुए 12वें विशाल भंडारे का आयोजन किया। उनके इस धार्मिक कार्य में उनकी धर्मपत्नी आरती जरियाल एवं उनके बच्चें बढ़-चढ़कर उनका साथ देते हैं।

### छात्रों ने किया हिमालयन रिसर्च इंस्टीट्यूट का भ्रमण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के बॉटनी विभाग द्वारा दो दिवसीय शैक्षणिक विजिट किया गया। जानकारी देते हुए विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रियंका ने बताया कि विभाग द्वारा विद्यार्थियों को हिमालयन फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट एचएचआरआई शिमला का विजिट किया। विद्यार्थियों ने एचएचआरआई की प्रयोगशालाओं को देखा, जिसमें इकोलॉजी लैब, हर्बेरियम, मृदा परीक्षण प्रयोगशाला, जेनेटिक्स लैब का विजिट किया। उन्होंने तारा देवी हिल जैव विविधता का फील्ड विजिट किया जहां पर फंगस, बायोफाइट्स, टेरीडोफाइट्स और मशरूम की विभिन्न प्रजातियों को एकत्रित किया। प्रयोगशालाओं और फील्ड वर्क ने उन्हें जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र को व्यावहारिक रूप से समझने का मौका दिया।

### अंताक्षरी प्रतियोगिता में सुभाष हाउस रहा अव्वल

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी भड़ोली में प्रिंसीपल सुरजीत कुमार राणा के दिशा-निर्देश में विद्यालय में कनिष्ठ विद्यार्थियों के लिए अंतर-सदनीय अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 6वीं से 9वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। सुभाष सदन पहले, जबकि पटेल सदन दूसरे स्थान पर रहा। अंत में विशेष दर्जा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

### बिजली बिल के साथ उपभोक्ताओं की होगी केवाईसी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल लंबलू के सहायक अभियंता ज्ञान चंद भाटिया ने बताया कि उपमंडल के सभी उपभोक्ताओं के विद्युत मीटरों की संख्या को आधार कार्ड से जोड़ने के लिए केवाईसी प्रक्रिया एक अक्तूबर से आरंभ कर दी गई है तथा इसकी अंतिम तिथि 31 अक्तूबर निर्धारित की गई है। सहायक अभियंता ने बताया कि इस अवधि के दौरान बिजली बोर्ड के कर्मचारी घर-घर बिल जारी करने के साथ ही उपभोक्ताओं की केवाईसी करेंगे। इसके लिए उपभोक्ताओं के आधार कार्ड और मोबाइल नंबर की आवश्यकता रहेगी। उन्होंने उपमंडल के सभी उपभोक्ताओं से ये सूचनाएं पहले से ही तैयार रखने के निर्देश दिए हैं, ताकि बिजली बिल जारी करने के साथ ही केवाईसी भी हो जाए। ज्ञान चंद भाटिया ने कहा कि उपभोक्ता उपमंडल कार्यालय लंबलू में आकर भी केवाईसी करवा सकते हैं।

### राजकीय बहुतकनीकी में निकाली जागरूकता रैली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय बहुतकनीकी संस्थान हमीरपुर के छात्रों ने शनिवार को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया। यह रैली हमीरपुर के बड़ू क्षेत्र में निकाली गई, जिसका उद्देश्य समाज में नशे के प्रति जागरूकता फैलाना और युवाओं को नशे से दूर रखने का संदेश देना था। रैली के दौरान छात्रों ने नशे से मुक्ति के नारे लगाए और बड़ू क्षेत्र के आसपास के लोगों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया। इसके अलावा चार छोटे नुक्कड़ नाटक ( स्किट) भी छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए। जिनके माध्यम से नशे से होने वाले नुकसान के प्रति जनता को जागरूक किया गया। प्रधानाचार्य इंजीनियर चंद्र शेखर ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां आम जनता में नशे से दूर रहने की जागरूकता फैलाने में अत्यंत प्रभावी होती है।

### हिम आंचल पेंशनर्स संघ की मासिक बैठक 7 को

**अनंत ज्ञान, नादौन।** हिम आंचल पेंशनर्ज संघ नादौन खंड इकाई की मासिक बैठक 7 अक्तूबर को प्रातः साढ़े 10 बजे खंड प्रधान जगदीश चंद शर्मा की अध्यक्षता में कांगू, जिला हमीरपुर में पूर्व निर्धारित स्थल पर आयोजित होगी। बैठक में पेंशनरों की लंबित मांगों एवं समस्याओं पर चर्चा अपेक्षित रहेगी, जिसमें मुख्यतः प्रदेश इकाई द्वारा 15 अक्तूबर को संघ मुख्यालय हमीरपुर में आयोजित होने वाली रोष रैली में शामिल होने बारे कार्यक्रम तय किया जाएगा।

### बिझड़ी खंड इकाई की मासिक बैठक 8 को

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** हिम आंचल पेंशनर्ज संघ बिझड़ी खंड इकाई की मासिक बैठक 8 अक्तूबर को प्रातः साढ़े 10 बजे श्री सेन भक्त मंदिर परिसर, मैहरे, तहसील बड़सर, जिला हमीरपुर में खंड प्रधान नरेंद्र सिंह बन्याल की अध्यक्षता में आयोजित होगी, जिसमें संघ प्रदेशाध्यक्ष योग राज शर्मा व जिला प्रधान केसी गौतम को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। बैठक के एजेंडे में पेंशनरों की मांगों व समस्याओं पर मंथन के साथ पेंशनरों के व्यक्तिगत मुद्दों के समाधान पर चर्चा अपेक्षित रहेगी।

### ऊर्जा व जल संरक्षण पर हुई कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** शहीद जितेंद्र मेमोरियल माध्यमिक पाठशाला सोहारी में ऊर्जा संरक्षण पर एक दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में स्कूल के बच्चों, अध्यापकों, अभिभावकों, स्कूल प्रबंधन समिति सदस्यों व पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में बिजली विभाग से कनिष्ठ अभियंता संजीव कौशल व आइपीएच विभाग से रमन कुमार ने सभी उपस्थित सदस्यों को जल संरक्षण व ऊर्जा संरक्षण पर बहुमूल्य जानकारी दी। इन्होंने सभी उपस्थित सदस्यों को ऊर्जा संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने घरों में सोलर पैनल लगवाने की सलाह दी। जिला विज्ञान पर्यवेक्षक राजेश गौतम ने भी सभी उपस्थित बच्चों व अभिभावकों को जीवन में औषधीय पौधों का महत्व, कचरे से होने वाली बीमारियों, खाने में पोषक तत्व शामिल करना, इंस्पायर अवार्ड मानक योजना, बाल विज्ञान सम्मेलन व इको क्लब के माध्यम से विज्ञान और पर्यावरण से संबंधित करवाए जाने वाले सभी कार्यक्रमों व गतिविधियों की जानकारी बच्चों व अध्यापकों को उपलब्ध करवाई। कार्यशाला में स्थानीय पंचायत प्रधान रनजीत सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। स्कूल प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने इको क्लब प्रभारी सूरज कलसी सहित उपस्थित सभी अध्यापकों व बच्चों का कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद किया।

# वोल्वो बस सेवा क्यों हो रही रोज-रोज ब्रेकडाउन

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हिमाचल से बाहर जाने वाली वोल्वो बस सेवाएं रख-रखाव के अभाव में दम तोड़ रही हैं। इन बसों की हालत लगभग सभी की एक जैसी हो चुकी है। किसी न किसी रूट पर बस सेवा दम तोड़ रही है। शनिवार को पालमपुर दिल्ली रूट पर चलने वाली बस में सवार यात्रियों ने भी खूब परेशानी झेली। गंतव्य तक पहुंचाने के लिए बस की सांसें फूली रहीं।

यह बस 7 बजे के करीब पालमपुर से रोजाना चलती है और 9.30 बजे हमीरपुर से निकलने का इसका समय है शनिवार को भी यह बस जब आलमपुर के पास पहुंची, तो ब्रेकडाउन हो गई। इसमें ऐसी तकनीकी खराबी पाई गई, जिस कारण पालमपुर से नई बस मंगवानी पड़ी।

यानी एक घंटा लेट या बस पीछे से ही हो गई हमीरपुर में 10.30 बजे के करीब नई बस पहुंची, लेकिन इस बस में सवार यात्रियों को क्या पता था, चंडीगढ़ पहुंचने से पहले ही यह दूसरी बस भी एक बार फिर दम तोड़ जाएगी? चंडीगढ़ बस अड्डे पर पहुंचने से करीब 3 किलोमीटर पहले ही इस बस का पिछला टायर फट गया। ऐसा नहीं है कि वहां पर रोड की कोई खराबी थी। दरअसल में जिस बस में यात्री सवार थे और यह टायर फटा, उसके टायरों की हालत बेहद खराब थी। समय पर बस का गंतव्य तक न पहुंच पाना और जगह-जगह यात्रियों को परेशान करना अब वोल्वो बस सेवाओं का पिछले कुछ समय से नीयती बन चुका है।

कुछ दिन पहले यह बस हमीरपुर जिला में शाम के समय भी भिड़ा के पास खराब देखी गई थी। इधर असल में हमीरपुर से होकर निकलने वाली वोल्वो बसों की हालत अच्छी नहीं है जगह-जगह इनका ब्रेकडाउन होने का सिलसिला जिस तरीके से अब बढ़ा है, वह निगम की कारगुजारी पर सवाल खड़े कर रहा है। अधिकारी क्यों लापरवाह हैं? क्योंकि जिस किलोमीटर स्कीम के तहत यह बसें एचआरटीसी ने ठेकेदारों की मार्फत चलाई हुई हैं, उस पर ध्यान देने की जरूरत है। ताकि यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके और निगम को भी फायदा हो। (अनंत ज्ञान)



ड्राइवर-कंडक्टर बस की जांच करते हुए।

**क्या कहते हैं क्षेत्रीय प्रबंधक**

इधर पालमपुर स्थित निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक उत्तम चंद का कहना था कि ऐसा हो रहा है, तो पता करके इसमें सुधार किया जाएगा बस क्यों ब्रेकडाउन हो रही और यदि टायरों में कोई दिक्कत है, तो इसकी भी आज ही जांच होगी।

## हिमाचल में कांग्रेस सरकार खस्ताहाल, केंद्र की योजनाओं के भरोसे प्रदेश: अनुराग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**


अनुराग ठाकुर का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।

पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने शनिवार को नादौन, बड़सर, बंगाणा व ऊना में जनसभाओं के जरिए एवं जनसंवाद कर स्थानीय स्तर पर जनसमस्याओं की सुनवाई की। उन्होंने कहा कि प्रदेश कि कांग्रेस सरकार द्वारा हिमाचल को अव्यवस्थाओं व अनिश्चितता की ओर धकेल रही है।

अनुराग ने कहा हिमाचल आज कांग्रेस सरकार के कुप्रबंधन व नाकामी से अव्यवस्था व अनिश्चितता की ओर है। आज हिमाचल की हालत यह है कि केंद्र की परियोजनाओं के पैसे न मिलें तो विकास कार्य ठप है। केंद्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना हो, ग्रामीण सड़क योजना हो, सीआरआईएफ फंड से सड़क निर्माण हो, पेयजल जैसी तमाम योजनाएं हैं, जो धरातल पर उतर रही हैं, तो प्रदेश का विकास हो रहा है, वरना राज्य सरकार न तो कोई नया प्रोजेक्ट ला पा रही है और न ही पुराना कुछ रिपेयर करा पा रही है। प्रदेश में मुख्यमंत्री के अपने गृह विधानसभा में सड़कों के खस्ताहाल हैं। हिमाचल में सरकार चलाना अब कांग्रेस के बस के बाहर है। कांग्रेस ने हिमाचल को दिया कुछ नहीं, बस छीनने का काम किया है। पहाड़ी प्रदेश की आर्थिक स्थिति को देखते हुए इसे विशेष राज्य का दर्जा श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने दिया था। जिसे यूपीए सरकार ने वापस ले लिया था। कांग्रेस के राज में हिमाचल देश का इकलौता राज्य बन गया, जहां शौचालय की सीट पर भी टैक्स लग गया। एक तरफ मोदी ने देश भर में 12 करोड़ शौचालय बनवा दिए तो वहीं, दूसरी तरफ कांग्रेस ने शौचालय पर टैक्स लगा कर कमाई करने में जुटी है।

ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस राज में हिमाचल की हालत तो यह हो गई है कि आज मुफ्त बिजली का वादा करके उसपे सेस, मुफ्त पानी का वादा करके उसपे चार्ज और अब टॉयलेट की सीट पर टैक्स लगाकर वसूली सरकार ने हिमाचल की जनता को छलने का काम किया है। हिमाचल में कांग्रेस सरकार आर्थिक कुप्रबंधन के चलते आज प्रदेश 96 हजार करोड़ के कर्जे में डूब गया है और यही हालात रहे तो इस साल के अंत तक यह एक लाख करोड़ पहुंच जाएगा।

## राणा ने विकासात्मक कार्यों के लिए सांसद निधि से दिलवाए दस लाख

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



पूर्व विधायक राजेंद्र राणा के आग्रह पर राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन द्वारा सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न संपर्क सड़कों और अन्य विकासात्मक कार्यों के लिए दस लाख रुपए सांसद निधि से उपलब्ध करवाए गए हैं। इस राशि में ग्राम पंचायत बनाल में गांव पनाहू की संपर्क सड़क, ग्राम पंचायत दाड़ला में धनोटू से रोपा गांव तक संपर्क सड़क, ग्राम पंचायत बारी में वार्ड न 2 में संपर्क सड़क के लिए तीन-तीन लाख रुपए और ग्राम पंचायत नारसी में खंदेड़ा गांव के महिला विकास समिति के भवन निर्माण को पूरा करने के लिए एक लाख रुपए शामिल हैं। राजेंद्र राणा ने इसके लिए संसद का आभार भी जताया है। राजेंद्र राणा ने कहा कि केंद्र कि मोदी सरकार ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए कृत-संकल्प है और हिमाचल प्रदेश को भी केंद्रीय योजनाओं के तहत उदारता से राशि मुहैया हो रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र से भरपूर आर्थिक मदद मिलने के बावजूद कांग्रेस नेताओं का एकमात्र एजेंडा मोदी सरकार की आलोचना करना रह गया है।

## दुकान में सिलेंडर फटने से लाखों का नुकसान



**संजीव चौहान, टौणी देवी।** सुजानपुर उपमंडल के तहत पड़ने वाली पंचायत कक्कड़ में शनिवार सुबह सिलेंडर फटने से लाखों का नुकसान हो गया। यह हादसा सुरेश कुमार पुत्र उम्दा राम निवासी महेशकवाल की दुकान में हुआ। सुरेश ने बताया कि जैसे ही गैस ऑन की तो दुकान में अचानक आग लग गई। जैसे-तैसे स्थानीय लोगों ने दुकानदार कि जान बचाई। धमाका इतना जोरदार था कि पूरे बाजार में भगदड़ मच गई। पंचायत उपप्रधान सुभाष चंद ने बताया कि दुकानदार का सारा समान जल गया है। तकरीबन 3 लाख रुपए का नुकसान हो चुका है। (अनंत ज्ञान)

## सिविल अस्पताल भोरंज में अब तीन दिन होंगे अल्ट्रासाउंड

**एसके शर्मा, जाहू**

सिविल अस्पताल भोरंज में अल्ट्रासाउंड न होने से असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन क्षेत्र की जनता को अब अस्पताल में सप्ताह में तीन दिन सोमवार, मंगलवार और वीरवार को नियमित अल्ट्रासाउंड होने शुरू हो गए हैं।

अब स्थायी रूप से डॉ. पृथी अल्ट्रासाउंड करेंगे। इससे पहले भोरंज में कभी महीने में एक बार या दो बार अल्ट्रासाउंट होते थे और ऑन डेपुटेशन डॉक्टर बुलाने पड़ते थे, जिससे कभी डॉक्टर आते थे और कभी नहीं। जिसके चलते लोग परेशान होते थे। डॉ. पृथी ने अल्ट्रासाउंड की ट्रेनिंग की और अब भोरंज में स्थायी अल्ट्रासाउंड की सुविधा शुरू हो गई है। वहीं अस्पताल में सर्जरी के डॉक्टर आदित्य शर्मा यहां ज्वाइन कर गए हैं। इस बारे भोरंज विधायक सुरेश कुमार का कहना है कि भोरंज की जनता को भोरंज में ही अच्छी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता है।

**अस्पताल में सर्जन डॉक्टर की भी हुई तैनाती**

उन्होंने कहा कि ये तैनातियां बहुत पहले ही हो जानी चाहिए थीं। आने वाले समय में भोरंज अस्पताल में अन्य सुविधाएं भी मुहैया करवाई जाएंगी। इस बारे में बीएमओ भोरंज डॉ. ललित कालिया ने बताया कि अब सप्ताह में तीन दिन अल्ट्रासाउंड नियमित होंगे और सर्जरी के डॉक्टर भी ज्वाइन कर गए हैं। (अनंत ज्ञान)

## स्कूली बच्चों से भरी गाड़ी अवाहदेवी सड़क पर पलटी

### बड़ा हादसा होने से टला, किसी भी बच्चे को नहीं आई चोट

**संजीव चैहान टोणी देवी**



भोरंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत ढो में पक्का डंगा के पास शनिवार सुबह पूजा पब्लिक स्कूल जिजवीं की एक ट्रैवलर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस गाड़ी में पूजा पब्लिक स्कूल जिजवीं के छात्र सवार थे।

मिली जानकारी के मुताबिक यह ट्रैवलर बच्चों को स्कूल छोड़ने के लिए जा रही थी। गनीमत यह रही कि दुर्घटना में किसी बच्चे को गंभीर चोट नहीं पहुंची। इससे पहले कुछ दिन पूर्व ही एसडीएम भोरंज ने निजी बसों का निरीक्षण कर कमियां सुधारने की चेतावनी भी दी थी। पुलिस भी निजी स्कूलों की बसों में कमियों को लेकर लगातार चालान काट रही है। स्कूल प्रबंधन गाड़ियों की सर्विस पर ज्यादा ध्यान नहीं देते और इस तरह स्पीड में वाहन चलाकर कई बच्चों की जान खतरे में डाली गई। थाना प्रभारी निर्मल सिंह ने बताया कि पुलिस ने मौके पर आकर स्थिति का जायजा लिया व आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

## शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**




वीरता और सेवा को सम्मानित करते हुए 4 एचपी (आई) राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेटों ने शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा एसएम (गैलेंट्री) की प्रतिमा की सफाई की।

शनिवार को आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य उनके अद्वितीय योगदान और बलिदान को श्रद्धांजलि देना था। इस आयोजन में कैडेटों ने शहीद की प्रतिमा को आदर और सम्मान से साफ किया। यह पहल उनकी बहादुरी और समर्पण के मूल्यों को रेखांकित करती है और समुदायों, विशेषकर युवाओं को प्रेरित करने का कार्य करती है। शहीद की प्रतिमा केवल उनकी बहादुरी का प्रतीक नहीं है, बल्कि हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है। इस अवसर पर कर्नल एसएस रावत कमांडिंग अधिकारी ने कहा कि इस सफाई अभियान के माध्यम से हम अपना सम्मान प्रकट करना चाहते हैं और सभी को हमारे नायकों द्वारा दिए गए बलिदानों की याद दिलाना चाहते हैं। इस सफाई अभियान ने स्थानीय निवासियों का ध्यान आकर्षित किया।

## 9 तक बिजली बिल जमा करवाएं हमीरपुर-1 के उपभोक्ता

**हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-1 हमीरपुर के अंतर्गत आने वाले गांव सलासी, झनियारी, खग्गल, दड़ूही, कुठेड़ा, नाल्टी, बाड़ी, फरनोल, मसियाणा, डुढाणा, ब्राहलड़ी और आसपास के गांवों के उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जमा करवाने के लिए 9 अक्तूबर तक का समय दिया गया है। सहायक अभियंता सुनील कुमार ने कहा कि उपमंडल के जिन विद्युत उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिलों का भुगतान नहीं किया है, वे इसका भुगतान 9 अक्तूबर से पहले उपमंडल कार्यालय के काउंटर पर या ऑनलाइन माध्यम से कर दें। उन्होंने बताया कि इस तिथि तक बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन पूर्व सूचना के बगैर ही काट दिए जाएंगे। सहायक अभियंता ने उपमंडल के सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

## करियर प्वाइंट विवि में दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के जूलॉजी विभाग द्वारा दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलित और सरस्वती वंदना से हुआ। उसके बाद विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजीव शर्मा व कुलसचिव गुलशन संधू द्वारा कार्यशाला में उपस्थित सभी को संबोधित किया।

असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. शुभम कपिल ने बताया कि इस दो दिवसीय कार्यशाला में मुख्य वक्ता के तौर पर डॉ. वरुण जायसवाल गैचान यूनिवर्सिटी दक्षिणी कोरिया उपस्थित हुए। डॉ जायसवाल ने अपने संबोधन में जीवन विज्ञान में भविष्य की उपलब्धियों पर अपने विचार रखे। जिन्होंने अपने व्याख्यान में छात्रों और शोधकर्ताओं को ज्ञान प्रदान किया। इन सत्रों ने जीवन विज्ञान के उन्नत तकनीकों पर ध्यान केंद्रित किया और प्रतिभागियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया।

इस कार्यशाला का विषय पायनियरिंग तकनीक द्वारा भविष्य की खोजों के लिए जीवन विज्ञान उपकरणों का उपयोग था। मिस जेनेफर कनाडा यूनिवर्सिटी, रिसर्च स्कॉलर मोसिज, मिस शैरी, स्वीडन, डॉ. हर्ष रन सेंट्रल यूनिवर्सिटी हिमाचल प्रदेश, अनुपम कुमार संस्थापक ग्रैमिनो नेचुरल्स और चौहान मतस्या हैचरी औरंगाबाद बिहार व डॉ. शैलजा सीपीय मुख्य वक्ता रहे। कार्यशाला की संयोजक डॉ शुभम कपिल व सह संयोजक डॉ. सोनिका रही।

## पूर्व प्रिंसिपल मदन लाल डोगरा ने बदारन स्कूल को लिया गोद



**नादौन।** नादौन के पूर्व प्रिंसिपल मदन लाल डोगरा ने पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बदारन को गोद लिया है। डोगरा इसी स्कूल के पूर्व छात्र भी रहे हैं और उन्होंने 20 फरवरी 1987 को अपने शैक्षणिक करियर की शुरुआत टीजीटी के रूप में इसी स्कूल से की थी। वह बतौर प्रिंसिपल सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त हुए। डोगरा ने कहा कि हिमाचल सरकार द्वारा शुरू की गई स्कूल गोद लेने की योजना सराहनीय है। यह योजना छात्रों के कल्याण और शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में एक उल्लेखनीय पहल है।

## हमीरपुर कॉलेज की स्नेहा ने दिल्ली में थल सेना कैंप में लिया भाग



**हमीरपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक राजकीय महाविद्यालय कॉलेज की एनसीसी सार्जेंट स्नेहा ने दिल्ली में थल सेना कैंप लगाकर जिला के लिए गौरव अर्जित किया है। प्राचार्य डॉ. प्रमोद सिंह पटियाल व एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. समजीत सिंह ने स्नेहा को इस उपलब्धि पर बधाई दी है। लेफ्टिनेंट ने बताया कि तीन माह से अधिक समय से प्रदेश व अन्य राज्यों में हुए स्क्रीनिंग शिविरों में शूटिंग सहित अन्य स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। स्नेहा ने बताया कि थल सेना कैंप में चयनित होना और व सैनिकों के साथ इसमें भाग लेना जीवन का सबसे बेहतरीन अनुभव रहा।

## हमीरपुर शहर के अधिकांश क्षेत्रों में आज बंद रहेगी बिजली

**हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर में 6 अक्तूबर को लाइनों और ट्रांसफॉर्मरों की आवश्यक मरम्मत के चलते उपायुक्त कार्यालय परिसर, मृदुल चौक, गांधी चौक, लोअर बाजार, वार्ड नंबर-3, 6 और 8, कृष्णा गली, बस स्टैंड और आसपास के क्षेत्रों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। इसके अलावा डायग्नोस्टिक सेंटर, आयुर्वेदिक अस्पताल और साथ लगते क्षेत्रों में सुबह 9 से दोपहर बाद 3 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

**पलटवार** तथ्य और साक्ष्य रखते तो अच्छा होता, गुमराह करने से कुछ नहीं हो पाएगा

## कौशल बोले-केवल झूठ की राजनीति करने आए थे नड्डा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**


प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल, साथ हैं अन्य नेता।

हिमाचल कांग्रेस के प्रमुख मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने आरोप लगाया है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का केंद्रीय मंत्री बनने के उपरांत अपने गृह राज्य का दौरा न केवल निराशाजनक रहा, अपितु उन्होंने अपने संबोधन में जमकर झूठ भी बोला। वह हिमाचल में केवल झूठ की राजनीति करने आए थे, तथ्य और साक्षी जनता के सामने रखते तो उनकी बातों पर लोग गौर करते, लेकिन शायद भाजपा के नेताओं की नीयत में ही ऐसा खोट कूट-कूट कर भरी है कि सच का सामना करने से वह हमेशा डरते हैं।

शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पर निराधार आरोप लगा कर उन्होंने यह साबित कर दिया कि वह हिमाचल मात्र राजनीति करने के उद्देश्य से ही आए थे और उनका प्रदेश की जनता तथा प्रदेश से जुड़े मुद्दों से कोई सरोकार नहीं है। कौशल ने भाजपा अध्यक्ष पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र सरकार जिस प्रकार लगातार हिमाचल प्रदेश के साथ अछूतों जैसा व्यवहार कर रही है, वह खेदजनक है।

प्रदेश सरकार के ऊपर निराधार आरोप लगाने की बजाय भाजपा अध्यक्ष को जिस केंद्रीय अनुदान का वह जिक्र कर रहे थे, उसका तथ्यों और साक्ष्यों सहित लेखा-जोखा जनता के समक्ष रखना चाहिए था। राहुल गांधी पर देश का अपमान करने के उनके आरोप पर उन्होंने कहा कि राहुल देश और देशवासियों के मुद्दों पर चर्चा करते हैं और इस देश को एक महान राष्ट्र बनाने में कांग्रेस पार्टी तथा इसके नेताओं का अविस्मरणीय योगदान रहा है।

उन्होंने कहा कि देश का अपमान तब होता है जब प्रधानमंत्री विदेशों में जाकर कहते हैं कि पहले जब कोई भारत में जन्म लेता था, तो कहता था कि कहां पैदा हो गए? देश का अपमान तब होता है जब नड्डा यह कहते हैं कि 2014 से पहले भारत घुटनों के बल चलता था और देश का अपमान तब होता है, जब एक सिरफिरी भाजपा नेत्री महात्मा गांधी को अपमानित करती हैं। कौशल ने कहा कि नड्डा सहित भाजपा के तमाम नेता सत्ता के नशे में चूर होने के साथ-साथ अहंकार की बीमारी से भी ग्रस्त हैं। जिसके चलते उनको अपने आगे सब कुछ छोटा और तुच्छ दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि 1300 करोड़ हिमाचल प्रदेश को हर महीने देने की जो बात करते हैं उसके साक्ष्य और तथ्य नड्डा को सामने रखने चहिए। भाजपा नेता खुद को सबसे ऊपर दिखाने की जो राजनीति कर रहे हैं वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### नवरात्र के उपलक्ष पर बच्चों को बांटा हलवा

**डलहौजी ।** डलहौजी न्यायालय परिसर के अधिवक्ताओं ने डलहौजी बस स्टैंड प्राइमरी स्कूल डलहौजी व आसपास के लोगों को हलवा बांटा। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि डलहौजी न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश मिस दिव्या शर्मा ने विशेष पूजा अर्चना की। इस मौके पर न्यायालय का तमाम स्टाफ भी विशेष रूप से मौजूद रहा।

### प्रभु श्री राम ने किया तड़का का वध

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में श्रीराम कला मंच द्वारा श्री रामलीला मंचन के दूसरे दिन कलाकारों के बेहतरीन अभिनय ने दर्शकों का दिल जीत लिया। शुक्रवार को प्रभु श्री राम द्वारा ताड़का का वध करना दृश्य विशेष रूप से सराहनीय रहा। मंच के उप प्रधान सुरेंद्र कुमार पिछले 20 वर्षों से लगातार तड़का का अभिनय करते आ रहे हैं। हर वर्ष सुरेंद्र कुमार अपने अभिनय से सबका मन मोह लेते हैं। शुक्रवार को श्री राम लीला मंचन का शुभारंभ प्रभु श्री राम की आरती से किया गया। श्रीराम कला मंच के प्रधान पंकज ठाकुर, सचिव सचिन सूद और निदेशक चंदन चौहान ने बताया कि राम जन्म के बाद राक्षसों की खरमस्तियां, मारीच और सुबाहु द्वारा ऋषि विश्वामित्र का यज्ञ भंग करना,दशरथ दरबार में ऋषि विश्वामित्र के आगमन और राम-लक्ष्मण को राक्षसों से मुनियों की रक्षा के लिए वन भेजना, प्रभु श्री राम द्वारा ताड़का का वध करना प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। इससे पूर्व दूसरी संध्या में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे जिला कांग्रेस कमेटी के उपप्रधान गुरुशरण परमार को प्रधान पंकज शर्मा द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### सुरक्षित भवन निर्माण पर दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा संरचनात्मक सुरक्षा ऑडिट विषय पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला संपन्न हो गई। कार्यशाला विभिन्न विभागों के इंजीनियरों और विभागीय प्रतिनिधियों को टाटा स्टील, एसीसी, अंबुजा, पेंट बनाने वाली मैग्नीक्रेट कंपनी और प्लंबिंग का सामान बनाने वाली कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा भवनों की सुरक्षा जांच के साथ-साथ सुरक्षित भवन निर्माण की जानकारी प्रदान की गई। सर्किट हाउस मंडी में आयोजित इस कार्यशाला में लोक निर्माण, जल शक्ति, नगर एवं ग्राम योजना, भारत संचार निगम लिमिटेड, नगर निकाय, ग्रामीण विकास के अभियन्ताओं और शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधियों को प्रशिक्षित किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त मंडी ने समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वास व्यक्त किया इस कार्यशाला से जो भी जानकारी प्रदान की गई हैं उसका सभी अपने क्षेत्र में जरूर इस्तेमाल करेंगे।

### पंचायतों को सरकाघाट में सम्मिलित करने की मांग

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों ने धर्मपुर के बजाय सरकाघाट विकास खंड में स्थानांतरित करने को लेकर निदेशक ग्रामीण विकास शिमला और जिला पंचायत अधिकारी मंडी को प्रस्ताव भेजे हैं ग्राम पंचायत सधोट पपलोग बसंतपुर ग्रयोह सरौन और चोल्थरा की मासिक बैठक में सर्वसमिति से लोगों की मांग को ध्यान में रखते हुए उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा बकायदा प्रस्ताव पारित किया गया कि उनकी पंचायतों को विकास खंड धर्मपुर से निकालकर विकास खंड सरकाघाट में सम्मिलित किया जाए क्योंकि पंचायत वासियों को अपने विकासखंड से संबंधित कार्यो को करवाने के लिए 20 से 25 किलोमीटर दूर धर्मपुर जाना पड़ता है और धरमपुर के लिए पंचायतों से बसों की सुविधा भी कम है जबकि सरकाघाट विकास खंड मात्र 6 से 8 किलोमीटर की दूरी पर इन पंचायत मुख्यालय से स्थित है इस कारण लोगों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है इसलिए पंचायत वासी विकासखंड गोपालपुर सरकाघाट में शामिल होना चाहते हैं।

### बालिकाएं सीखेंगी कत्थक की बारीकियां

**अनंत ज्ञान, मंडी।** संत मीराबाई की 525 वीं जयंती के उपलक्ष में संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली द्वारा कला धरोहर श्रृंखला के अंतर्गत संत मीराबाई पर आधारित विभिन्न कार्यक्रमों का देशव्यापी आयोजन किया जा रहा है। श्रृंखला का शुभारंभ हरियाणा से हुआ और देश भर के विभिन्न सरकारी विद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में अकादमी द्वारा भाषा एवं संस्कृति विभाग के सहयोग से 7 एवं 8 अक्तूबर को प्रदेश के पांच विद्यालयों में कला धरोहर श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है। इन आयोजनों में मंडी स्थित पीएम श्री राजकीय मॉडल बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शामिल है ।

### मॉडल प्रतियोगिता में 34 शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

# चंबा में प्राकृतिक आपदाओं का खतरा ज्यादा : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान चंबा**


बच्चों द्वारा बनाए हुए मॉडल देते हुए उपायुक्त।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में समर्थ–2024 अभियान के अंतर्गत आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आज उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में पीएम श्री उत्कृष्ठ राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चंबा में सुरक्षित निर्माण प्रथाओं पर जिला स्तरीय मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में खंड स्तर से चयनित 34 विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

मुकेश रेपसवाल ने प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे विद्यार्थियों से संवाद करते हुए बेहतर मॉडल तैयार करने एवं इससे संबंधित जानकारी को बढ़िया तरीके से प्रस्तुत करने को लेकर विद्यार्थियों एवं उनके अध्यापकों की सराहना की। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि विज्ञान विषय के प्रति जागरूकता विद्यार्थियों को आने वाले समय में उनके भविष्य निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है । उपायुक्त ने कहा कि चूंकि जिला चंबा प्राकृतिक आपदाओं के लिहाज से अति संवेदनशील है। इसलिए समर्थ–2024 अभियान के तहत लोगों को सुरक्षित निर्माण प्रथाओं पर जागरूक करने को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे विद्यार्थियों को 1100 रुपए की राशि प्रति शिक्षण संस्थान देने का ऐलान किया। उन्होंने प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को प्रथम पुरस्कार के रूप में 2500 रुपए की राशि उपलब्ध करवाने की भी घोषणा की। प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिहुन्ता एवं थल्ली ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह उच्च विद्यालय श्रेणी में राजकीय उच्च विद्यालय टप्पर ने प्रथम स्थान अर्जित किया।

वरिष्ठ श्रेणी में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गरनौटा के विद्यार्थियों प्रथम रहे। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा, एसडीएम प्रियांशु खाती, उपनिदेशक उच्च शिक्षा प्यार सिंह चाड़क, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश ठाकुर, ओएसडी प्रारंभिक शिक्षा उमाकांत आनंद उपस्थित रहे ।

### गो-तस्करों के हौसले बुलंद पुलिस कार्यप्रणाली पर सवाल

**नेरचौक/मंडी।** बल्ह बीडीओ कार्यालय के नजदीक रत्ती में एक निजी वाहन में रात के अंधेरे में लगभग एक दर्जन गाय बैलों के साथ कुछ कथित गो-तस्करों को जागरूक लोगों ने उन्हें रोका। मौके पर रत्ती पुलिस थाने से पुलिस वाले भी पहुंचे। घटना लगभग 9 बजे के आसपास की बताई जा रही है। आरोप है कि रात के अंधेरे में एक वाहन में गोधन को ले जा रहे लोगों पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। गाड़ी में से गाय-बैलों को उतरवा कर उन लोगों को वाहन के साथ वहां से जाने दिया गया।

इसी बीच पता चला है कि पुलिस ने इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की और अगली शाम को इस गो-तस्करी रोकने वालों में से एक युवक पर लगभग एक दर्जन लोगों ने उसके बिज़नेस एरिया में पहुंच कर मारमीट की। घायल युवक को रत्ती अस्पताल से रेफर किए जाने पर जब नेरचौक मेडिकल कॉलेज ले जाकर एडमिट किया गया। आरोप है कि वहां रत्ती पुलिस थाने के एक कांस्टेबल ने मेडिकल स्टाफ और अन्य लोगों को साथ अभद्र व्यवहार किया। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से एफआईआर दर्ज करवाई गई है व जांच जारी है।

## कुलदीप पठानिया ने बगढार में सड़क का किया भूमि पूजन

**अनंत ज्ञान, चंबा**


भूमि पूजन के दौरान कुलदीप पठानिया व अन्य।

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने भटियात विधानसभा क्षेत्र की दूरदराज ग्राम पंचायत बगढार में 88.85 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सड़क का भूमि पूजन किया। खुई रोड से नेनीखड्डु चूहन खेरी तक बनने वाली 2.1 किलोमीटर लंबी सड़क के बनने से ग्राम पंचायत बगढार के खुई, तरवाड़, कांडी, चुहान तथा बगढार नामक गांवों की लगभग 500 की आबादी लाभान्वित होगी।

इस अवसर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि प्रदेश के ग्रामीण व दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति तक सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा पेयजल जैसी सभी मूलभूत सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने बताया कि भटियात विधानसभा क्षेत्र में पिछले वर्ष 21 नई सड़कों का कार्य शुरू किया गया है जबकि इस वित वर्ष में 121 नई सड़क शुरू होने जा रही है। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में क्षेत्र की सभी ग्रामीण सड़कों को चरनवध तरीके से लोनिवि के अधीन कर बनाया जाएगा ताकि भविष्य में इनके मुरम्मत व रख रखाव की समस्या न हो।

उन्होंने कहा कि चुवाड़ी से चंबा के बीच प्रस्तावित लगभग 7 किलोमीटर लंबी सुरंग का निर्माण करना सरकार की प्राथमिकता है तथा इसकी फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार करने के लिए प्रदेश सरकार ने चार करोड रुपए का प्रावधान किया है। जिसके लिए शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया कर दी जाएगी। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश वन निगम के निदेशक कृष्ण चंद चेला, स्थानीय पंचायत प्रधान व्यास देव, अनिल भारद्वाज एसडीएम डलहौजी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी तथा स्थानीय लोग भी उपस्थित थे।

## बच्चों को दी रेबीज रोग से बचाव की जानकारी

**अनंत ज्ञान, भरमौर**


जानवरों की शल्य चिकित्सा करते विभाग के डॉक्टर।

**पशुओं में होने वाली बीमारियों के उपचार के बताए उपाय**

विश्व एनिमल-डे के अवसर पर पशु पालन विभाग चंबा द्वारा एक दिवसीय बहुउद्देशीय पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता उप निदेशक पशु पालन विभाग चम्बा डा मुंशी राम कपूर ने की।भरमौर उपमंडल की होली तहसील मुख्यालय पर आयोजित इस शिविर में पशुओं जिसमें घोड़े, बैल, गाय तथा पालतू कुत्तों की विभिन्न बीमारियों के उपचार हेतु चिकित्सकों द्वारा शल्य चिकित्सा की गई ।

शिविर में होली तहसील की विभिन्न पंचायतों से लगभग पचास भेड़, गाय, घोड़ा व खच्चर पालकों को पशुओं में आने बाली विभिन्न बीमारियों तथा उनके उपचार की विधियां तथा उपाय बताए। इसके अतिरिक्त विभाग की अन्य स्कीमों बारे अवगत करवाया गया। इसके उपरांत राजकीय वरिष्ठ पाठशाला होली में बच्चों को संबोधित करते हुए उप निदेशक पशु पालन विभाग चंबा डॉ. मुंशी कपूर ने स्कूली बच्चों को रेबीज रोग से बचाव व जानवरों के कल्याण बारे विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर सहायक निदेशक भेड़ विकास भरमौर डॉ. राकेश भंगालिया, वरिष्ठ चिकित्सा आधिकारी डॉ. अजय मसंद, डॉ. सुशील, डॉ. दीक्षा, डॉ. श्रेया व डॉ. रजत मसंद ने शिविर में विभिन्न पालतू जानवरों की शल्य चिकित्सा तथा विभिन्न बीमारियों की उपचार प्रिक्रिया में अपनी सेवाएं दी।

## सरकार बेरोजगारी से निपटने का कर रही प्रयास : पठानिया

**मुकेश कुमार, डलहौजी**


कार्यक्रम के दौरान मौजूद कुलदीप सिंह पठानिया व अन्य।

बट्ट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट बौंखरी मोड़ में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया जिसमें विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। इस अवसर पर उपस्थित प्रशिक्षुओं तथा क्षेत्र वासियों को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में बेरोजगारी की चुनौती से निपटने के लिए विशेष प्रयास कर रही है तथा इसके लिए तकनीकी तथा व्यवसायिक शिक्षा में निरंतर गुणात्मक सुधार किए जा रहे हैं ताकि प्रशिक्षित युवा पीढ़ी रोजगार व स्वरोजगार को अपनाकर अपना सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर सके।

पठानिया ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में निजी शिक्षण संस्थानों का अहम योगदान है तथा इस दिशा में बट्ट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट जिला चंबा में व्यावसायिक शिक्षा तथा स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहा है तथा यहां के शिक्षित युवक युवतियां सरकारी व निजी क्षेत्र में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश के चंहुमुखी विकास तथा गरीब कल्याण के लिए वचनबद्ध है। विकास के मामले में केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश के साथ भेदभावपूर्ण तथा असहयोगात्मक रवैया अपना रही है। प्रदेश के चुने हुए सांसद केंद्र सरकार के समक्ष हिमाचल प्रदेश के हितों की पैरवी करने में भी असफल साबित हो रहे हैं जिस कारण हिमाचल प्रदेश को केंद्र सरकार की ओर से राज्य के वाजिब हक नहीं मिल रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## एपीएमसी के चेयरमैन बनने पर ललित ठाकुर का किया स्वागत

**ओपी शर्मा, भरमौर**

एपीएमसी के चेयरमैन बनने के बाद किलोड़ वार्ड से जिला परिषद सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश स्टेट कोऑपरेटिव बैंक के निर्देशक ललित ठाकुर का विधानसभा क्षेत्र भरमौर के प्रवेश द्वार मैहला में पहुंचने पर उनके समर्थकों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।

यहां पहुंचने पर उनके समर्थकों द्वारा बैंड बाजा व फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान यहां पर उनके समर्थक भारी तादाद में इकट्ठे हुए। इसके बाद ललित ठाकुर का काफिला गाड़ियों से होते हुए भरमौर के 84 परिसर में पहुंचा। जहां पर उन्होंने 84 स्थित परिसर मंदिर में माथा टेका।

भरमौर में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा है कि आने वाले समय में भरमौर में बागवानों व किसानों के लिए बड़ी सब्जी मंडी खोली जाएगी। इसके लिए अधिकारियों को तुरंत जगह का चयन करने के लिए कहा जाएगा। उन्होंने कहा है सब्जी मंडी खोलने की जगह के लिए स्थानीय निवासियों की राय भी ली जाएगी। उन्होंने कहा है कि आने वाले बड़े देश यात्रा के दौरान अतिरिक्त हेलीपैड भरमौर के चलेड में बनाने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा गया है जिसके लिए उम्मीद है सीख रही परमिशन मिल जाएगी।

इस बार उम्मीद से अधिक श्रद्धालु मनीमहेष यात्रा के लिए आए थे लिहाजा भविष्य में यात्रा के लिए 3 मी का रोड चौड़ा रोड बनाने के प्रयास किए जाएंगे। किसानों व बागवानों को अपना उत्पाद मार्केट तक पहुंचाने के लिए परेशानी ना हो इसके लिए बाकायदा रोपवे और सड़क बनाने के प्रयास भी मार्केटिंग कमेटी अपने पैसे से करवाएगी।

इस मौके पर उनके साथ समर्थकों की खूब भीड़ भी देखी गई। इस मौके पर उन्होंने भरमौर में अधिकारियों के साथ बैठक करके विकास कार्य को लेकर चर्चा भी की गई।

इस मौके पर काफिले के दौरान भरमौर के विधायक डॉक्टर जनक राज ने रास्ते में रुख कर नव निर्वाचित एपीएमसी के अध्यक्ष ललित ठाकुर को पुष्प गुच्छ भेंट किया और भरमौर के विकास के लिए संयुक्तरूप से काम करने की अपील की।

## एचएच 1 और एक्स श्रेणी की दवाइयां बेचने वाले को लगाने होंगे सीसीटीवी कैमरे

**अनंत ज्ञान, चंबा**


मुकेश रेपसवाल

जिला दंडाधिकारी मुकेश रेपसवाल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 के तहत आदेश जारी करते हुए जिला चंबा में अनुसूची एच, एच1 और एक्स श्रेणी की दवाइयां बेचने वाले सभी फार्मेसी-केमिस्ट को तत्काल प्रभाव से अपने परिसरों में सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने के निर्देश दिए हैं।

जिला में बच्चों को बिना चिकित्सीय परामर्श के अनुसूची एचएच 1 और एक्स श्रेणी दवाइयों की बिक्री पर तत्काल रोकथाम और नियंत्रण लगाने के लिए यह आदेश जारी किये गए हैं। जारी आदेश में यह भी कहा गया है कि सीसीटीवी कैमरों को हर समय क्रियाशील और चालू हालत में रखना होगा तथा कैमरे का रिकॉर्ड समय-समय पर नियामक प्राधिकरण जैसे ड्रग और पुलिस अधिकारियों को उपलब्ध करवाना होगा।

आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि नियमों के उल्लंघन की अवस्था में किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 77 तथा किशोर न्याय आदर्श नियम, 2016 के नियम 56 के अंतर्गत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी । आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होकर आगामी आदेश तक प्रभावी रहेंगे।

### चरस सहित आरोपी काबू

**चंबा।** चुराह के तहत कैला मोड़ के पास पुलिस टीम ने एक व्यक्ति को चरस के साथ पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 432 ग्राम चरस बरामद की है।

आरोपी जगदीश निवासी गांव दवारी डाकघर चांजू का रहने वाला है। उसे गिरफ्तार कर लिया है। एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है। पुलिस टीम कैला मोड़ के समीप नाका लगाया था। कैला की तरफ एक व्यक्ति पैदल आया। पुलिस को देखकर उसने भागने की कोशिश की। पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया। पूछताछ के बाद बैग की तलाशी ली तो 432 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया।

## भानु प्रताप ने विभाग की गतिविधियों और एपीएमसी पर किया जागरूक


बैठक के दौरान गणमान्य लोग।

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

अध्यक्ष एपीएमसी ललित ठाकुर की अध्यक्षता में आज लघु सचिवालय पट्टी के सभागार में स्थानीय प्रशासन और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान भरमौर में कृषि मंडी निर्माण के लिए भूमि चयन करने के लिए विस्तृत चर्चा की गई।

चर्चा के उपरांत अध्यक्ष एपीएमसी ललित ठाकुर ने भूमि चयनित हेतु स्थानीय प्रशासन भरमौर को निर्देशित किया। साथ ही में उन्होंने कुछ स्थायी जगह चयनित करने जहां पर परिवहन की व्यवस्था हो, वहां पर बागवानों की उपज को स्थानीय मंडी तक पहुंचने के लिए रोपवे व संपर्क मार्ग के लिए जगह चयनित करने के लिए भी कहा।

बैठक का संचालन सचिव कृषि उपज मंडी चंबा भानु प्रताप ने किया । उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी को विभाग की विभिन्न गतिविधियों से अवगत करवाया और एपीएमसी के बारे में जागरूक किया। (अनंत ज्ञान)

### सूडोकु 0078 ★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | 9 | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 9 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | 1 | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0077 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

अनंत ज्ञान

### आज का पंचांग

6 अक्तूबर, 2024, रविवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत** :1946 (क्रोधी), **मास :** आश्विन, **तिथि** तृतीया : (7.51): **नक्षत्र** विशाखा, **पक्ष** : शुक्ल **योग :** प्रीति(पूर्ण रात्रि) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:45-12:32), **राहुकाल** (4:32 -6:00)।

**विशेष दिन**

» 6 अक्तूबर : विनायक चतुर्थी आज।

» 7 अक्तूबर 2024 : ललिता पंचमी कल।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेषः** अपने निर्णय को सुरक्षित रखें, हर किसी को अपना प्रयोजन न बताएं। लक्ष्य को ध्यान में रखकर प्रयत्न करें।

**वृषभः** संतान से जुड़े मामले सहज ही निपटेंगे। प्रगतिवर्धक समाचार मिलेंगे। व्यावसायिक अनुकूलता बनी रहेगी।

**मिथुनः** अपने व्यवहार को नम्र बनाएं। दूसरों की बातों को भी सुनें। कटु वचनों का प्रयोग न करें।

**कर्कः** समाज में आप का प्रभाव बढ़ेगा। प्रशासन से जुड़े लोग व्यस्त रहेंगे। शुभ कार्यों में संलग्न होने से सुयश एवं सम्मान मिलेगा।

**सिंहः** कार्यस्थल पर कर्मचारियों का सहयोग मिलेगा। नई साझेदारी लाभदायक रहेगी।

**कन्याः** दिन की शुरुआत में आलस की अधिकता रहेगी। राज्यपक्ष में आपका प्रभाव बढ़ेगा। विरोधियों से सावधान रहें।

**तुलाः** अच्छा सोचें, सकारात्मक विचारों के कारण प्रगति के अवसर आएंगे। धन प्राप्ति के योग हैं। व्यापार अच्छा चलेगा।

**वृश्चिकः** जो भी करें सोच-समझ के करें। लोगों के बिच अपनी छवि सुधारें। अनसोचे कामों में हाथ नहीं डालें।

**धनु :** आप की मेहनत के अनुकूल सफलता मिलेगी। प्रतिस्पर्धा में यश, सफलता मिलेगी। संतान से मदद प्राप्त हो पाएगी।

**मकरः** समय मध्यम है, तनाव बढ़ेगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें। महत्व के कार्य, निर्णयों में सहयोग लेना होगा।

**कुंभः** आर्थिक लाभ होने से रुके कार्यों को गति मिलेगी योजनाएं फलीभूत होंगी। लेनदेन, कर्ज, खर्च की पूर्णता होगी।

**मीनः** समय पर निर्णय लेने से कार्यों में सफलता तय है। व्यावसायिक संबंधों का लाभ मिलेगा।

## पत्थर, डंडे व लोहे की रॉड से व्यक्ति पर किया जानलेवा हमला, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

**पीड़ित के गले से सोने की चेन भी उड़ा ले गए आरोपी**

बल्ह थाना में मुंदड़ू-टरोह निवासी एक युवक ने पत्थर डंडे लोहे की रोड से जानलेवा हमले को लेकर शिकायत दर्ज करवाई है।

जानकारी के अनुसार पुलिस थाना बल्ह में सुमित राजपूत पुत्र यशवन्त सिंह गांव मुन्दड़ू- ट्रोह ने शिकायत की है कि शाम के समय जयपाल, संदीप, राहुल और उसके साथियों जिनके साथ महिला भी थी ने इसे कार से बाहर खींचा और पत्थर डंडे लोहे की रौड़ से जानलेवा हमला किया और गले से सोने की चेन भी उड़ा ले गए। इन तीनों ने उसके पिता को जिनका नाम यशवंत सिंह है को जान से मारने की भी धमकी दी है।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि थाना प्रभारी पुरुषोत्तम धीमान ने की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पेंशनर्स में पेंशन के भुगतान में देरी होने पर रोष

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**


बैठक के दौरान मौजूद पेंशनर्स संघ के सदस्य।

हिमाचल पेंशनर संघ डलहौजी की बैठक का आयोजन पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में किया गया जिसकी अध्यक्षता आरके शर्मा ने की।

इस बैठक में पेंशनर को आने वाले समस्याओं के ऊपर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। नेशनल संघ ने सरकार द्वारा पेंशनर की उपेक्षा करने पर खासी नाराजगी जताई और पेंशन का भुगतान 9 दिन देरी से करने पर भी सरकार के ऊपर उनकी उपेक्षा करने का आरोप लगाया। पेंशनर्स संघ ने आरोप लगाया है कि उनकी पेंशन का भुगतान बिना सूचना के 9 दिन बाद हुआ है जिससे पेंशनर वर्ग खासा नाराज है। इस मौके पर संघ ने सरकार को चेताया है कि यदि भविष्य में उनकी इस तरह ही उपेक्षा की जाती रही तो वह सरकार के खिलाफ आंदोलन करने पर भी बाध्य हो जाएंगे। पेंशनरों के प्रति दोहरा मापदंड अपनाने के कारण पेंशनरों को सरकार के खिलाफ काफी नाराजगी है।

## खेलकूद स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण : उषा

**बबलू पठानिया, चुबाड़ी**



बच्चों को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

राइजिंग स्टार पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के छात्रों ने विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिताओं में शामिल खेलों में दौड़, कूद, कबड्डी, कुर्सी दौड़, बैलून सिकलिंग प्किलिंग आदि शामिल थे। छात्रों ने उत्साह और जोश के साथ भाग लिया और अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने का प्रयास किया।

समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल के प्रधानाचार्या, उषा चाढ़क ने भाग लिया। उन्होंने सभी छात्रों की प्रशंसा की और उनके उत्साह और खेल भावना की सराहना की। उन्होंने कहा कि खेलकूद न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह छात्रों को टीम भावना, अनुशासन और नेतृत्व गुणों को विकसित करने में भी मदद करता है।

समारोह के अंत में, मुख्य अतिथि असिस्टेंट प्रोफेसर डा. आकाश दीप शर्मा ने सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण पत्र दिए गए। सभी छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी गई और उन्हें भविष्य में भी अपनी खेल प्रतिभा को निखारने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

राइजिंग स्टार पब्लिक स्कूल ने इस तरह के खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन करके छात्रों के समग्र विकास को प्रोत्साहित किया है। ये प्रतियोगिताएं न केवल छात्रों को खेलों में रुचि लेने के लिए प्रेरित करती हैं, बल्कि उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और टीम भावना विकसित करने के लिए भी प्रोत्साहित करती हैं। (अनंत ज्ञान)

## डीएवी स्कूल की पूर्व छात्रा वसुधा न्यूयार्क में सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी के लिए बड़े गौरव की बात है कि इस विद्यालय की पूर्व छात्रा वसुधा कपूर को अमेरिका न्यूयार्क में प्रतिष्ठित बान की मून पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया ने बताया कि वसुधा कपूर को यह पुरस्कार न्यूयार्क में सोशल कैपिटल गाला इवेंट में प्रदान किया गया।

यह पुरस्कार बान की मून पुरस्कार समारोह में पूर्व संयुक्त राष्ट्र महासचिव बान की मून, सोशल कैपिटल इनिटिएटिव्स की अध्यक्ष डॉ गीता मेहता और अन्य सम्मानित अतिथियों सहित विशिष्ट अतिथियों के समक्ष प्रदान किया गया। प्रधानाचार्य ने यह भी बताया कि वसुधा मंडी की रहने वाली है और उन्होंने पढ़ाई पूरी करने के बाद मेरा गांव, मेरी दुनिया नामक एक एनजीओ की स्थापना की है। वसुधा डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी की एक होनहार छात्रा रही है। उन्हें यह पुरस्कार मध्यप्रदेश में प्रधानाचार्य के एस गुलेरिया ने वसुधा कपूर और उनके माता- पिता को ढेरों बधाइयां दी। साथ ही उन्होंने वसुधा के कार्यों व इस उपलब्धि से विद्यार्थियों को भी प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

**जिसके** पास जितना कम ज्ञान होगा, वह अपने ज्ञान के प्रति उतना ही हठी होगा। –**ओशो**

## संपादकीय

# 'लाल आतंक' का खात्मा

छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के 'लाल आतंक' का खात्मा करने के लिए आजकल सुरक्षाबलों ने विशेष अभियान चलाया है। करीब 1500 जवानों ने लगातार 48 घंटे नक्सल विरोधी अभियान चलाकर 31 नक्सलियों को मौत की नींद सुलाया है। छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद से नक्सिलयों के खिलाफ यह अब तक का सबसे बड़ा अभियान है। हालांकि, इससे पहले भी ऐसे अभियान चलते रहे हैं, लेकिन इस अभियान को सबसे तेज अभियान माना जा रहा है। सरकार के प्रयासों से निश्चित रूप से केंद्र सरकार के लिए नासूर बना नक्सलवाद अब खात्मे की ओर है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास और आर्थिक सुधार लाने के लिए यह कदम बहुत जरूरी था।

दूसरी ओर, यह बात भी सत्य है कि इस विकट समस्या का समाधान लोगों के समर्थन के बिना नहीं हो सकता। जब तक लोग नक्सलियों के खिलाफ खुलकर सामने नहीं आएंगे, तब तक केंद्र सरकार को आशा के अनुरूप सफलता नहीं मिल सकती है। सुरक्षाबलों को मजबूत करने और उन्हें आधुनिक हथियारों से लैस करने से नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई में काफी मदद मिल सकती है। नक्सलियों के बारे में खुफिया जानकारी इकट्ठा करने से उनकी गतिविधियों पर निगरानी रखना आसान रहता है, लेकिन इस काम में स्थानीय लोग रिस्क ज्यादा नहीं लेते। भले ही इसके बदले में उन्हें सरकार की ओर से इनाम के रूप में अच्छी खासी राशि दी जाती है, लेकिन अपनी जान जाने के भय से वह नक्सलियों के ठिकानों का पता बताने से परहेज करते हैं। यही वजह है कि सरकार को अपने अभियानों को चलाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने से और लोगों का समर्थन हासिल करने से नक्सलियों का प्रभाव कम हो सकता है। राजनीतिक और प्रशासनिक सुधार लाने से लोगों का विश्वास सरकार में बढ़ सकता है, साथ ही नक्सलियों के प्रचार को रोकने के लिए मीडिया और संचार का उपयोग करना होगा।

नक्सलियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने से उन्हें सजा दिलाने में मदद मिल सकती है। नक्सलियों के लिए पुनर्वास कार्यक्रम शुरू करने से उन्हें मुख्यधारा में लाने में मदद मिल सकती है। नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई में अंतरराष्ट्रीय सहयोग लेना भी उचित रहेगा। दरअसल, नक्सलवाद भारत में एक सशस्त्र क्रांतिकारी आंदोलन है, जिसका उद्देश्य वर्तमान राजनीतिक और आर्थिक व्यवस्था को बदलना और समाजवादी या मार्क्सवादी व्यवस्था स्थापित करना है। यह आंदोलन 1960 के दशक में पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी जिले में शुरू हुआ था। धीरे-धीरे नक्सलियों ने अपना विस्तार किया और देखते ही देखते आज नक्सलवाद की सबसे बड़ी समस्या बन गया है, खासकर मध्य और पूर्वी भारत में। नक्सलवादी गतिविधियों से प्रभावित राज्यों में छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। नक्सलवादी समूह पुलिस और सुरक्षाबलों पर हमले करते हैं और आम नागरिकों की हत्याएं और अपहरण भी करते हैं। नक्सलवादी गतिविधियों से विकास परियोजनाओं और आर्थिक गतिविधियों में बाधा उत्पन्न होती है, जो किसी भी राज्य के लिए उचित नहीं है। नक्सलवादी समूहों का काम स्थानीय समुदायों में भय और अस्थिरता फैलाना होता है। वह चुनावों में हस्तक्षेप करते हैं और राजनीतिक प्रक्रिया को कमजोर करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। गरीबी और आर्थिक असमानता, सामाजिक और राजनीतिक भेदभाव, शिक्षा और रोजगार की कमी, प्रशासनिक और पुलिसिया लापरवाही के कारण नक्सलवाद ज्यादा पनप रहा है।

नक्सलवाद का समाधान के लिए सरकार को सुरक्षाबलों की तैनाती करनी चाहिए तथा विकास परियोजनाएं चलाकर रोजगार के अवसर मुहैया करवाने चाहिएं। इसके साथ ही शिक्षा तो सबसे बड़ा हथियार है। यदि नक्सल वर्ग का व्यक्ति शिक्षित होगा तो निश्चित तौर पर उसकी सोच में फर्क आएगा और वह पढ़-लिखकर रोजगार के अवसर ढूंढेगा। सामाजिक और आर्थिक सुधार से नक्सलवाद को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसके अलावा सरकार को नक्सलवादी समूहों के साथ वार्ता की कोशिशें जारी रखनी चाहिएं, क्योंकि जो काम बात करने से हो सकता है, वह गोली चलाने से नहीं हो सकता। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि सरकार इस दिशा में भी जरूर कदम उठाएगी। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### हिंदी फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता

**विनोद** खन्ना हिंदी फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता थे। वर्ष 1997 और 1999 में वह दो बार पंजाब के गुरदासपुर क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी की ओर से लोकसभा सांसद भी चुने गए। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली भारत सरकार में उन्होंने पर्यटन और संस्कृति मंत्री के तौर पर काम किया। बाद में उन्हें विदेश राज्य मंत्री की जिम्मेदारी भी दी गई थी। विनोद खन्ना अपने वक्त के सबसे हैंडसम अभिनेताओं में गिने जाते थे। उन्होंने कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों में काम किया। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत नकारात्मक किरदारों से की, बाद में वह मुख्यधारा के हीरो बन गए। उन्होंने सुनील दत्त की 1968 में आई फिल्म 'मन का मीत' में विलेन का किरदार निभाया। विनोद खन्ना का पेशावर, पाकिस्तान में हुआ था, लेकिन विभाजन के बाद इनका परिवार मुंबई आकर बस गया था। 1977 में अमिताभ बच्चन के साथ की गई फिल्म 'परवरिश' ने उन्हें बड़ा ब्रेक दिलाया। पहली बार इसी फिल्म से उन्होंने स्टारडम का स्वाद चखा।



**विनोद खन्ना**
**जन्म** : 6 अक्तूबर, 1946
**मृत्यु** : 27 अप्रैल, 2017

विनोद को 1971 में पहली सोलो लीड फिल्म 'हम तुम और वो' मिली। बाद में गुलजार के 'मेरे अपने' में शत्रुघ्न सिन्हा के अपोजिट निभाए गए उनके किरदार को आज भी लोग याद करते हैं। अमिताभ के अपोजिट हेराफेरी, खून पसीना, अमर अकबर एंथनी, मुकद्दर का सिकंदर में भी उन्होंने यादगार रोल निभाया। कहा जाता है कि अगर विनोद खन्ना ओशो के आश्रम न जाते तो आने वाले वक्त में वह अमिताभ बच्चन के स्टारडम को फीका कर देते। ■

## अपनी बात



**मोबाइल** फोन न केवल आपको उम्र से पहले बूढ़ा बना रहा है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचा रहा है। तकनीक में बदलाव आने के साथ-साथ हमारे लाइफ स्टाइल में भी बहुत बदलाव आया है। सुबह उठने से लेकर रात को सोने तक मोबाइल हमारी पहली जरूरत बन गया है। स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताने के कारण ही हम उम्र से पहले ही कई बीमारियों में फंसते चले जाते हैं। इनमें आखें कमजोर होने से लेकर कई मेंटल और फिजिकल प्रॉब्लम शामिल हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपका मोबाइल चेहरे पर आने वाली झुर्रियों का कारण भी बन सकता है? इतना ही नहीं यह आपके तनाव और एंग्जाइटी बढ़ाकर मानसिक स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचा रहा है। सेल फोन की लत से सिफ हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर असर नहीं पड़ता, बल्कि इससे हमारी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ भी प्रभावित हो सकती है। एक्सपेरिमेंटल एंड क्लिनिकल साइंस की रिसर्च में साबित हुआ है कि सेल फोन की लत रिश्तों में लड़ाई के साथ काम पर ध्यान नहीं लगने का कारण हो सकता है। इस कारण हमें एक दिन में कम से कम दो घंटे ही इस पर बिताने होंगे। –**स्वास्तिका, पपरोला**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# कुल्लू दशहरा : क्यों आत्मदाह किया था गरीब ब्राह्मण परिवार ने...

हिमाचल की प्राचीन रियासतों में कुल्लू जनपद अपनी लोक संस्कृति, पौराणिक देवी देवताओं व ऋषि-मुनियों से संबंधित होने के कारण ही अति प्राचीन जनपद जान पड़ता है। इस जनपद के अति प्राचीन होने की जानकारी हमें अपने पौराणिक साहित्य व अन्य प्राचीन ग्रंथों से भी हो जाती है। प्राचीन पौराणिक साहित्य में कुल्लू के लिए कुलूत शब्द का प्रयोग मिलता है, इसीलिए इसे प्रागैतिहासिक युग के जनपद से भी जोड़ा जाता है। इसकी पुष्टि यहां प्रचलित देवी-देवताओं की भारथाओं को सुनने से भी हो जाती है। हिमालय की इस पवित्र भूमि पर आदि काल से ही कई एक देव यौगिक जातियां, जिनमें असुर, नाग, दानव, गंधर्व, अप्सराएं, भूत-पिशाच व सिद्ध आदि आ जाते हैं और ये सभी जातियां यहीं निवास करती थीं।

इनके सांस्कृतिक अवशेष आज भी कुल्लू की मिश्रित संस्कृति में देखने को कहीं न कहीं मिल ही जाते हैं। कुल्लू की संस्कृति में इसके मेलों, तीज-त्योहारों व उत्सवों का अपना विशेष स्थान व पहचान है। इन्हीं मेले त्योहारों और उत्सवों को यहां पर ग्रामीण स्तर से लेकर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर तक मनाते हुए देखा जा सकता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाए जाने वाला यहां का उत्सव रूपी दशहरा मेला तो आज कुल्लू की विशेष पहचान बन गया है। इसी दशहरे को कुल्लू की स्थानीय भाषा में विदा दसमीं (विजय दशमी) के नाम से जाना जाता है। दशहरे का यह उत्सव कुल्लू में उस दिन से शुरू होता है, जब की देश के अन्य भागों में दशहरा समाप्त हो जाता है। इसके अतिरिक्त यहां रावण आदि के पुतलों को नहीं जलाया जाता, हां लंका दहन का कार्यक्रम जरूर किया जाता है।

दशहरे का चलन कुल्लू में कब व कैसे हुआ, जिसका भी अपना एक लंबा इतिहास है। प्रचलित जनश्रुतियों अनुसार बताया जाता है कि कुल्लू के राजा जगत सिंह के समय किसी ने राजा के कान में झूठ में ही यह बात डाल दी कि मणिकर्ण के टिपरी गांव के पंडित दुर्गा दास के पास एक पाथा (लगभग डेढ़-दो सेर) सुच्चे मोती हैं। फलस्वरूप राजा के मन में पंडित दुर्गा दास से मोती प्राप्त करने की चाहत जागृत हो गई और उसने अपना संदेश वाहक पंडित के पास भेज कर उसे मोती देने को कहा, लेकिन पंडित के पास तो कोई भी मोती नहीं थे, इसलिए संदेश वाहक खाली हाथ राजा के पास पहुंचा और सारी जानकारी राजा को दे दी।



**लेखक : डॉ. कमल के प्यासा**
लोअर समखेतर, मंडी

इसके पश्चात राजा ने अपना संदेश पंडित के पास फिर भेजा कि मैं (राजा) खुद मणिकर्ण पहुंच कर तुम से मोती ले लूंगा। गरीब पंडित राजा के बार-बार के संदेशों से तंग पड़ गया और फिर उसने अपने परिवार सहित घर को आग लगा कर आत्मदाह कर लिया। कहा जाता है कि पंडित व परिवार द्वारा इस तरह से आत्मदाह के फलस्वरूप ही राजा जगत सिंह को ब्रह्म हत्या का दोष लग गया और वह कुष्ठ रोग से ग्रस्त हो गया। ऐसा भी बताया जाता है कि राजा जब भी भोजन करने लगता तो उसे भोजन में कीड़े ही कीड़े नजर आते। जब पानी पीने लगता तो उसे खून नजर आता। इस तरह राजा निराश रहने लगा और अपने इस दोष से मुक्त होने के लिए तरह तरह के उपाय करके भी वह थक चुका था। आखिर में राजा ने अपने पुराने पुरोहित किशन दास से इस संबंध में चर्चा की तो उसने राजा को दोषमुक्त होने के लिए अयोध्या से भगवान रघुनाथ की प्रतिमा लाने के लिए कह दिया। पुरोहित ने ही फिर अपने एक शिष्य दामोदर दास को इस कार्य के लिए अयोध्या भेज कर भगवान रघुनाथ की मूर्ति मंगवा ली, लेकिन इसी कार्य के मध्य ही जब दामोदर दास ने मूर्ति को अयोध्या से चुराया तो उसी समय अयोध्या मंदिर के पंडित जोधवार ने उसे पकड़ लिया और प्रतिमा को दामोदर दास से छुड़ाने का प्रयास करने लगा, लेकिन वह प्रतिमा को नहीं छुड़ा पाया और इस तरह से दामोदर दास द्वारा प्रतिमा ठीकठाक कुल्लू पहुंचा दी गई।

ऐसा भी बताया जाता है कि प्रतिमा को कुल्लू में पहुंचने से पूर्व इसे मणिकर्ण, हरिपुर, वशिष्ठ व ग्राहण गांव में भी गुप्त रूप से रखा गया ताकि प्रतिमा की किसी को भनक न लग जाए। आज भी वशिष्ठ, मणिकर्ण व अन्य स्थानों में भगवान रघुनाथ जी के बने मंदिर वहां देखे जा सकते हैं और इन स्थानों पर भी दशहरे का त्योहार ऐसे ही मनाया जाता है। इस तरह से प्रतिमा के कुल्लू पहुंचने पर राजा जगत सिंह ने एक विशाल यज्ञ का आयोजन करके अपना राजपाठ भगवान रघुनाथ जी को समर्पित कर दिया था और खुद सेवक के रूप में रहने लगे। ऐसा भी बताया जाता है कि हत्या से मुक्ति पाने के पश्चात प्रतिमा की विधिवत स्थापना माग मास की 5 तारीख वाले दिन 1660 ई. को की गई थी। इसके पश्चात ही 1661 ई. में ढालपुर मैदान (काठागली झाड़) में दशहरे की परंपरा शुरू हो गई। यही परंपरा शुरू शुरू में हरीपुर, मणिकर्ण, वशिष्ठ व जगत सुख (जहां-जहां पहले भगवान रघुनाथ जी की प्रतिमा रखी गई थी) में दशहरे के रूप की जाती है और आज भी जारी है।

कुल्लू में दशहरा शुरू होने से पूर्व सबसे पहले राज परिवार द्वारा देवी हिडिंबा की पूजा-अर्चना की जाती है। देवी पूजन के पश्चात राजमहल से भगवान रघुनाथ जी की शोभायात्रा निकलती है। शोभायात्रा में देवी हिडिंबा के साथ अन्य देवी-देवताओं के रथ भी शामिल होते हैं। शोभायात्रा के ढालपुर पहुंचने पर सबसे पहले रघुनाथ जी की प्रतिमा को लकड़ी के बने बड़े से रथ में रखा जाता है। इसके पश्चात रथ को जनसमूह द्वारा रस्सों को पकड़ कर ढालपुर मैदान के मध्य तक खीज कर ले जाते हैं। यहीं पर पहले से बनाए गए शिविर में रघुनाथ जी की प्रतिमा को रख दिया जाता है। इस सारे कार्यक्रम को ठाकुर निकलना कहा जाता है। दशहरे का छठा दिन मुहल्ला के नाम से जाना जाता है और इस दिन सभी देवी-देवता अपनी उपस्थिति भगवान रघुनाथ जी के यहां देते हैं। अंतिम दिन भगवान रघुनाथ जी को फिर से उसी लकड़ी वाले रथ में रखकर फिर से मैदान के दूसरे छोर पर ले आते हैं। इसी के साथ ही साथ नीचे ब्यास नदी के किनारे जहां पर घास-फूस व लकड़ियों का ढेर लगा होता है, उसे आग लगा दी जाती है और वहीं पर पांच पशुओं की बलि दी जाती है। इस समस्त रस्म को लंका दहन कहा जाता है। इसके पश्चात फिर भगवान राघुनाथ जी के रथ को खींच कर मैदान के पहले वाले स्थान में ले आते हैं। फिर उसी पालकी द्वारा रघुनाथ जी को वापस राजमहल मंदिर में पहुंचा दिया जाता है। इसके साथ ही साथ दशहरा मेले में पहुंचे सभी देवी-देवता अपने अपने रथों में वापस अपने-अपने गांव की ओर प्रस्थान करना शुरू कर देते हैं।

कुल्लू का दशहरा जो कि अपनी इस देव संस्कृति के लिए विशेष रूप से जाना जाता है, में दिन के समय मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के खेलों, प्रदर्शनियों के आयोजन (सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा) के अलावा देश के विभिन्न भागों से आए साजो सामान व सजावट की वस्तुओं की खूब बिक्री होती है। वहीं, रात्रि के समय कला केंद्र में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रदेश व देश विदेश से आए कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है जो कि दशहरे में आए लोगों के लिए एक विशेष व महत्वपूर्ण कार्यक्रम होता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# कंप्यूटर शिक्षकों का दर्द समझे प्रदेश सरकार

शिक्षण को सही मायने में एक महान पेशा माना जाता है। शिक्षक अंतत: छात्रों के लिए आदर्श बन जाते हैं। बच्चे उन्हें गहरे सम्मान के साथ देखते हैं और बड़े होकर उनके जैसा बनने की ख्वाहिश भी रखते हैं, जिसमें कोई संदेह नहीं। इसी परिप्रेक्ष्य में आज हम आप सभी के समक्ष हिमाचल प्रदेश के उन तमाम हजारों कंप्यूटर शिक्षकों(1321) का दर्द एवं जिक्र करना चाहेंगे जो हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं दुर्गम क्षेत्रों में दशकों से अपनी बेहतरीन सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, जिन्होंने संभवत: अपने जीवन का सबसे महत्वपूर्ण और अधिकांश किमती समय शिक्षण संस्थानों में व्यतीत कर दिया है और वर्तमान में भी संघर्षरत हैं।



**लेखक : हेमराज राणा**
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

प्रदेश और केंद्र सरकार भी छात्रों को आधुनिकता के इस दौर में कंप्यूटर जैसी लोकप्रिय शिक्षा पर बहुत अधिक प्रयास कर रही है, ताकि भविष्य में छात्रों को बेहतर अनुभव एवं इस क्षेत्र में सुनहरा भविष्य बने, जो कंप्यूटर शिक्षा वर्तमान में संभवत: सबसे अधिक लोकप्रिय एवं ज्ञानवर्धक जानकारियां एक क्लिक पर उपलब्ध हो जाती है परंतु वर्तमान में हिमाचल प्रदेश में कंप्यूटर शिक्षक दशकों से प्रदेश सरकार के सामने अपने भविष्य को सुरक्षित करने और स्थायी नीति को लेकर गुहार लगा रहे हैं।

हरेक सरकार में इस शिक्षक वर्ग को आश्वासनों के अलावा कुछ खास अभी तक धरातल पर देखने को नहीं मिल पाया है, जबकि समय-समय पर विभिन्न सरकारों ने कंप्यूटर शिक्षकों के वेतन में जरूर इजाफा किया है, परंतु जिस स्थायी नीति और अपने भविष्य को सुरक्षित करने को लेकर कंप्यूटर शिक्षक दशकों से तत्कालीन मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री एवं वर्तमान के समक्ष अपना दुखड़ा सुना रहे हैं, वे अपने आप में भाव-विभोर और चिंता का विषय है, तो वहीं हिमाचल प्रदेश की जनता का भी सुझाव एवं निवेदन है कि प्रदेश सरकार कंप्यूटर शिक्षकों के लिए स्थायी नीति बनाए ताकि भविष्य में तमाम शिक्षक पूरी मानसिकता और तत्परता के साथ छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर सकें। यहां देखने एवं समझने वाली बात यह भी है कि हिमाचल प्रदेश में पूर्व के अनेक दशकों से इस प्रकार के स्थायी नीति को लेकर विभिन्न शिक्षक वर्ग सरकारों के आगे गुहार लगाते रहे हैं, जिसमें कहीं न कहीं उन्हें सफलता भी प्राप्त हुई है।

इसमें भी कोई अतिशयोक्ति नहीं है कि इस प्रकार की अनेक शिक्षक भर्तियों में निमयों का कहीं न कहीं पालन नहीं हो पाया, जिसमें सबसे बड़ी बाधा प्रदेश सरकार को हिमाचल उच्च न्यायालय के वह तमाम आदेश एवं नियमों की दरकार की समस्या भी पेश आती है, परंतु जिस प्रकार पूर्व की सरकार में हिमाचल प्रदेश के हजारों पीटीए शिक्षकों को सर्वोच्च न्यायालय एवं प्रदेश सरकार के सहयोग से दशकों की सेवाओं के बाद नियमित करने की सौगात मिली, संभव है कि अगर उसी प्रकार प्रदेश सरकार प्रदेश उच्च न्यायालय को विश्वास में लेकर कंप्यूटर शिक्षकों को भी नियमित करने का प्रयास करती है तो संभव है कि भविष्य में उन तमाम हजारों कंप्यूटर शिक्षकों को मानो जैसे नया जीवन मिल जाए। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता



### मैया का दरबार

**शिव सन्याल**
जवाली, कांगड़ा

*मैया के दरबार में, होती कृपा अपार।*
*दर्शन करने आ रहे, बोलें जय जयकार।।*
*जगमग लड़ियों से सजी, मूर्ति बनी बेजोड़।*
*मैया के दरबार में, भक्त खड़े कर हाथ जोड़।।*
*मैया के दरबार में, उमड़ रहा मन प्यार।*
*हाथ में फूल हैं लिए, करने को दीदार।।*
*श्रृद्धा मन में है भरी, क्या गरीब धनवान।*
*मैया के दरबार में, मांग रहे वरदान।।*
*मैया के दरबार में, रिद्धि सिद्धि का योग।*
*कष्ट निवारे आप मां, करें दूर सब रोग।।*
*हो कर शेर सवार मां, आई है दरबार।*
*मांग रहे तुम से सभी, दोनों हाथ पसार।।*
*अमन चैन से सब रहें, सुखी बसे संसार।*
*प्यार रहे मन में सदा, हो न कहीं तकरार।।*

# उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से पर्यावरण प्रदूषित होता है

उर्वरक भारत में कृषि उत्पादन और किसानों की आय बढ़ाने के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण आदानों में से एक है। कुल उर्वरक खपत के मामले में भारत दुनिया में दूसरे और दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) देशों में पहले स्थान पर है। उर्वरक वितरण और उपयोग से संबंधित सरकारी नीतियों में बदलाव ने पोषक तत्व उपयोग अनुपात को काफी प्रभावित किया है। उर्वरक पोषक तत्वों का अत्यधिक उपयोग या दुरुपयोग या असंतुलित उपयोग पर्यावरणीय गिरावट और जलवायु परिवर्तन का कारण बन रहा है। असंतुलित उर्वरक उपयोग के मिश्रित हानिकारक प्रभाव न केवल मिट्टी और वायुमंडलीय प्रदूषण को बढ़ा रहे हैं, बल्कि जल निकायों (यूटोफिकेशन) को भी प्रभावित कर रहे हैं। जैव विविधता और मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं।

उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से पर्यावरण प्रदूषित होता है, क्योंकि उनकी अवशिष्ट और अप्रयुक्त मात्रा हवा, पानी और मिट्टी के लिए प्रदूषक बन जाएगी। यह जल निकायों में यूट्रोफिकेशन की प्रक्रिया भी शुरू करता है, जिससे मिट्टी के माइक्रोफ्लोरा को मारकर मिट्टी की गुणवत्ता कम हो जाती है। उर्वरकों के अधिक प्रयोग से मिट्टी की अम्लता भी बढ़ती है। उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग मिट्टी के पारिस्थितिकी तंत्र को भी परेशान करता है, जो अंतत: मिट्टी की उत्पादकता को बाधित करता है। रासायनिक उर्वरकों के अपने उपयोग हैं, लेकिन उनके छिपे खतरे भी हैं। चाहे खेत में या लॉन में उपयोग किया जाए, पौधों को बढ़ने में मदद करने के लिए जितना उपयोग किया जा सकता है। उससे अधिक लगाने से पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य को नुकसान होता है। चूंकि रासायनिक उर्वरकों से होने वाली क्षति अक्सर दीर्घकालिक और संचयी होती है, इसलिए मिट्टी को उर्वरित करने के वैकल्पिक और टिकाऊ तरीकों पर विचार करना बुद्धिमानी हो सकती है। रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से पर्यावरण संबंधी समस्याएं खराब हैं और उन्हें हल करने में कई साल लगेंगे। हालांकि, रासायनिक उर्वरकों से एक तात्कालिक चिंता मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर है। कम से कम, रासायनिक उर्वरकों का उपयोग करके उत्पादित खाद्य फसलें उतनी पौष्टिक नहीं हो सकती हैं, जितनी होनी चाहिए।



**लेखक : डॉ. सत्यवान सौरभ**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

ऐसा इसलिए है, क्योंकि रासायनिक उर्वरक पौधों के स्वास्थ्य के लिए तेजी से विकास करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप ऐसी फसलें होती हैं, जिनका पोषण मूल्य कम होता है। पौधे एनपीके से थोड़े अधिक पर बढ़ेंगे, लेकिन उनमें कैल्शियम, जिंक और आयरन जैसे आवश्यक पोषक तत्व नहीं होंगे या कम विकसित होंगे। इसका उपभोग करने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ सकता है। सबसे खराब स्थिति में रासायनिक उर्वरक वयस्कों और बच्चों में कैंसर के विकास के जोखिम को बढ़ा सकते हैं और भ्रूण के मस्तिष्क के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं। वर्तमान में पर्यावरण एवं स्वास्थ्य के लिए उर्वरक के उपयोग में संतुलन की आवश्यकता महती आवश्यकता है। किसानों को उर्वरकों के उपयोग की सर्वोत्तम प्रक्रियाओं के बारे में शिक्षित करें, जिसमें सही मात्रा, समय और उपयोग की तकनीकें शामिल हैं। जो किसान अधिक ज्ञान प्राप्त करेंगे वे निर्णय लेने में बेहतर ढंग से सुसज्जित होंगे।

लक्षित सब्सिडी कार्यक्रमों को लागू करें जो छोटे और हाशिये पर रहने वाले किसानों को समर्थन देने पर केंद्रित हों और जो वित्तीय बाधाओं का सामना कर रहे हों। यह सुनिश्चित करता है कि सब्सिडी उन लोगों को दी जाए, जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। विशेष फसल और मिट्टी की आवश्यकताओं के आधार पर उर्वरक के उपयोग को अधिकतम करने के लिए, मिट्टी परीक्षण और पोषक तत्व प्रबंधन रणनीतियों जैसी सटीक कृषि तकनीकों के कार्यान्वयन को बढ़ावा दें। इससे पर्यावरण और उपयोग पर नकारात्मक प्रभाव कम हो जाता है। जैविक खेती के तरीकों को प्रोत्साहित करें, जो प्राकृतिक रूप से मिट्टी की उर्वरता को बढ़ाते हैं और रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता को कम करते हैं। इससे जैव विविधता और मृदा स्वास्थ्य को लाभ हो सकता है। पोषक तत्व-कुशल और पर्यावरण के अनुकूल उर्वरकों के उपयोग को बनाने और प्रोत्साहित करने के लिए अनुसंधान और विकास निवेश करें। पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव को कम करने वाले विकल्पों की जांच करना इसका हिस्सा है। उर्वरक सब्सिडी नीतियों में सुधार करें, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे कुशल और पारदर्शी हों और अति प्रयोग को प्रोत्साहित न करें। पोषक तत्व-आधारित सब्सिडी प्रणाली की ओर बढ़ने पर विचार करें, जो सामान्य उर्वरकों की बजाय विशिष्ट पोषक तत्वों के अनुप्रयोग का समर्थन करने पर केंद्रित हैं। आईएनएम तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा दें, जो जैविक और अकार्बनिक दोनों स्रोतों से पोषण इनपुट को जोड़ती हैं।

यह रणनीति मिट्टी की उर्वरता बनाए रखते हुए पर्यावरण पर इसके नकारात्मक प्रभावों को कम करती है। कीटों और बीमारियों के चक्र को बाधित करने और निरंतर उच्च उर्वरक इनपुट की आवश्यकता को कम करने के लिए फसल चक्र और विविधीकरण को प्रोत्साहित करें। कृषि पारिस्थितिकी प्रथाओं के माध्यम से कृषि प्रणालियों में पारिस्थितिक सिद्धांतों के अनुप्रयोग को प्रोत्साहित और समर्थन करना जो बाहरी इनपुट पर निर्भरता को कम करता है और स्थिरता पर जोर देता है।

सामुदायिक निर्णय लेने की प्रक्रिया में किसानों को शामिल करके सुनिश्चित करें कि नीतियां स्थानीय समुदायों की जरूरतों और वास्तविकता को प्रतिबिंबित करें। परिणामस्वरूप, लोग अधिक जवाबदेह महसूस कर सकते हैं और टिकाऊ खेती के तरीकों में निवेश कर सकते हैं। सर्वोत्तम फसल और उर्वरक प्रबंधन प्रथाओं को अपनाना, नीम तेल लेपित यूरिया का उपयोग, पोषक तत्व कुशल जीनोटाइप का बढ़ना, संतुलित पोषक अनुप्रयोग, निवारक रणनीतियों को अपनाना और सक्षम नीतियों द्वारा सुगम जैविक खेती प्रथाओं से 20-30 प्रतिशत की कमी प्राप्त की जा सकती है।

उर्वरक का उपयोग, भारत सरकार का कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय प्रमुख कृषि, बागवानी और औषधीय फसलों के लिए उर्वरकों का संतुलित उपयोग सुनिश्चित करने के लिए समग्र प्रयास कर रहा है। भारत को एक अच्छी तरह से परिभाषित व्यापक प्रणाली स्थापित करनी होगी, जो स्थानीय स्तर पर उपलब्ध जैविक खाद/फसल अवशेषों के साथ एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन और कुशल फसल जीनोटाइप की खेती की सुविधा के अलावा, संतुलित उर्वरक उपयोग पर कठोर नीतियों को लागू करें। केंद्र सरकार को सुधार प्रक्रिया में किसानों, राज्य सरकारों और उर्वरक कंपनियों जैसे सभी संबंधित पक्षों को भी शामिल करना चाहिए। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# समस्त रोगों से छुटकारा दिलाने वाली ममतामयी मां कुष्मांडा

नवरात्र का चौथा दिन मां कुष्मांडा को समर्पित है। मां के आठ हाथ होने के कारण माता को अष्टभुजा देवी के रूप में भी जाना जाता है। माता के इस स्वरूप में मंद और हल्की मुस्कान है। ऐसा मान्यता है कि जब सृष्टि का निर्माण नहीं हुआ था और चारों ओर सिर्फ अंधकार था, तब मां कुष्मांडा ने अपनी हल्की सी मुस्कान से ही पूरे ब्रह्मांड की रचना की। मां कुष्मांडा का वाहन सिंह है और आदिशक्ति की 8 भुजाएं हैं।

नवरात्र में चौथे दिन देवी को कुष्मांडा के रूप में पूजा जाता है। अपनी मंद, हल्की हंसी के द्वारा अंड यानी ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इस देवी को कुष्मांडा नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि नहीं थी, चारों तरफ अंधकार ही अंधकार था, तब इसी देवी ने ब्रह्मांड की रचना की थी। इसीलिए इसे सृष्टि की आदिस्वरूपा या आदिशक्ति कहा गया है। यह स्वरूप सूर्य की अधिष्ठात्री और समस्त सिद्धि निधि की स्वामिनी हैं। इनको प्रसन्न करने के लिए जानें मां कुष्मांडा की आरती, मां कुष्मांडा कवच, मां कुष्मांडा की आरती करें, जिससे समस्त रोगों से छुटकारा मिलता है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार देवी सिद्धिदात्री का रूप धारण करने के बाद ब्रह्मांड को ऊर्जा प्रदान करने के लिए देवी पार्वती सूर्य मंडल के मध्य निवास करने लगीं। इसके बाद से ही देवी को कुष्मांडा के नाम से जाने जाना लगा। कुष्मांडा वह देवी हैं, जिनमें सूर्य के अंदर निवास करने की शक्ति और क्षमता है। देवी माता की देह की कांति और तेज सूर्य के समान दैदीप्यमान है।



**लेखक : संजय गोस्वामी**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

इस देवी की आठ भुजाएं हैं, इसलिए अष्टभुजा कहलाईं। इनके सात हाथों में क्रमश: कमंडल, धनुष, बाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं। आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जप माला है। इस देवी का वाहन सिंह है और इन्हें कुम्हड़े की बलि प्रिय है। संस्कृति में कुम्हड़े को कुष्मांड कहते हैं, इसलिए इस देवी को कुष्मांडा। इस देवी का वास सूर्य मंडल के भीतर लोक में है। सूर्यलोक में रहने की शक्ति क्षमता केवल इन्हीं में है। इसीलिए इनके शरीर की कांति और प्रभा सूर्य की भांति ही दैदीप्यमान है। इनके ही तेज से दसों दिशाएं आलोकित हैं। ब्रह्मांड की सभी वस्तुओं और प्राणियों में इन्हीं का तेज व्याप्त है। इनका प्रिय पुष्प लाल फूल है।

अचंचल और पवित्र मन से नवरात्र के चौथे दिन इस देवी की पूजा-आराधना करना चाहिए। इससे भक्तों के रोगों और शोकों का नाश होता है तथा उसे आयु, यश, बल और आरोग्य प्राप्त होता है। ये देवी अत्यल्प सेवा और भक्ति से ही प्रसन्न होकर आशीर्वाद देती हैं। सच्चे मन से पूजा करने वाले को सुगमता से परम पद प्राप्त होता है। सच्चे मन से विधि-विधान से पूजा करने पर भक्त को कम समय में ही कृपा का सूक्ष्म भाव अनुभव होने लगता है। ये देवी आधियों-व्याधियों से मुक्त करती हैं और उसे सुख-समृद्धि और उन्नति प्रदान करती हैं। अंतत: इस देवी की उपासना में भक्तों को सदैव तत्पर रहना चाहिए। इनमें से 7 हाथों में कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, कमण्डल और कुछ शस्त्र जैसे धनुष, बाण, चक्र तथा गदा हैं. जबकि, आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जप माला है।

ऐसा उल्लेख मिलता है कि माता को कुम्हड़े की बलि बेहद प्रिय है। वहीं कुम्हड़े को संस्कृत में कुष्मांड कहते हैं। नवरात्र के पांचवें दिन मां कुष्मांडा को आटे और घी से बने मालपुआ का भोग लगाना चाहिए। माना जाता है कि ऐसा करने से भक्त को बल-बुद्धि का आशीर्वाद मिलता है। माता कुष्मांडा की पूजा से व्यक्ति को सभी प्रकार के रोगों से मुक्ति मिलती है, ऐसा माना जाता है, साथ ही उसे उत्तम स्वास्थ्य और लंबी आयु प्राप्त होती है। मान्यता है कि, जो भी व्यक्ति मां कुष्मांडा की आराधना करता है, उसे सुख-समृद्धि और उन्नति की प्राप्ति होती है। हालांकि समस्त माता शेरांवाली एक ही है, लेकिन उनके रूप अनेक हैं। सभी माता ममतामयी और भक्तों का कष्ट दूर करती हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### इग्नू ने फिर बढ़ाई पंजीकरण की तिथि

**अनंत ज्ञान, मंडी।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने ओपन लर्निंग डिस्टेंस पाठ्यक्रमों में पंजीकरण की अंतिम तिथि 15 अक्तूबर तक बढ़ा दी है। इग्नू अध्ययन केंद्र मंडी के कोऑर्डिनेटर डॉ. राजकुमार ठाकुर ने जानकारी दी कि देश विदेश में फैले नागरिक इग्नू के पाठ्यक्रमों में पंजीकरण के लिए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने चौथी बार पंजीकरण की तिथि बढ़ाई है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार 15 अक्तूबर 2024 तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। इग्नू अध्ययन केंद्र मंडी के असिस्टेंट कोऑर्डिनेटर प्रो. हेमराज राणा व डॉ. महेंद्र सिंह जमवाल ने कहा ओपन डिस्टेंस लर्निंग एजुकेशन पाठ्यक्रमों की पढ़ाई के लिए इग्नू द्वारा स्टडी मैटेरियल मुहैया कराया जाता है।

### यादव चौहान ने किया महामाई का गुणगान



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** साईं मार्किट में चल रहे मां दुर्गा पूजा एवं विसर्जन कार्यक्रम की दूसरी संध्या की शुरुआत महामाई की आरती से की गई और उसके बाद पधर से लोक गायक यादव चौहान ने महामाई का गुणगान किया। दूसरी संध्या में सेवानिवृत प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह राणा व पत्नी लता राणा आरती के यजमान व रात्रि जगराते में अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी एवं सेवानिवृत क्षेत्रीय प्रबंधक हेम सिंह ठाकुर परिवार सहित मुख्यातिथि रहे जिन्हें समिति के प्रधान मोहित गुरुंग व समिति सदस्यों मंजू गुप्ता, बृज बाला बंटा और राजू शर्मा द्वारा माता की चुनरी और मां दुर्गा की फोटो भेंट की गई। इसके अलावा दूसरी संध्या में मेहर चंद, संदीप शर्मा व राजेश शर्मा ने भी अपने गानों ने महामाई के दरबार में हाजरी लगाई।

### घर में घुसा सांप, फायर ब्रिगेड कर्मियों ने पकड़ा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर के गरोरु स्थित घर में गमलों के पीछे सांप घुस गया। घटना के बाद जानकारी फायर ब्रिगेड को दी गई जिस पर फायर ब्रिगेड ने मौके पर जाकर सांप को बाहर निकाला और बाद में जंगलों में छोड़ दिया है। स्नेक कैचर ने जब उसे बाहर निकाला तो सांप इधर उधर भागने लगा लेकिन फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने उसे बाहर निकालकर एक बैग में बंद किया गया जिसके बाद उसे जंगल में छोड़ दिया गया। इसी बीच फायर ब्रिगेड के प्रभारी कर्म सिंह, बलदेव कुमार, नवीन कुमार, काली दास, राकेश कुमार मौके पर मौजूद रहे।

### एफपीओ तैयार करेगा जैविक वर्मी कंपोस्ट खाद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** एफपीओ धर्मपुर ने गौ सदन संधोल में बर्मी कंपोस्ट जैविक खाद तैयार करने का निर्णय लिया है जिसके लिए गौ सेवा समिति के सहयोग से प्रशिक्षण आयोजित किया गया। एफपीओ के सचिव भूपेंद्र सिंह और संधोल क्षेत्र के अध्यक्ष मोहनलाल भरमौरिया ने बताया कि इसके लिए रिटायर्ड कृषि वैज्ञानिक व एसएमएस डॉ. कुलदीप गुलेरिया ने संधोल में बक्कर खड्ड के किनारे स्थित गौ सदन में सरल और सस्ती दरों पर तैयार होने वाली विधि से वर्मी कंपोस्ट खाद बनाने के बारे में जानकारी प्रदान की और खाद बनाने की शुरुआत भी कर दी है।



### सुंदर सिंह बने किसान यूनियन जरल के प्रधान

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** हिमाचल किसान यूनियन की जुगाहन पंचायत की एक बैठक शनिवार को जरल गांव में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के धनोटू ब्लॉक इकाई के उपाध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा ने की। इस बैठक में किसानों की समस्याओं को लेकर मंथन किया गया वहीं पंचायत स्तर पर कार्यकारिणी का भी गठन किया गया जिसमें सुंदर सिंह आजाद को सर्वसम्मति से प्रधान बनाया गया वही रमेश कुमार को महासचिव का दायित्व सौंपा गया। इसके अलावा रत्न चंद को उपाध्यक्ष,अमर दास वित्त सचिव, देवराज शर्मा मुख्य सलाहकार तथा कृष्ण कुमार सलाहकार जबकि ईश्वर दास, संजय कुमार को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

### कड़कोह स्कूल का आयुष मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम



**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी द्वारा समर्थ अभियान के अन्तर्गत सुरक्षित निर्माण अभ्यास पर जिला स्तरीय मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में वरिष्ठ, उच्च तथा प्राथमिक पाठशालाओं के 22 मॉडल प्रदर्शित किए गए। जिनमें वरिष्ठ वर्ग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कड़कोह के आयुष प्रथम, दूसरे स्थान पर करसोग स्कूल की वंशिका और कशिश दूसरे स्थान पर जबकि पौंटा स्कूल की पलक शर्मा और प्रीति शर्मा तीसरे स्थान पर रही। उच्च वर्ग में राजकीय उच्च पाठशाला करसोग की मुसकान प्रथम डोलधार पाठशाला के हिमेश ठाकुर और कीर्ति राव द्वितीय तथा अंकित तीसरे स्थान पर रहे। प्राथमिक वर्ग में प्रथम स्थान धर्मपुर आदर्श प्राथमिक पाठशाला की कोमल रही। दूसरे स्थान पर सेंज के रंसुल भारद्वाज तथा तीसरे स्थान पर रामापा तांदी की हिमानी राणा रही। वरिष्ठ तथा उच्च वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 7 अक्तूबर को राज्य स्तर आयोजित प्रतियोगिता में जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। विजेताओं को उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला ग्रामीण विकास अभिकरण अपूर्व देवगन ने सम्मानित किया।

विश्व पशु दिवस पर पशु क्रूरता पर किया गया चिंतन

### आवारा पशु छोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग




**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** विश्व पशु दिवस का आयोजन बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय भंगरोटू में किया गया। इस अवसर पर बल्ह के किसानों व पशुपालकों ने पशुओं पर हो रही क्रूरता को लेकर चिंतन किया। साथ ही आवारा पशु छोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग उठाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिमाचल किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष व भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड से मनोनीत प्रतिनिधि सीताराम वर्मा ने की। कार्यक्रम में किसानों व पशुपालकों के अलावा स्वामी विवेकानंद कॉलेज सुंदरनगर व शांतिनिकेतन कालेज रति तथा नैना वेटरनरी कॉलेज के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉक्टर अनुपमा ने पशु कल्याण पर विस्तृत जानकारी दी।

### सरकार नाकामी का ठीकरा केंद्र पर फोड़ रही : जम्वाल



**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल की सरकार अपनी नाकामयाबी का ठीकरा प्रतिदिन केंद्र की भाजपा सरकार पर फोड़ रही है। भाजपा मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने सरकार के मुख्यमंत्री और मंत्रियों के विरोधाभासी बयानों पर कड़ा एतराज जताते हुए कहा कि हिमाचल सरकार आपस में यह अवश्य तय कर ले कि मुख्यमंत्री सच बोल रहे या उनके मंत्री जो कि मुक्त कंठ से केंद्र की प्रशंसा कर रहे वो सही है। सुक्खू कैबिनेट के मंत्री चाहे वो पीडब्लूडी मंत्री हो या शिक्षा मंत्री या फिर पंचायती राज मंत्री भाजपा के योगी मॉडल को अपनाने की बात सार्वजनिक मंचों से कर रहे जिस पर लगाम लगाने के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू को हाईकमान का सहारा लेना पड़ रहा। भाजपा मुख्य प्रवक्ता ने कहा है कि कांग्रेस सरकार कंफ्यूजन वाली सरकार है। उन्होंने कहा कि एक तरफ प्रदेश की सुक्खू सरकार मंत्री भाजपा शासित राज्यों के कामकाज की सराहना करते हैं, वहीं कांग्रेस हाईकमान के दबाव में फिर वे बचाव की मुद्रा में चले जाते हैं। इस तरह सरकार के विरोधाभासी बयान सामने आ रहे हैं।

### करसोग में बाइक चोर गिरोह सक्रिय

**अनंत ज्ञान, करसोग।** करसोग में पिछले कुछ दिनों से बाइक चोर गिरोह सक्रिय है, जो रात्रि के वक्त बाइक चुराने के काम को अंजाम देते हैं। शनिवार को ममेल गांव के रहने वाले तनुज शर्मा, सोनू ने ने बताया है कि बीती रात्रि को दो युवक ममेल बाजार में रात को रेकी कर रहे थे और बाइक को चुराने की कोशिश कर रहे थे। वहीं शनिवार को बाजार में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर देखा गया कि दो शातिर रात्रि के समय बाइक को चुराकर ले जाने की कोशिश रहे थे। हालांकि सीसीटीवी फुटेज में शातिरों के चेहरों की पहचान नहीं हो पाई है। इन्होंने बताया कि पुलिस थाना करसोग में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# दशरथ को चार पुत्र और जनक को कन्या संतान की हुई प्राप्ति

**अनंत ज्ञान, कोटली**

उपमंडल मुख्यालय व्यावसायी देव ज्वेलर्स के मालिक देव राज ने कहा कि इस वर्ष रामलीला कमेटी की ओर से नये युवा कलाकारों को प्रशिक्षित कर मंचन व प्रदर्शन है। रामलीला कमेटी के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से जहां एक ओर हमारी वर्षों से चल रही परम्परा कायम है वहीं युवाओं को नशाखोरी जैसी बुरी आदतों से विमुख करके उनकी ऊर्जा का सदुपयोग धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों के लिए किया जा रहा है।

उन्होंने ये विचार दस दिवसीय रामलीला उत्सव की दूसरी संध्या पर बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने रुपए 21000 की नकद राशि सहयोग के तौर पर रामलीला कमेटी को भेंट की। इस मौके पर उनकी धर्मपत्नी पम्मी देवी, सुपुत्र निशांत, भतीजी तनु तथा कमला मिंढा उपस्थित रहे।



रामलीला का मंचन करते हुए कलाकार।

इससे पूर्व आयोजन स्थल सामुदायिक भवन कोटली में रामलीला कमेटी कोटली की ओर से मुख्यातिथि देव राज का ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। कमेटी प्रधान प्रशांत मोहन, महासचिव अश्विनी कुमार कोषाध्यक्ष कमल किशोर, महिला मंडल कोटली की प्रधान अंजलि जौहरी, मंच सचिव तरुण पालसरा ने सम्मानित किया।

दूसरी शाम संस्थापक सदस्य पंडित राम जी दास को समर्पित की गई। पंडित रामजी दास की धर्मपत्नी नीलम शर्मा तथा पुत्रवधू पूजा ने 2100 की राशि रामलीला कमेटी को भेंट की। रामलीला के दृश्यों में अयोध्या नरेश महाराज दशरथ की ओर से पुत्र प्राप्ति के लिए पुत्रेष्टि यज्ञ करते हुए दिखाया गया, जिसके परिणाम स्वरूप उनके चार पुत्र राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न हुए। जनकपुरी को भीषण अकाल से मुक्ति दिलाने के लिए वहां के राजा जनक को खेत से हल चलाते हुए धरती से एक कन्या प्राप्त होती है जिसे सीता नाम दिया गया। जीवानंद-दशरथ, सुरजन-जनक, जगजीत-राम, पी राणा-लक्ष्मण, शेरचंद-विश्वामित्र, बृजलाल-गुरु वशिष्ठ आदि के किरदार में नजर आए।

## सीता स्वयंवर का किया मंचन



महादेव में खेली जा रही रामलीला के दूसरे दिन सीता स्वयंवर का एक दृश्य

**अनंत ज्ञान, महादेव**

शिव आर्ट रामलीला कमेटी महादेव के द्वारा की जा रही रामलीला के दूसरे दिन सीता स्वयंवर का मंचन बड़े ही सुंदर ढंग से किया गया। रामलीला के मंच संचालक एवं डायरेक्टर भूप सिंह ने बताया कि स्थानीय बुद्धिजीवी लोगों के बेहतर ढंग के परामर्श के चलते और नए चेहरों यानि युवा कलाकारों के सहयोग से रामलीला का मंचन बेहतर ढंग से हो रहा है जो 14 अक्तूबर तक चलेगा। उन्होंने यह भी बताया कि सीता वैभव बने हैं वहीं खासतौर पर राम हरीश ठाकुर, जनक परस राम और भगवान परशुराम का किरदार गिरधारी लाल ने बखूबी निभाया। युवा कलाकारों ने बखूबी निभाए वहीं इन्हें सजाने-संवारने का रंगीला काम सोहन लाल कर रहे हैं तथा उक्त रामलीला मंच पर बढ़िया हारमोनियम बजाने में गोपाल राणा दो कदम आगे हैं।

# स्वच्छता रैलियां सिर्फ प्रचार तक लोग अभी तक नहीं हुए जागरूक

## दो बार सफाई करवाने के बाद भी स्कोढी खड्ड में लगे कूड़े के ढेर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी शहर में जहां स्वच्छता को लेकर रैलियों को आयोजन किया गया शहर को स्वच्छ बनाने में जहां हर संभव प्रयास किए जा रहे है वहीं धरातल पर यह कार्य बहुत की सूक्ष्म रूप में नजर आ रहे है शहर के नदी नालों में देखा जाए तो गंदगी इस कदर पसरी है कि जैसी नदी नाले कूड़े की डंपिंग साईट हो नगर निगम द्वारा जहां रोजाना शहर में सफाई की जाती है और रोजाना स्वच्छता मित्र हर घर से कूड़ा एकत्रित करते है लेकिन बावजूद उसके फिर से नदी नालों मे कूड़े के ढेर देखने को मिल रहे है। नगर निगम जहां सफाई का विशेष ध्यान रख रहा है वहीं दुसरी ओर कार्रवाई न होनें पर लोग सफाई व्यवस्था को हल्के में ले रहे है एक ओर जहां लोगों को जागरूक करने के लिए विभाग द्वारा लाखों रुपए खर्च किए जा रहे है दूसरी ओर कुछ लोगों द्वारा जागरूकता अभियान की धज्जियां उड़ाई जा रही है। वरिष्ठ नागरिक भवन के साथ स्कोढी खड्डु में लोगों द्वारा कूड़े के भरे लिफाफे फेंके हुए है जिससे उक्त स्थान कूड़े की डंपिंग साइट की माफिक नजर आता है। हालांकि नगर निगम द्वारा पहले भी इस खड्डु को साफ किया गया था लेकिन आज अगर देखें तो स्थिति जस की तस बनी हुई है। यह लेकिन यह स्थिति पुरी स्कोढी खड्डु में बनी हुई है जेल रोड़ से लेकर सूहड़ा मोहल्ला तक स्कोढी खड्डु की हालत सफाई के बाद फिर पहले वाली स्थिति में पहुंच गई है।



स्कोढी खड्डु में फेंका कूड़ा।

**रूटीन** में खड्ड की सफाई की जाती है लेकिन फिर भी लोग वहीं कूड़ा फैंक देते है। नगर निगम द्वारा अब गुप्त पहरी रखें जाएंगे जोकि इस प्रकार से लोग नदी नालों में कूड़ा फैंकते है उसकी जानकारी उनसे ली जाएगी और ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने बताया कि जो भी कूड़ा जिसके घर या नदी नाले से लगते हुए घर के समीप पाया गया उसकी जिम्मेदारी उन्हीं आस पास वाले मकानों की होगी।

**-वीरेंद्र भट्ट, नगर निगम, महापौर,।**

### क्षेत्र में लगने वाले पोस्टरों पर होगी कार्रवाई

**नगर** निगम को स्वच्छ व सुंदर बनाने की दिशा में हाउस में यह बात रखी गई थी कि शहर में जो भी बिना परमिशन के पोस्टर लगाए जाएंगे उनपर नगर निगम द्वारा कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिस पर जानकारी देते हुए महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने बताया कि सोमवार से शहर में जो अवांछनीय तरीके से लोग पोस्टर लगाए गए है उन्हें पहले स्वच्छता मित्रों द्वारा हटा दिया गया था लेकिन उसके बाद जो भी पोस्टर लगाए गए है उनपर कार्रवाई करना शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि शहर की सुंदरता को बनाए रखने के लिए इस प्रकार के पोस्टर न लगाएं।

## गौरव जीत सिंह ने संभाला डीएसपी करसोग का पदभार

**अनंत ज्ञान, करसोग**

शनिवार को करसोग में डीएसपी गौरव जीत सिंह ने अपना पदभार संभाल लिया है। कार्यभार संभालने के बाद पत्रकारों से डीएसपी करसोग ने कहा कि उनकी प्रमुख प्राथमिकताओं में जहां नशा व खनन माफिया पर नकेल डालना है। वहीं, कानून व्यवस्था व ट्रैफिक को भी दुरुस्त रखना है। डीएसपी ने कहा कि बढ़ रहे साइबर अपराधों के मामलों पर भी पैनी नजर रखी जाएगी, क्योंकि यह अपराध सबसे ज्यादा हो रहे हैं। इसके अलावा उनकी प्रमुख प्राथमिकताओं में महिला एवं बाल अपराधों और यौन शोषण के मामलों पर कड़ी नजर रखना होगा। साथ ही प्रदेश सरकार के साथ साथ उच्च कार्यालय से आए निर्देशों का पालन किया जाएगा।



गौरव जीत सिंह।

## सड़क किनारे पड़े बेसहारा बीमार व्यक्ति को लोगों ने करवाया भर्ती

**अनंत ज्ञान, करसोग**

करसोग बस अड्डा करसोग के समीप कई दिनों से असहाय, बीमार पड़े एक व्यक्ति, जिसको की खून की उल्टियां हो रही थी और उसकी सूचना और तस्वीर किसी ने थाना प्रभारी करसोग मोहन जोशी व समाजसेवी बंसी लाल कौंडल को दी तो जिसे उन्होंने सामाजिक सेवा ग्रुप पर शेयर किया।

इसके उपरांत समाजसेवी बंसी लाल कौंडल ने उसे प्राथमिक उपचार कर, व थाना प्रभारी की पहल पर भेजे गए गाड़ी से करसोग अस्पताल भेजा।

वहीं बंसी लाल कौंडल ने बताया कि ऐसे में खंड प्रशासन और अस्पताल प्रशासन को इसकी सूचना देने यहां भर्ती किया और अब इलाज शुरू हो गया है। इन्होंने बताया कि उपरोक्त व्यक्ति की पहचान राजू राम है।

इसका ससुराल भनेरा गांव में पड़ता है और यह करसोग में किसी समय कुक्कर ठीक करने का कार्य करता था।

## धर्मपुर कॉलेज ने 12 स्कूलों के साथ किया एमओयू साइन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

गुणात्मक शिक्षा एवं संसाधनों की साझेदारी विषय पर स्कूलों के साथ संवाद के माध्यम से राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर ने एक नई पहल की शुरुआत की है।



एमओयू साइन करने के दौरान गणमान्य लोग।

धर्मपुर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश धलारिया ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में धर्मपुर महाविद्यालय की अलग-अलग टीमों ने धर्मपुर क्षेत्र के बारह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल जो महाविद्यालय की परिधि में आते है उनका भ्रमण किया तथा उनके साथ एमओयू साइन करने के उपरांत बच्चों और शिक्षकों के साथ शिक्षा संवाद भी किया।

**गुणात्मक शिक्षा एवं संसाधनों की साझेदारी**

धर्मपुर महाविद्यालय की इन टीमों ने सबसे पहले सभी स्कूल के बच्चों तथा स्टाफ के सदस्यों के साथ विस्तार पूर्वक गुणात्मक शिक्षा एवं संसाधनों की साझेदारी पर अपने विचार साझा किए। धर्मपुर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश धलारिया ने कहा कि यह उनकी जिंदगी का पहला मौका है कि स्कूली बच्चों के साथ उन्हें इस तरह का संवाद करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

डॉ. रमेश धलारिया द्वारा लिखित एक पुस्तिका, 'महाविद्यालय एवं सरकारी स्कूलों के बीच संसाधनों की साझेदारी गुणात्मक शिक्षा की ओर एक कदम' का विमोचन कर सभी स्कूलों के छात्रों के बीच निशुल्क वितरण भी किया।

## सेरी बंगलो स्कूल में एनएसएस कैंप शुरू

**अनंत ज्ञान, करसोग**

राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेरी बंगलो में सात दिवसीय एनएसएस आवासीय शिविर शनिवार को शुरू हुआ। एनएसएस की मास्टर ट्रेनर शकुंतला सैनी ने बताया की शिविर का शुभारंभ सेवानिवृत प्रवक्ता विनोद शर्मा ने किया।




बच्चों को स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए।

उन्होंने बताया कि शिविर का उद्देश्य स्वयंसेवियों के व्यक्तित्व का विकास कर उन्हें नशे से दूर रखना, श्रमदान करना, नेतृत्व विकास व भावी भारत के उत्तरदायित्व को संभालने के लिए तैयार करना है। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथि को एनएसएस की टोपी पहनाकर व स्मृति भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेरी बंगलो की उप प्रधानाचार्य डोलमा शर्मा, एनएसएस प्रभारी संजीव कुमार सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक गण उपस्थित थे।

## केंद्रीय छात्र परिषद का हुआ गठन

**सुंदरनगर।** राजकीय संस्कृत महाविद्यालय सुंदरनगर में केंद्रीय छात्र परिषद का गठन किया, जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. खुशवंत द्वारा की केंद्रीय छात्र परिषद के प्रधान पद के लिए नम्रता उप्पल उपप्रधान के लिए प्रीति सचिव के लिए परीक्षित सह सचिव के लिए नेहा चयनित किए गए। केंद्रीय छात्र परिषद के गठन के अंतर्गत कक्षा प्रतिनिधियों का भी चयन किया गया जिसमें प्राकशास्त्री प्रथम वर्ष से स्नेहा प्राकशास्त्री द्वितीय वर्ष से चंपा शास्त्री प्रथम वर्ष कक्षा से ईशिमा शास्त्री द्वितीय वर्ष से नेहा व शास्त्री अंतिम वर्ष कक्षा से पल्लवी को चयनित किया गया।

## वराह और नरसिंह अवतार की कथा सुन भाव विभोर हुए भक्त

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

चौंतड़ा नव दुर्गा समिति द्वारा आयोजित शरद नवरात्रि महोत्सव के तीसरे दिन आयोजित भागवत कथा में श्रद्धालुओं का विशाल जमावड़ा देखने को मिला। कथावाचक अजीत पराशर ने भगवान विष्णु के दो प्रमुख अवतारों वराह अवतार और नरसिंह अवतार की कथा सुनाई।



कथा श्रवण करते हुए श्रद्धालु।

भक्ति भाव में डूबे श्रद्धालु कथा के दौरान हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालु भगवान विष्णु के जयकारे लगाते रहे और कथा का भावपूर्ण आनंद लिया। कथा के समापन के बाद प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने श्रद्धा के साथ भाग लिया।

नवदुर्गा समिति के अध्यक्ष नरेश अवस्थी ने बताया कि महोत्सव के शेष दिनों में भी इसी तरह के धार्मिक आयोजन होते रहेंगे। (अनंत ज्ञान)

## बग्गी में केवाईसी का कार्य शुरू

**नेरचौक।** विद्युत उपभोक्ताओं को अब बिजली के बिल आधार से जोड़ने होंगे साथ ही केवाईसी भी करवानी होगी जिसके लिए विद्युत उपमंडल बग्गी द्वारा 1 अक्तूबर से 31 अक्तूबर तक का समय निर्धारित किया गया है।

यह जानकारी विद्युत उपमंडल बग्गी के सहायक अभियंता राजेंद्र शर्मा ने दी। उपभोक्ताओं को अपने आधार नंबर व मोबाइल नंबर को अपने बिल के साथ लिंक करना होगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से निर्धारित समय के भीतर बिल को आधार से जोड़ने व केवाईसी की प्रक्रिया को पूर्ण करने की अपील की है।

## पड्डुल स्टेडियम के खिलाफ एडीसी को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, मंडी**

मंडी नागरिक अधिकार मंच का प्रतिनिधि मंडल द्वारा को अतिरिक्त उपायुक्त के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया गया। शहर में कुछ दिनों से आवाज उठ रही है कि पड्डुल मैदान में इनडोर स्टेडियम बनाया जाएगा।

नागरिक अधिकार मंच का मानना है कि यह मैदान एक ऐतिहासिक विरासत है और इसका अपना ही अलग महत्व है।

यह मैदान मंडी शहर के लोगों की खेल गतिविधियों का केंद्र है और लोगों के सुबह घूमने के लिए उपयुक्त स्थान है। मंडी शहर में अभी तक जो भी ग्राउंड थे, वहां पर बिल्डिंग बनाकर उनके अस्तित्व को खत्म कर दिया गया है। चाहे कॉलेज का ग्राउंड हो या फिर बाल स्कूल का ग्राउंड हो, इन सभी को खत्म कर दिया गया है।



एडीसी को ज्ञापन सौंपते हुए गणमान्य।

**कहा-पड्डुल के बजाए कहीं और बनाया जाए स्टेडियम**

यदि पड्डुल मे इंडोर स्टेडियम बन गया तो मंडी के लोगों के खेलने व घूमने के लिए शहर में कोई भी उपयुक्त स्थान नहीं बचेगा। जिसके लिए नागरिक अधिकार मंच द्वारा इनडोर स्टेडियम को किसी और जगह पर स्थानांतरित करने की मांग की है। इस दौरान मंडी नागरिक अधिकार मंच महासचिव सुरेश सरवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र सैनी, अजय वैद्य, प्रकाश सिद्धार्थ, गोपेंद्र कुमार, अंकुर शर्मा व परविन्द्र कुमार भी मौजूद रहे।

**स्वास्थ्य** | राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बच्चों व किशोरों की हो रही स्वास्थ्य जांच

# पधर में 9 हजार बच्चों का स्वास्थ्य जांचा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों में मोबाइल हेल्थ टीमों द्वारा बच्चों व किशोरों की स्वास्थ्य जांच की जा रही है। जहां बच्चों की उम्र के आधार पर लंबाई, वजन, खून की जांच, दांतों की जांच, चमड़ी रोग, आंखों की जांच तथा कुपोषण की जांच की जा रही है तो वहीं कमियों के आधार पर अग्रिम जांच के लिये बच्चों को अस्पतालों को भी भेजा रहा है। स्वास्थ्य खंड पधर के अंतर्गत गत पांच माह के दौरान लगभग 9 हजार बच्चों व किशोरों की स्वास्थ्य जांच की गई है। खंड चिकित्साधिकारी पधर डॉ. संजय गुप्ता ने बताया कि किशोरों व बच्चों की मोबाइल हेल्थ टीमों के माध्यम से स्वास्थ्य जांच की जा रही है।

गत अप्रैल से अगस्त माह के दौरान लगभग 9 हजार बच्चों की स्वास्थ्य जांच की जा चुकी है। इस अवधि के दौरान जहां 155 स्कूलों में 61 सौ किशोर व किशोरियों की स्वास्थ्य जांच की गई है तो वहीं 225 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से लगभग 2900 बच्चों की स्वास्थ्य जांच भी शामिल है। स्वास्थ्य जांच के दौरान जहां स्कूलों में 16 किशोरों व 20 किशोरियों में खून की कमी पाई गई है तो वहीं आंगनबाड़ी केंद्रों में 8 बच्चों में खून कम पाया गया है। स्कूलों में जहां 69 किशोर तथा 49 किशोरियां कुपोषित पाई गई हैं तो वहीं आंगनबाड़ी केंद्रों में यह आंकड़ा 18 रहा है। मोबाइल हेल्थ टीमों द्वारा स्वास्थ्य जांच के दौरान बच्चों में पाई गई कमियों के आधार पर आगामी चिकित्सीय जांच के लिए उन्हें नजदीकी अस्पताल, न्यूट्रिशनल रिहैबिलिटेशन सेंटर मंडी एवं डिस्ट्रिक्ट अर्ली इंटरवेंशन सेंटर नेरचौक को भेजा गया है ।

### सफाई पर किया जागरूक

**डॉ.** संजय गुप्ता ने बताया कि गत सितंबर माह में आयोजित हुए पोषण अभियान के दौरान 53 स्कूलों व 27 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से लगभग 1600 किशोरों व बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान जहां 10 किशोर व 18 किशोरियों में पोषण तो वहीं 4 किशोर व 5 किशोरियों में खून की कमी पाई गई है। इस दौरान इन बच्चों को बेहतर खान-पान तथा व्यक्तिगत साफ-सफाई बारे भी जागरूक किया गया। 80 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच व टीकाकरण भी किया गया। जांच के दौरान एक महिला एनीमिया से ग्रसित पाई गई ।

## महादेव में कुत्तों का आतंक

**भीम बसेड़ू, महादेव**

शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आने जाने वाले लोग आवारा कुत्तों से डरी सहमी हालत में हैं। ग्राम पंचायत महादेव में अचानक से बढ़ गई आवारा कुत्तों की तादाद से विभिन्न क्षेत्रों में जुड़े लोग खासे चिंतित नजर आ रहे हैं।

पैदल स्कूल आने-जाने वाले बच्चे जहां आवारा कुत्तों की अजीब हरकतों से इधर-उधर मंडराते झुंडों को लेकर परेशानी जता रहे हैं वहीं बड़ी उम्र के किसान महिलाएं आदि खेतों में काम करते समय अक्सर डरी सहमी रहती हैं क्योंकि बिगड़ती-भौंकती हालत में कुत्ते एक दूसरे को कहीं भी धकेलते-पसरते रहते हैं जिससे लोगों को खुले में काम करने को अंजाम देने में बड़ी ही दिक्कत पेश आ रही है।



महादेव में घूमता कुत्तों का झुंड ।

**लोगों को उठानी पड़ रही परेशानी उठाई समाधान की मांग**

लोगों ने ग्राम पंचायत तथा प्रशासन से सानुरोध प्रार्थना की है कि आवारा कुत्तों के आतंक से शीघ्र ही मुक्ति दिलाने के लिए कारगर कदम उठाए जाएं। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### शिक्षा उपनिदेशक राजेंद्र ने संभाला अतिरिक्त कार्यभार



**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला ऊना के शिक्षा उपनिदेशक उच्चतर राजेंद्र कौशल ने डाइट देहलां का अतिरिक्त कार्यभार शनिवार को संभाला। जिला शिक्षा उपनिदेशक सेकेंडरी राजेंद्र कौशल अब निरीक्षण विंग के कार्यों के साथ साथ जिला की डाइट के कार्यों को देखेंगे। शिमला राज्य परियोजना निदेशक द्वारा किए गए विभागीय आदेशों के अनुसार उन्होंने शनिवार शाम को अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण किया। इससे पहले यह कार्य प्रिंसिपल डाइट देखते थे। जिला शिक्षा उपनिदेशक सेकेंडरी राजेंद्र कौशल ने कहा कि वह डाइट के कार्यों को भी पूरी लगन एवं तन्मयता से केरेंगे ओर शिक्षा के स्तर को और आगे ले जाने के लिए प्रयासरत रहेंगे। राजेंद्र कौशल के डाइट के अतरिक्त कार्य को संभालने को लेकर जिला के अध्यापकों ने खुशी जाहिर की है। ओर जिला के विभिन्न शिक्षक संगठनों ने उनको बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### जटहेड़ी स्कूल के छात्रों-शिक्षकों ने किया श्रमदान



**विनोद शर्मा, लठियानी।** 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जटहेड़ी के शिक्षकों शशिपाल, विजेंद्र कुमार, प्रभात सिंह, बिशन दास की देखरेख मेंविद्यार्थियों ने स्कूल के समीप प्राकृतिक जल स्रोत बावड़ी की सफाई की। बावड़ी के आसपास जंगली झाड़ियों को काटकर सफाई की और सीढ़ियों और रास्तों को भी साफ किया। प्रधानाचार्य देवराज धीमान ने बताया की सरकार के ऐसे कार्यक्रमों से लोगों में जागरूकता बढ़ी है। बीमारियां भी कम हो रहीं हैं। शशिपाल ने कहा कि ये प्राकृतिक जल स्रोत हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं इनकी देखभाल, रख रखाव और संरक्षण हमारा सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी है। कई वर्ष पहले प्राकृतिक जल स्रोत ही पेयजल का एकमात्र विकल्प होते थे और भी कई प्रकार के प्राकृतिक जल स्रोत होते थे, लेकिन उनकी देखभाल न होने के कारण ये विलुप्त हो चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

# बढेड़ा राजपूतां के दंगल में जस्सा पहलवान बने विजेता

## पंजाब और हिमाचल के पहलवानों ने दिखाए जौहर



विजेता तथा उपविजेता पहलवान सामूहिक चित्र में अन्य के साथ।

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक**

गगरेट क्षेत्र के बढेड़ा राजपूतां गांव में हर साल की तरह इस साल भी नौवें विशाल दंगल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष विश्वजीत सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

दंगल मे हिमाचल, पंजाब के पहलवानों ने अपने जौहर दिखाए। दंगल मे पहलवानों की जोर अजमाइश देखने के लिए काफी लोग पहुंचे थे। बड़ी माली के लिए खिताबी मुकाबला जसा पट्टी पहलवान और सोनू कांगड़ा पहलवान के बीच हुआ।

रोमांचक मुकाबले में दोनों पहलवानों ने एक-दूसरे की पीठ लगाने के लिए कई दाव-पेंच लगाए, लेकिन अंत मे जसा पट्टी पहलवान सोनू कांगड़ा पहलवान को पटखनी देने मे कामयाब रहे।

मुकाबले में जसा पट्टी विजेता तथा सोनू कांगड़ा उपविजेता रहे। दंगल आयोजकों व मुख्यातिथि ने विजेता और उपविजेता पहलवानों को पुरस्कार तथा नकद राशि देकर सम्मानित किया।

### ऊना में वाल्मीकि महासभा ने शोभायात्रा निकाली



**ऊना।** महर्षि वाल्मीकि गुरु रविदास यूथ एकता महासभा ऊना की अगुवाई में मनाली से आई भगवान वाल्मीकि जी की विशाल शोभायात्रा का ऊना में शनिवार को भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा की अगुवाई वाल योग प्रकट नाथ ने की। यात्रा हजारों की संख्या में मनाली से शुरू होकर किरतपुर, नंगल पंजाब से होते हुए महासभा द्वारा अधिवक्ता सुनील चौलिया के नेतृत्व में मेहतपुर द्वार पर भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा मनमोहक पालकियां और ढोल नगाड़े के साथ ऊना में पहुंची। महासभा के प्रधान अमित वाल्मीकि ने बताया कि यात्रा मनाली से भगवान वाल्मीकि तीर्थ अमृतसर पहुंचेगी। महासभा द्वारा संत पुरषों को संम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी लक्की तेजी, विकास गिल, अधिवक्ता नरेश कुमार, हरि चंद संधु, वलराम महे, चंचल सिंह, तरसेम सहोता, रमेश भटोली, नव बैंस, इशांत धुग्गा, सन्नी गिल सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे

### बद्दी टोल बैरियर पर पकड़ी अवैध शराब

**बीबीएन।** पुलिस थाना बद्दी के तहत एक कार से अवैध शराब बरामद की गई। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। बद्दी पुलिस ने टोल बैरियर बद्दी पर चैकिंग के दौरान 12 बोतलें अंग्रेजी शराब बरामद की। कार चालक की पहचान रोहित गुलेरिया पुत्र राजिंद्र सिंह निवासी शामती सोलन से हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आज बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** विद्युत मंडल बद्दी के तहत बालद खड्ड के नजदीक बिजली के पोल लगाने के कार्य के चलते 6 अक्तूबर को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी वरिष्ठ अधिशाषी अभियन्ता बद्दी दीपक वर्मा ने दी। दीपक वर्मा ने कहा कि 6 अक्तूबर को सुबह 9 से शाम 5.30 बजे तक भटोलीकलां, भटोलीखुर्द, भटोलीसेरा, भटोलीथेय, नवा नगर, गोरकनाथ, टिक्कर, गार्डन वैली आदि क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों की औद्योगिक इकाइयों कैंपस फुटवेयर, वीवीएफ इंडिया और अन्य औद्योगिक इकाइयां भी प्रभावित रहेंगी। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

## बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में दी जानकारी



सतीश शर्मा बच्चों को जागरूक करते हुए।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तियूड़ी में बच्चों को प्रार्थना सभा में नशे क बुरे प्रभावों तथा नैतिक शिक्षा के संबंध में जागरूक किया गया। सेवानिवृत्त प्रवक्ता सतीश शर्मा ने बच्चों को बताया कि नशा करने वाला व्यक्ति 5 या 7 वर्ष तक तो खूब अकड़ में रहता है, के उपरांत जब बेड पर आ जाता है तो न जीता है और न ही मरता है तरस तरस कर भगवान से उठा ले जाने की प्रार्थना करता है।

उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जब भी कोई बच्चा किसी नशे में पड़ता है तो उसकी संगति ही उसे ऐसा करने पर मजबूर करती है। रामायण के उन्होंने ककई माता का उदाहरण देते हुए बताया कि कैकई ने मंथरा की संगत पर अमल कर लिया तो भगवान राम को 14 वर्ष का वनवास मिला जब बुरी संगत ने भगवान राम को भी नहीं बक्शा तो हम और आप किस गिनती में हैं।

नैतिक शिक्षा पर बोलते हुए श्री शर्मा ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ जीवन का उद्देश्य तो तभी सफल होगा यदि आप एक अच्छे इंसान भी बनते हैं। अच्छे गुण सीखो ताकि आप जहां भी जाओ, पता लगे कि किस विद्यालय में यह पढ़कर आए हैं, इसमें ही आपकी भलाई है।

### उपभोक्ताओं से केवाईसी करवाने की अपील

**मुबारिकपुर।** विद्युत उपमंडल मुबारिकपुर के अंतर्गत आने वाले सभी उपभोक्ताओं से अपील है कि बिजली बोर्ड की ओर से विद्युत मीटर संख्या को उपभोक्ता के आधार कार्ड से जोड़ने (केवाईसी) की प्रक्रिया एक अक्तूबर से घर-घर जाकर शुरू कर दी गई है।

इसकी अंतिम तिथि 31 अक्तूबर 2024 है, जब बिजली कर्मचारी बिजली का बिल जारी करने के लिए उपभोक्ता के घर पर जाएगा, उस समय केवाईसी के लिए जरूरी दस्तावेज जैसे आधार कार्ड और मोबाइल नंबर को पहले से उपलब्ध रखें, ताकि इस काम को समय पर किया जा सके। अगर कोई उपभोक्ता केवाईसी करवाने में सहयोग नहीं करता है तो भविष्य में विद्युत बिल में आने वाली सुविधाओं से वंचित रह सकता है। यह जानकारी सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल मुबारिकपुर ई. धर्म पाल ने दी है।

## नाहन मेडिकल कॉलेज का नड्डा करवाएंगे तेज गति से काम : डॉ बिंदल

**अनंत ज्ञान, नाहन**



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने अभिनंदन रैली को संबोधित करते हुए कहा कि सिरमौर में भाजपा का इतना शानदार कार्यालय बना है तो उसके पीछे राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा हैं। उन्होंने कहा कि पहले एक किराये के कमरे से कार्यालय चला करता था, पर वर्तमान समय में केंद्रीय नेतृत्व के दूरगामी सोच के कारण भाजपा का इतना बड़ा जिला कार्यालय बना है।

उन्होंने कहा f जेपी नड्डा की अध्यक्षता में पीएम मोदी देश के प्रधानमंत्री तीसरी बात बन्े यह हमारे लिए गौरव की बात है। कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सुक्खू सरकार ने प्रदेश की जनता को झूठे सपने दिखाए, प्रदेश में न महिलाओं को 1500 रुपए मिले, न किसानों-बागवानों का दूध बिका। बस हिमाचल में सुक्खू का झूठ बिका। बिंदल ने कहा कि आपने नाहन मेडिकल कॉलेज के लिए 265 करोड़ दिए और उसका काम तेज गति से चल रहा था, पिछले 22 महीने से जब से कांग्रेस की सरकार आई है, तब से नाहन मेडिकल कॉलेज निर्माण का काम ठप हो गया है। अगर इसी प्रकार से इस मेडिकल कॉलेज का काम रुका रहा तो केंद्र से इस मेडिकल कॉलेज इस मान्यता समाप्त हो जाएगी जिससे सिरमौर की जनता को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

उन्होंने कहा की जयराम ठाकुर की सरकार में सिरमौर को 4 ऑक्सीजन प्लांट मिले थे और हमें पूरा विश्वास है को आप मेडिकल कांग्रेस नाहन का काम तेज गति से आगे बढ़ाएंगे। इस अस्पताल का लाभ काला अंब के औद्योगिक क्षेत्र के लोगों और मजदूरों को भी होता है।

### एसएसआरवीएम में होगी प्रतियोगिता

**ऊना।** जिला स्तरीय सीबीएसई स्कूलों द्वारा ऊना में लगातार दूसरे वर्ष सहोदय कांप्लेक्स ऊना के तत्वावधान में 9 से 11 अक्तूबर तक एसएसआरवीएम स्कूल ऊना में जिला स्तरीय टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इन खेलों में कबड्डी, वॉलीबाल, खो-खो, शतरंज और कुश्तियां शामिल हैं।

ये प्रतियोगिताएं लड़कों और लड़कियों दोनों श्रेणियों में आयोजित की जाएंगी। यह आयोजन तीन दिनों तक चलेगा। सहोदय कांप्लेक्स ऊना सभी सहोदय मेंबर्स सीबीएसई स्कूलों के छात्रों को उनके सर्वांगीण शारीरिक और मानसिक विकास के लिए यह अनूठा मंच प्रदान कर रहा है।

9 अक्तूबर को सुबह 9 बजे उद्घाटन समारोह में सभी टीमों द्वारा किया गया मार्चपास्ट विशेष आकर्षण होगा। विजेता और उपविजेता टीमों को पदक, ट्रॉफी और बाकी सभी को जिलास्तरीय सहभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। यह जानकारी सहोदय कांप्लेक्स ऊना के महासचिव प्रमोद शर्मा एमडी रुद्रा इंटर नेशनल स्कूल बसाल ने साझा की है।

### कृषि सहकारी सभा लठियानी के चुनाव 30 को

**अनंत ज्ञान, लठियानी।** कृषि सरकारी सभा लठियानी का चुनाव 30 अक्तबर को होने जा रहे हैं। सहकारी सभा के सचिन दिनेश ठाकुर ने बताया कि नामांकन पत्र 7 अक्तूबर 2024 तक भरे जाएंगे और नाम वापस लेने की तिथि 11 अक्तूबर है। जो भी व्यक्ति चुनाव में हिस्सा लेने का इच्छुक हो तो वह कार्य दिवस कभी भी सहकारी सभा के सचिव से संपर्क कर सकते हैं।

कार्यकारिणी के 5 वर्ष पूर्ण होने के पश्चात यह चुनाव करवाए जा रहे हैं। चुनावों के बाद नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। कृषि सभा सहकारी सभा के सचिव ने बताया कि 30 अक्तूबर 2024 को ही दोपहर के बाद परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

## शह और मात के खेल में नवीन सूद और दिव्य सूद प्रथम



महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय में शतरंज प्रतियोगिता में विद्यार्थी भाग लेते हुए।

**विवेक शर्मा, अंब**

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जो कि खेल एवं योगा क्लब के द्वारा आयोजित करवाई गई। क्लब के संयोजक, डॉ. पवन पटियाल और सह संयोजक डॉ. हरजीत सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय अंब के 25 विद्यार्थियों ने अपनी रणनीति और खेल कौशल से सभी को चौंकाया।

प्रतियोगिता के कुल पांच राउंड हुए, जिसमें सभी खिलाड़ियों ने अपना पूर्ण योगदान दिया तथा बेहतर से बेहतर चाल चलकर उन्होंने खेल का मनोरंजन बढ़ाया। इस प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में नवीन सूद प्रथम, आशीष कुमार द्वितीय, कुशाल पंडित तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में दिव्या सूद प्रथम, श्रेया तिवारी द्वितीय व सेजल शर्मा तृतीय स्थान पर रही।

अंत में प्रिंसिपल प्रो. दर्शन कुमार ने मेडल पहनाकर सभी विजेताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रो. रेखा शर्मा, डॉ. पवन पटियाल, सुरिंद्र मोहन, और डॉ. हरजीत सिंह आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से नशे पर चोट

**अनंत ज्ञान, ऊना**

- नशा निवारण पर आयोजित साहित्यिक संगोष्ठी के मुख्यातिथि रहे पद्मश्री सौंखले

सामाजिक सरोकारों को समर्पित जिला ऊना की पंजीकृत अग्रणी साहित्यिक संस्था 'दर्पण' द्वारा समूर खुर्द स्थित शिक्षा भारती बीएड कॉलेज में 'नशा निवारण' विषय पर एक साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में पद्‌मश्री पुरस्कार से सम्मानित करतार सिंह सौंखले ने मुख्यातिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करवाई।

'दर्पण' के अध्यक्ष अशोक कालिया ने आयोजन की अध्यक्षता की। आयोजन स्थल पर पधारने पर आयोजकों व छात्रों ने फूल मालाएं पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम के आरंभ में उपाध्यक्ष कुंदन लाल भारद्वाज ने उनका पुष्पगुच्छ भेंट किया, तदोपरांत उन्हें हिमाचली टोपी, शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य हंसराज विशेष रूप से कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उन्हें भी दर्पण परिवार की ओर से शॉल व टोपी देकर सम्मानित किया गया। संस्थान के विद्यार्थियों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से नशों के विरुद्ध जोरदार आवाज बुलंद की। मुख्यातिथि व अध्यक्ष ने अपने संबोधन में समाज को कैंसर की भांति खोखला कर रहे नशों की बुराई पर घोर चिंता करते हुए विस्तार से प्रकाश डाला तथा इसे समूल नष्ट करने के लिए सामूहिक व निर्णयात्मक प्रहार करने के लिए आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों के सेवन की ओर युवा पीढ़ी के बढ़ते रुझान के चलते परिस्थितियां विस्फोटक रूप धारण करती जा रही है और यदि इस प्रवृत्ति पर समय रहते लगाम नहीं लगाई गई तो वह दिन दूर नहीं, जब यह हमारे समूचे सामाजिक ढांचे को नेस्तनाबूद कर देगी। मुख्यातिथि करतार सिंह सौंखले ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे नशों से सदैव दूरी बना कर रखें व अपने ज्ञान व ऊर्जा का सदुपयोग सृजनात्मक गतिविधियों के लिए करें।

कार्यक्रम के दौरान सुचारु मंच संचालन सुधा शर्मा ने किया। मुख्यातिथि ने कॉलेज के प्रधानाचार्य हंसराज सहित समस्त प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में दर्पण संस्था के पदाधिकारियों व सदस्यों कुंदन लाल भारद्वाज, राम पाल शर्मा, रचना रानी, डॉक्टर देवकला शर्मा, अनिल जसवाल, सुधा शर्मा व दीपक शर्मा के अतिरिक्त, जाहिद अबरोल, कुलदीप शर्मा, अलका चावला, संतोष शर्मा, डॉक्टर सत्येन्द्र मौर्य, राजपाल कुटलैहड़िया, डॉक्टर बालकृष्ण सोनी, रामकिशन भट्टी, सचिन शर्मा, रजनीकांत व देव राज हीरा तथा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं - अंजलि शर्मा, वर्षा, रिया, इंदु, सचिन , राहुल, आर्यन, तमन्ना, साक्षी, इंदु बाला, वैष्णवी, संजना, रिया कौशल, निपुण व अंजलि ने अपनी प्रभावी रचनाओं के माध्यम से नशों के विरुद्ध संदेश दिया।

## प्रारंभिक शिक्षा ऊना द्वारा शास्त्री अध्यापकों के भरे जाएंगे 6 पद

**अनंत ज्ञान, ऊना**

प्रारंभिक शिक्षा विभाग ऊना द्वारा जिला स्तर पर शास्त्री अध्यापकों के 6 पद भूतपूर्व सैनिकों के आश्रितों से बैचवाइज अनुबंध आधार पर भरे जाएंगे। उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा ऊना सोमलाल धीमान ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय ऊना, अंब, बंगाणा व हरोली द्वारा प्रायोजित किए गए अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 14 अक्तूबर को प्रात: 10 बजे उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा ऊना के कार्यालय में होगी।

अभ्यर्थियों की सूची, बायोडाटा, शैक्षणिक योग्यताओं, आयु सीमा, वेतनमान, वर्तमान में भर्ती के लिए विचाराधीन बैच सहित विभिन्न प्रमाण पत्रों की जानकारी कार्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। सोमलाल धीमान ने बताया कि शास्त्री अध्यापक पदों में 4 पद भूतपूर्व सैनिक के सामान्य वार्ड, एक पद ओबीसी और एक पद एससी श्रेणी से भरा जाएगा। उन्होंने बताया कि काउंसिलिंग प्रक्रिया में वही अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं, जो शास्त्री अध्यापकों के नए भर्ती एवं पदोन्नति नियम 2023 के तहत निर्धारित योग्यता पूर्ण करते हों।

इसके अलावा अन्य जिलों से संबंधित प्रार्थी और ऊना से संबंधित प्रार्थी जिनका नाम रोजगार कार्यालय द्वारा कार्यालय को प्रायोजित नहीं किया गया है परंतु उनका नाम संबंधित रोजगार कार्यालय में दर्ज है, वे भी काउंसिलिंग में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 01975-223586 और 223088 पर किसी भी कार्यदिवस पर प्रात: 10 से सायं 5 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

**आयोजन** वर्तमान युग में अक्षर ज्ञान के साथ-साथ प्रेक्टिकल ज्ञान होना भी बेहद जरूरी : सरोज

# एग्जीविशन में छात्रों के मॉडल्स ने मचाई धूम

**अनंत ज्ञान, गगरेट**




सेंट डीआर पब्लिक स्कूल में उत्कृष्ट मॉडल तैयार करने वाले छात्रों को सम्मानित करते स्कूल प्रिंसिपल।

शैक्षणिक गतिविधियों में हर साल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की मेरिट सूची में स्थान पाने के साथ साइंस एग्जीविशन में प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर माडल प्रदर्शित करने वाले सेंट डीआर पब्लिक स्कूल गगरेट में शनिवार को साइंस एंड आर्ट एग्जीविशन में विद्यार्थियों ने अपनी कल्पना व सोच से तैयार किए गए मॉडल्स से शिक्षकों को अंचभित कर दिया। आर्ट एग्जीविशन में विद्यार्थियों द्वारा दो सौ स्कैच एवं पेंटिंग प्रदर्शित की गई तो साइंस एग्जीविशन में पच्चीस प्रोजेक्ट विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए। कामर्स एग्जीविशन में सात प्रोजेक्ट खूब सराहे गए।

विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ उनके गुणात्मक विकास पर ध्यान देने के लिए ही सेंट डीआर पब्लिक स्कूल की गिनती श्रेष्ठ शिक्षण संस्थानों में की जाती है। विद्यार्थी अपनी सोच को प्रदर्शित कर सकें, इसके लिए आयोजित की गई एग्जीविशन में विद्यार्थियों का जोश देखते ही बन रहा था। अपनी बेहतरीन कला के दम पर विद्यार्थियों ने आर्ट एग्जीविशन में एक से बढ़कर एक कृतियां प्रस्तुत कीं तो साइंस एग्जीविशन में वाटर प्यूरीफिकेशन व वेस्ट मैनेजमेंट पर आधारित माडल के साथ सात माडल प्रतिस्पर्धा में सबसे आगे रखे गए। कॉमर्स एग्जीविशन में लॉ ऑफ डिमांड, सप्लाई चेन मैनेजमेंट और कॉमर्स सिटी पर आधारित प्रोजेक्ट आकर्षण का केंद्र रहे।

स्कूल की प्रधानाचार्य सरोज कमल शुक्ला ने बताया कि वर्तमान युग में अक्षर ज्ञान के साथ-साथ प्रेक्टिकल ज्ञान होना भी बेहद जरूरी है। वर्तमान युग प्रतिस्पर्धा का युग है। ऐसे में विद्यार्थियों को हर एंगल से परफेक्ट होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि दस जमा एक और दस जमा दो विद्यार्थी जीवन के अगले पड़ाव की ऐसी नींव है जिस पर हर विद्यार्थी का भविष्य निर्भर करता है। इसलिए ही इस एग्जीविशन का आयोजन किया गया था ताकि विद्यार्थियों का चहुंमुखी विकास हो सके।

उन्होंने बताया कि साइंस एग्जीविशन में विशेष, आदित्य का टेस्ला आयल, सनत, हेमांग का हाइड्रालिक सिस्टम, नवदीप का वेस्ट मैनेजमेंट, सिमरन व ऋषि जसवाल का एसिड रेन, दिव्यांशु व महक का इलेक्ट्रो मैग्नेटिक ट्रेन, सिमरन व सानिया का पाल्युशन टर्न इंटू कार्बन प्रोजेक्ट बेहतरीन आंके गए। उन्होंने कहा कि स्कूल के विद्यार्थी साइंस एग्जीविशन में राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रोजेक्ट प्रदर्शित कर चुके हैं।

### विद्युत मीटर को आधार कार्ड से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ।** बिजली बोर्ड की ओर से बिजली मीटर संख्या को उपभोक्ता के आधार कार्ड से जोड़ने (केवाईसी) की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिशाषी अभियंता विद्युत रिकांगपिओ टाशी नेगी ने कहा कि विद्युत विभाग की ओर से यह प्रक्रिया एक अक्तूबर से घर-घर जाकर आरंभ कर दी गई है। इसकी अंतिम तिथि 31 अक्तूबर है।

उन्होंने बताया की जब विद्युत बिल वितरण बिल जारी करने के लिए उपभोक्ता के घर जाएगा, उस समय (केवाईसी) के लिए जरूरी दस्तावेज जैसे आधार कार्ड व मोबाइल नंबर को पहले से उपलब्ध रखें ताकि इस काम को समय रहते पूर्ण किया जा सके। अगर कोई उपभोक्ता (केवाईसी) करवाने में सहयोग नहीं करता है तो भविष्य में विद्युत बिल में आने वाली सुविधाओं से वंचित रह सकता है एवं इसके लिए वह स्वयं उत्तरदायी होगा। (अनंत ज्ञान)




मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर अधिकारियों के साथ अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव की तैयारियों का जायजा लेते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### सब्सिडी चाहिए तो करें बिजली कर्मियों का सहयोग

**अनंत ज्ञान, आनी।** हिमाचल में अब बिजली उपभोक्ताओं को सब्सिडी लेने के लिए आधार ई-केवाईसी करवानी होगी , जिसके लिए हिमाचल सरकार द्वारा हिमाचल विद्युत बोर्ड के माध्यम से एक अक्तूबर को आदेश जारी कर दिए गए हैं। विद्युत मंडल आनी के वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता इंजी. पीसी हरनोट ने बताया कि उपभोक्ताओं की सहूलियत के लिए विद्युत विभाग द्वारा घर -घर जाकर मोबाइल एप्लिकेशन के जरिए सर्वे किया जा रहा है। उन्होंने विद्युत मंडल आनी के अंतर्गत आने वाले जगातखाना, निथर, निरमंड आनी आदि विद्युत उपमंडलों के विद्युत उपभोक्ताओं से बिजली बिल काटने आने वाले विद्युत कर्मियों का सहयोग करने की अपील की है। हरनोट ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि जब बिजली बिल काटने कर्मी आपके घर या संस्थान में आएं तो आप अपना आधार आदि केवाईसी के दस्तावेज अपने साथ रखें, ताकि किसी प्रकार की परेशानियों से दो चार न होना पड़े।

### शमशी में सिलेंडर फटने से बुजुर्ग दंपती झुलसे

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** कुल्लू जिले के भुंतर तहसील के अंतर्गत आने वाले शमशी में सिलेंडर के फटने से बुजुर्ग दंपती के झुलसने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर रात को अचानक से सिलेंडर के फटने से शमशी निवासी मोहन लाल के कमरे में आग लग गई। आग के भड़कते ही कमरे में उपस्थित बुजुर्ग दंपती मोहन लाल पुत्र लुहारू राम और पत्नी टिकी देवी आग लगने से बुरी तरह से झुलस गए। इस दौरान दोनों को प्राथमिक चिकित्सा के लिए क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है।

### केलांग स्कूल में लगाया जागरूकता शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** केलांग में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय केलांग में नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 एवं अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के तहत जागरूकता शिविर आयोजित हुआ। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा आयोजित इस शिविर में जिला कल्याण अधिकारी खुशविंद्र ठाकुर, प्रधानाचार्य युद्धवीर सिंह व अध्यापक तथा विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे। खुशविंद्र ने उपस्थित लोगों का स्वागत किया और उक्त अधिनियम के अन्तर्गत लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि इस अधिनियम के अन्तर्गत अगर पुलिस थाना में कोई एफआईआर दर्ज होती है तो उक्त अधिनियम के अंतर्गत एक लाख से आठ लाख पच्चीस हजार रुपए तक देने का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त उन्होंने एनडीपीएस एक्ट व सजा के प्रावधानों के बारे भी जानकारी दी। प्रधानाचार्य द्वारा उनके विद्यालय में आने पर समस्त अधिकारियों एवं उपस्थित लोगों को धन्यवाद किया और बच्चों से यह आह्वान किया कि अधिकारियों द्वारा बताए गए योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने अधिकारों के प्रति भी सजग रहें ।



### मरम्मत के चलते आज बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल कुल्लू ने बताया कि 11 केवी ढालपुर-1 फीडर के अंतर्गत लाइनों की मरम्मत, आवश्यक रख-रखाव व मरम्मत के लिए इस फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों कोर्ट कांप्लेक्स, एसपी ऑफिस, नियर शोबला होटल, लोअर ढालपुर, नारु क्लीनिक, पोस्ट ऑफिस, रमणीक एरिया, ब्वॉयज स्कूल, होटल शोबला आदि क्षेत्रों में 6 अक्तूबर को सुबह 10 बजे से शाम 2 बजे तक या कार्य के संपूर्ण होने तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल कुल्लू ने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### पिता की याद में सैंज अस्पताल में दान किया बैंच

**अनंत ज्ञान, सैंज।** जिला कुल्लू के सैंज में पिछले कई वर्षों से सामाजिक कार्यों के लिए हमेशा प्रयासरत रहने वाले स्वर्गीय कुंज लाल धामी की यादगार में उनके बेटे किशोरी धामी ने सैंज अस्पताल में बेंच दान किया है। बता दें कि धामी ने अपने जीवन में समय-समय पर क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक कार्यों में सहयोग किया था। इसी सहयोग के तहत आज भी घाटी के लोग उनको याद करते है पिता के सामाजिक कार्यों में सहयोग को देखते हुए बेटे ने भी उनकी राह पर कार्य करना शुरू कर दिया है । सैंज अस्पताल की डॉक्टर इंदु ने इस सराहनीय कार्य करने के लिए किशोरी धामी को बधाई दी।



### भुठी स्कूल में लगाया आंखों का जांच शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** रोटरी क्लब कुल्लू द्वारा रोटरी आई हॉस्पिटल बजौरा के तत्वावधान में पीएम श्री मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल भुठी में आंखों के निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में रोटरी नेत्र अस्पताल के नेत्र विशेषज्ञ, नेत्र का परीक्षण करने वाले विशेषज्ञ अजय कुमार, विनोद कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे व अपनी सेवाएं दीं। नेत्र जांच में प्राइमरी पाठशाला व वरिष्ठ पाठशाला के स्टूडेंट्स की आंखों की जांच की गई व लगभग 70 स्टूडेंट्स को रोटरी आई हॉस्पिटल बजौरा के लिए रेफर किया गया। इस मौके पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन अंशुल पराशर ने कहा कि भविष्य में भी रोटरी क्लब कुल्लू दूरदराज़ गांव के स्कूलों में इस तरह के निशुलक जांच शिविरों का आयोजन करता रहेगा। इस अवसर पर रोटरी क्लब कुल्लू की ओर से रोटरी फाउंडर मेंबर सेक्रेटरी रोटेरियन डॉक्टर पीडी लाल ने पाठशाला के लिए थ्री चेयर (विजिटर बेंच) भी भेंट किया।

# मलबा हटाने के लिए 14 करोड़ की धनराशि को खर्च करने पर शौरी ने लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

## बोले- बंजार पीडब्ल्यूडी कार्यालय का पूरा रिकॉर्ड किया जाए सील

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

जिला मुख्यालय में स्थित सर्किट हाउस में बंजार विधानसभा से विधायक सुरेंद्र शौरी ने प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए बंजार में सड़कों पर से मलबा हटाने के नाम पर 14 करोड़ की धनराशि व्यय होने पर घोटाले की आशंका को व्यक्त करते हुए इसकी जांच की मांग की।

शनिवार को सर्किट हाउस में बंजारा विधानसभा के विधायक सुरेंद्र शौरी ने जानकारी देते हुए बताया कि गत मार्च 2023 से लेकर जुलाई 2024 तक मलवा हटाने के नाम पर एक बहुत बड़ा घोटाला हुआ है। उन्होंने बताया कि जब विधानसभा से इस संदर्भ में आंकड़ा मांगा गया तो पता चला कि कुल 1800 टैंडर में से 511 टैंडर मात्र मलबा हटाने के लिए पास किये गए थे जिसपर कुल 14 करोड़ की धनराशि खर्च की गई। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अगर 14 करोड़ सच में सड़क पर से मलबा हटाने के लिए खर्च किया होता, तो ऐसे में बंजार की 35 सड़कों पर हर रोज 8 से 9 घंटे काम करते हुए करीब एक साल तक जेसीबी मशीन को चलना चाहिए था। हकीकत में ऐसा नहीं हुआ है, क्योंकि टैंडर फ्रॉड लगवाए गए थे, इसलिए इस मामले की गंभीरता के साथ उच्च स्तरीय जांच होनी


पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए विधायक सुरेंद्र शौरी।

चाहिए क्योंकि कांग्रेस में इसमें बड़े स्तर का घोटाला किया है और संबंधित अधिकारियों पर भी कार्यवाही होनी चाहिए, क्योंकि इतनी बड़ी संख्या में किस तरह से यह टेंडर लगवाए गए।

शौरी के अनुसार हजारों करोड़ मीट्रिक टन मलबा जो आपदा के दौरान सड़कों पर था उसे कहां पर ओर किस तरह से डंप किया गया। उन्होंने इस मामले में बंजार के पीडब्ल्यूडी विभाग को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि बंजारा के पीडब्ल्यूडी कार्यालय का पूरा रिकॉर्ड सील किया जाना चाहिए और इस मामले में विजिलेंस की जांच होनी चाहिए।

उन्होंने हैरानी जताते हुए कहा कि बंजार का मुख्य सड़क एनएच अंतर्गत आता है और एनएच विभाग में इन सड़कों के लिए अपनी तरफ से अलग से कार्य किया है, जबकि ब्लॉक के सड़कों को ब्लॉक ने 40-50 लाख लगा कर खोला था। इसके साथ ही उन्होंने एनएचपीसी सैंज के कारण पर संतुष्टि जताते हुए कहा कि एनएचपीसी सैंज ने अच्छा कार्य किया है मगर इन सब के बावजूद भी पीडब्ल्यूडी विभाग बंजार ने बड़ा घोटाला किया है। शौरी ने कहा कि आज भी सड़कों की हालत दयनीय है, इसके साथ ही उन्होंने सवाल मलबा हटाने के नाम पर हुए घोटाले पर बोलते हुए कहा कि 14 करोड़ की बड़ी धनराशि कहां गई ? ये किन-किन लोगों के नाम पर टैंडर लगे है ? किस के दवाब के चलते ये कर्र्य हुआ है ? जिनके नाम टैंडर लगे हैं क्या उनके पास जेसीबी मशीन है ?

उन्होंने कहा कि इस मामले में सिर्फ और सिर्फ कागजों में खाना पूर्ति की गई है और जनता की गाढ़ी कमाई को सरकार ने पानी की तरह बहाया है। उन्होंने कहा कि हम भी जब जयराम सरकार में बंजार से विद्यायक थे तो 5 साल में 14 करोड़ की धनराशि खर्च नही की जबकि वर्तमान सरकार ने मात्र 14-15 महीने के अंदर ही इतनी बड़ी धनराशि खर्च कर दी इसलिए उच्च स्तर की जांच होनी ही चाहिए। (अनंत ज्ञान)

# रोपा में 'मानव-वन्यजीव सहअस्तित्व' थीम पर मनाया वन्यप्राणी सप्ताह

**अनंत ज्ञान सैंज**


वन्यप्राणी सप्ताह के अवसर पर नाटी डालती युवतियां।

ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क के तहत सैंज वनपरिक्षेत्र के रोपा परिसर में वन्यप्राणी सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों छात्रों के बीच वन्य जीवन संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। 2 अक्तूबर से शुरू वन्य प्राणी सप्ताह के अंर्तगत वन एंव वन्य प्राणी सैंज वन परिक्षेत्र द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में वन एवं वन्यप्राणी विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों के अलावा विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम में ग्रेट हिमालय नेशनल पार्क के अरण्यपाल संदीप शर्मा बतौर मुख्यातिथि रहे। मानव वन्यजीव सह अस्तित्व थीम पर चले इस कार्यक्रम के दौरान यहां पर अनेक गतिविधियां संचालित की गई जिससे स्थानीय महिला मंडलों के लिए कुलवी नाटी प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। इस प्रतिस्पर्धा में सैंज डिग्री कॉलेज के प्रतिभागियों ने प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं, दूसरे स्थान पर महिला मंडल तिचना रही और तीसरा स्थान पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रैला रहा। वन्यप्राणी व वनों को लेकर स्कूली बच्चों की विभिन्न गतिविधियों पर प्रतियोगिताएं भी करवाई गई।

वहीं, नुकक्ड़ नाटक व गीत संगीत के माध्यम से वन संपदा के संरक्षण का संदेश दिया। वहीं, मैराथन में राजकीय महाविद्यालय सैंज के अलावा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सैंज, शेशर ,शांघड़ तथा रैला के 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में संदीप शर्मा ने कहा है कि वन संपदा का संरक्षण मानव जीवन को संतुलित रखने के लिए महत्वपूर्ण हैं। इस मौके पर प्रधान खिला देवी, प्रधान जोगिंद सोनी, प्रधान सीतावती, डीएफओ नेशनल पार्क सचिन शर्मा जीवन वाला रेंज ऑफिसर विक्रम सिंह डिप्टी रेंज ऑफिसर,व अनेको वन रक्षक मौजूद रहे।

# थाची स्कूल मामले में दोनों ही अभिभावकों ने पत्र लिखकर राष्ट्रपति से मांगा समय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थाची में नाबालिग बच्चों के साथ हुई मारपीट और चोरी के इल्जाम से पीड़ित अभिभावकों ने कहीं पर न्याय मिलता न देख देश के राष्ट्रपति को पत्र लिख कर उनसे मिलने के लिए समय देने की मांग की है।


बच्चों के अभिभावक इंद्र शर्मा व ओम प्रकाश।

तांदी निवासी इंद्र शर्मा पुत्र डोले राम, डाकघर व तहसील थाची जिला मंडी, ओम प्रकाश पुत्र झाबे राम निवासी तांदी, डाकघर व तहसील थाची जिला मंडी इन दोनों ही अभिभावकों ने नवमीं कक्षा में पढ़ने वाले अपने बच्चों के भविष्य का हवाला देकर बताया कि 23 अप्रैल 2024 को ओमप्रकाश के दोनों नाबालिग पुत्रों पर स्कूल की ही प्रधानाचार्य, अध्यापक ओर वहीं के दुकानदार के द्वारा चोरी का झूठा इल्जाम लगाया गया। इस बारे में अभिभावकों के द्वारा 25 अप्रैल 2024 को पुलिस चौकी बालीचौकी में शिकायत दर्ज की गई साथ ही इस संदर्भ में प्रदेश के मुख्यमंत्री को भी पूरी फाइल भेजी गई। ओम प्रकाश और इंद्र शर्मा ने अपने बच्चे के भविष्य के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अध्यापकों के डर के कारण स्कूल नही जा रहा है और साथ ही उनका बच्चा अब डिप्रेशन में है।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा है जो भी अधिकारी शिक्षा विभाग पुलिस विभाग द्वारा इस मामले की छानबीन हेतु संबंधित स्कूलों में आ रहे हैं, वे सभी छानबीन करने के बाद उचित रिपोर्ट नहीं बना रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रपति से निवेदन करते हुए कहा है कि इस मामले को उच्च स्तर के अधिकारियों को सौंपा जाए और इसके साथ ही इस मामले को लेकर देश के राष्ट्रपति से मिलने के लिए समय भी दिया जाए। (अनंत ज्ञान)

# छात्रों ने कुल्लू के वरिष्ठजनों से किया साक्षात्कार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



छात्रों में पठन-पाठन और लेखन में रुचि पैदा करने के उद्देश्य से राजकीय महाविद्यालय, पनारसा के छात्रों ने 'कुल्लू दशहरा: तब और अब' विषय पर कुल्लू के वरिष्ठजनों से ऐतिहासिक कुल्लू दशहरा उत्सव को लेकर साक्षात्कार किया तथा उनसे दशहरा उत्सव से जुड़े विभिन्न पहलुओं को लेकर जानकारी एकत्र की। इस में शनिवार राजकीय पनारसा के छात्रों ने मौहल स्थित नेचर पार्क में कुल्लू तथा लाहौल-स्पिति जिला से संबद्ध प्रबुध एवं वरिष्ठजनों से बातचीत की।

इस विषय के आधार पर छात्रों ने घाटी के वरिष्ठजनों से दशहरा उत्सव से जुड़ी स्मृतियां, बचपन के अनुभव, दशहरा देखने का अवसर कब मिला, बचपन में दशहरे के दौरान होने वाली गतिविधियां, उनके माता-पिता या दादा-दादी द्वारा दशहरे को लेकर बताई गई बातें, किशोरावस्था के अनुभव, भावनाएं आदि को लेकर सार्थक बातचीत की। इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय की पुस्तकाध्यक्ष एवं इस कार्यक्रम की संयोजक बिंदू सूर्यवंशी ने बताया कि लाइब्रेरी सोसायटी की तरफ से सीनियर सिटीजन के साथ छात्रों एक साक्षात्कार रखा है, ताकि कुल्लू दशहरे की पृष्ठभूमि को लेकर लोगों को बेहतर जानकारी प्राप्त हो सकें। वहीं कॉलेज की प्राचार्या डॉ. उरसेम लता ने बताया कि राजकीय महाविद्यालय पनारसा ने हिमतरु प्रकाशन समिति के साथ एक एमओयू साईन किया है कि जिसके तहत रिसर्च कॉम्पोनेंट या छात्रों के छोटे-छोटे रिसर्च पेपरर्ज पर कार्य किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में धनेश्वरी शर्मा, छीमे शाशनी, दयानंद गौतम, प्रो. चेतन, कुंती देवी आदि मौजूद रहे।

# नोडल अधिकारी समय पर निर्धारित कार्यों का करें निष्पादन : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

उपायुक्त एवं दशहरा उत्सव समिति की उपाध्यक्ष तोरुल एस रवीश की अध्यक्षता में शनिवार यहां बचत भवन के सम्मेलन कक्ष में दशहरा उत्सव उप समितियों के अध्यक्षों एवं नोडल अधिकारियों की एक बैठक आयोजित हुई।

बैठक में दशहरा उत्सव के सफल आयोजन के लिए विभिन्न उप समितियों के स्तर पर किए जाने वाले विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने इस अवसर पर कहा कि दशहरा उत्सव अंतर्राष्ट्रीय उत्सव होने के साथ ही एक प्राचीन एवं देव परंपराओं का निर्वहन करने वाला उत्सव है। उन्होंने कहा कि इस उत्सव के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है जिसके लिए विभिन्न उप समितियों का गठन किया गया है। उपायुक्त ने उपसमितियों के नोडल अधिकारीयों से संबंधित कार्यों का निर्धारित समय पर निष्पादन करने को कहा। बैठक में कानून व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, प्रदर्शनी, संस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों, स्टाल आवंटन, परिवहन, पार्किंग, सजावट, विद्युत, देवताओं के लिए की जाने वाली व्यवस्था, इस दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न विशेष कार्यक्रमों के सफल आयोजन वारे भी चर्चा की गई। इस मौके पर अश्वनी कुमार अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव चौहान, सहायक आयुक्त शशि पाल नेगी आदि मौजूद रहे।

# रामबाग अखाड़ा बाजार में बन रहे शहीद स्मारक का कार्य हुआ पूरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय में स्थित बचत भवन में शनिवार को जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की बैठक का आयोजन हुआ, जिसकी अध्यक्षता अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अश्वनी कुमार ने की। बैठक में भूतपूर्व सैनिकों के विभिन्न मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

सैनिक कल्याण बोर्ड के उपनिदेशक शशिपाल नेगी ने बताया कि रामबाग अखाड़ा बाजार में बन रहे शहीद स्मारक जिसका कार्य लगभग पूरा हो गया है। उन्होंने बताया कि उस पर शहीदों के नाम लिखना बाकी है तथा चारदीवारी का कार्य शेष है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग को आदेश दिए की जो भी कार्य शेष है उस कार्य को जल्दी से निपटाएं, ताकि


बचत भवन में जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की बैठक में भाग लेते एडीएम कुल्लू एवं अन्य अधिकारी।

दशहरे के समापन समारोह पर मुख्यमंत्री द्वारा इस शहीद स्मारक का उद्घाटन करवाया जा सके।

इसी तरह जो मोहल में ईसीएचएस हॉस्पिटल भवन का निर्माण करना है उसके लिए जमीन का प्रावधान हो चुका है, जिसके लिए 1.42 करोड़ रुपए बजट का प्रावधान है और लगभग 10 दिन में 30 प्रतिशत बजट आ जाएगा तो लोक निर्माण विभाग द्वारा इस भवन के निर्माण का टेंडर कर दिया जाएगा। भूतपूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं और परिवारों के लिए ईसीएचएस भानु हॉस्पिटल तथा कुल्लू वैली हॉस्पिटल का इंपैनलमेंट हो गया है और जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की मांग है कि हरिहर हॉस्पिटल को भी ईसीएचएस के साथ इंपैनलमेंट कर दिया जाए ताकि जिला तथा साथ लगते क्षेत्रों के भूतपूर्व सैनिकों को अच्छी सुविधा मिल सके। जिला सैनिक कल्याण बोर्ड ने प्रशासन से सामुदायिक भवन के लिए धन उपलब्ध करने,16 दिसंबर को विजय दिवस मनाने तथा सैनिक वेलफेयर ऑफिस कुल्लू में स्टाफ की कमी को पूरा करने की मांग भी रखी।

इस पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने कहा कि सैनिक कल्याण बोर्ड की विभिन्न मांगों को पूरा करने में जिला प्रशासन हरसंभव प्रयास करेगा। इस अवसर पर सैनिक कल्याण बोर्ड के उपनिदेशक शशि पाल नेगी, उपाध्यक्ष रिटायर्ड ब्रिगेडियर टी एस ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल देशराज ठाकुर, कैप्टन वीरेंद्र नेगी, कैप्टन ताराचंद, कैप्टन चोबे राम, डीएसपी कुल्लू राजेश कुमार, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# उत्सवों से पर्यटन को मिलता है बढ़ावा : एसडीएम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

एसडीएम केलंग रजनीश ने कहा कि लाहुल स्पीति जिला पर्यटन की दृष्टि से अहम स्थान रखता है। हर साल ना केवल देश बल्कि विदेशों से भी लाखों पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रकृति ने जिला को अपार प्राकृतिक सुंदरता से और स्वास्थ्य जलवायु से नवाजा है।



उन्होंने कहा कि अटल टनल बनने से जिला का नाम प्रदेश, देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अपनी अलग पहचान बना चुका है। जिला में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिला है। एसडीएम आज शाम सिस्सु में लायुल उत्सव द-मिलन की विधिवत शुरुआत करने के बाद अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। मेला कमेटी के अध्यक्ष सुशांत मिरुपा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा लाहुली परंपरा के अनुसार सम्मानित किया। इस मेले में स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ अन्य जिलों के कलाकारों ने भाग लेकर अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

सुशांत ने कहा कि अटल टनल रोहतांग के दोनों छोर मिलने की खुशी में साल 2017 से सिस्सू के नर्सरी में लायुल उत्सव मनाया जाता है। इसमें प्रदेश और लद्दाख के कलाकार दो दिन तक रंगारंग कार्यक्रम पेश करते हैं। उत्सव का यह सातवां संस्करण है। उन्होंने बताया कि रविवार को विधायक अनुराधा राणा उत्सव का समापन करेंगी।

# ढालपुर कॉलेज में करियर काउंसलिंग पर सेमिनार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



जिला कुल्लू के मुख्यालय ढालपुर के राजकीय महाविद्यालय में छात्रों के लिए करियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुल्लू कॉलेज में अध्यनरत एनसीसी, एयर विंग के छात्रों को कैरियर संबंधी जानकारी दी गई।

इस कार्यक्रम में एनसीसी के एयर विंग कमांडर कुणाल शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं, उन्होंने उपस्थित छात्रों को आगामी करियर संबंधी जानकारी दी। इस दौरान एनसीसी व एयर विंग के छात्रों के द्वारा अपने करियर को लेकर कई सवाल भी पूछे गए। जिनका मौके पर ही समाधान किया गया। छात्रों को संबोधित करते हुए एनसीसी एयर विंग के विंग कमांडर कुणाल शर्मा ने बताया कि आज के समय में युवाओं के बीच सेना तथा एयर फोर्स में जाने की इच्छा काफी अधिक है और एनसीसी व एयर विंग के माध्यम से उन्हें देश सेवा करने का मौका मिल सकता है। ऐसे में इस सेमिनार में भी करियर के बारे में छात्रों के जो सवाल थे। उनका उन्हें जवाब दिया गया।

विंग कमांडर कुणाल शर्मा ने बताया कि छात्र जीवन से ही करियर के बारे में सोचना काफी आवश्यक है, ताकि भविष्य में उन्हें दिक्कतों का सामना न करना पड़े। एनसीसी और एयर विंग सीसी के माध्यम से छात्र देश की सेवा कर सकते हैं और आने वाले समय में अन्य छात्रों को भी इस क्षेत्र में आने के लिए प्रेरणा दे सकते हैं।

**कला** — आईआरएमटी में नग्गर में महान चित्रकार निकोलस रौरिक की 150वीं जन्म शताब्दी पर कार्यक्रम

# रौरिक्स रियलम थीम पर लगाई चित्रकला प्रदर्शनी

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

अंतरराष्ट्रीय रौरिक मैमोरियल नग्गर में महान चित्रकार निकोलस रौरिक की 150वीं जन्म शताब्दी और स्वेतोस्लाव रौरिक की 120वीं जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आगाज शनिवार को चित्रकला प्रतियोगिता के आयोजन से हुई।

हैलेना रौरिक अकादमी में रशियन और भारतीय बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंगों की प्रदर्शनी और सेमिनार हॉल में रशियन चित्रकार मारिया इवानोवा की चित्रकला प्रदर्शनी का उद्घाटन इंजीनियर महिमा ने किया। चित्रकला प्रतियोगिता में कुल्लू जिला के विभिन्न स्कूलों से उपस्थित हुए छात्रों, हैलेना रौरिक अकादमी के छात्रों, अध्यापकों, अभिभावकों, आई सी आर मास्को से आये रशियन का रशियन क्यूरेटर लारिसा सुरगिना, भारतीय क्यूरेटर सुरेसग कुमार नड्डा और रशिया से आये रशियन ग्रुप की लीडर तमारा मरज ने चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आने पर स्वागत किया। चित्रकला प्रतियोगिता का शीर्षक 'द रौरिक्स रियलम' विषय के ऊपर रहा। इस में लगभग कुल्लू जिला के 8 स्कूलों, हैलेना रौरिक अकादमी और एकल



रूप में लगभग 120 छात्रों ने भाग लिया। चित्रकला प्रतियोगिता में डीएवी कटराईं, डीएवी मनाली, डीपीएस मनाली, राजकीय प्राइमरी स्कूल नग्गर, सरस्वती विद्या मन्दिर कटराईं, सरस्वती विद्या मन्दिर नग्गर इत्यादि स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। सबसे पहले हैलेना रौरिक अकादमी में भारतीय और रशियन छात्रों की चित्रकला प्रदर्शनी को छात्रों का जनसमूह ने देखा। इसके बाद प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। इस अवसर पर भारतीय क्यूरेटर सुरेश कुमार नड्डा, रशियन क्यूरेटर लारिसा सुरगिना, रशियन क्यूरेटर सहायक दमित्री सुरगिन आदि मौजूद रहे। चित्रकला प्रतियोगिता के बाद रशियन मेहमानों ने बच्चों के साथ गेम्ज खेली।

भारतीय क्यूरेटर सुरेश कुमार नड्डा और रशियन क्यूरेटर लारिसा सुरगिना ने मुख्यातिथि, चित्रकारों और सभी रशियन और भारतीय मौजूद जनसमूह का चित्रकला प्रदर्शनी, चित्रकला प्रतियोगिता में आने के लिए धन्यवाद किया। (अनंत ज्ञान)

**अनंत ज्ञान**
**क्लासीफाइड**
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**सूचना**

**मैं सुरेश कुमार** (45 वर्ष) पुत्र श्री हरी गोपाल और सविता (40 वर्ष) पत्नी सुरेश कुमार निवासी गांव व डाकघर डोभी, तहसील एवं जिला कुल्लू (हि.प्र.) घोषणा करते हैं कि हमारी बेटी अन्वेषा मालपा के जन्म प्रमाण पत्र व स्कूल रिकॉर्ड में हमारा नाम सुरेश मालपा और सविता मालपा गलत दर्ज है। जबकि हमारा सही नाम सुरेश कुमार और सविता है। सभी संबंधित नोट करें।



## न्यूज ब्रीफ

### चूड़धार यात्रा में महिला की पुलिस जवानों ने की सहायता



**नाहन।** नाहन जमटा निवासी नीलम शर्मा दो बहनों के साथ चूड़धार यात्रा पर आई थीं, जहां उनकी काफी तबीयत बिगड़ गई। नीलम पहले से ही बीमार थी, पर उनके मन मे चूड़धार पहुंचने की इच्छा जागी व बड़ी मुश्किल से चूड़धार के लिए निकली। चूड़धार पहुंचने पर नीलम शर्मा की तबीयत अचानक ज्यादा बिगड़ गई। इस पर चूड़धार में कार्यरत पुलिस के जवान अखिल कुमार द्वारा सेवा समिति के कर्मचारी रोशन लाल शर्मा, सोहन सिंह ठाकुर व पंकज द्वारा नीलम को एक सीढ़ी की सहायता से 7 किलोमीटर उठाकर पीड़ित नीलम उपरोक्त को सराहां के मनडवा लानी तक पहुंचाया गया।

### धारटीधार के कांसर में होगा दुर्गा अष्टमी मेला

**नाहन।** जिला सिरमौर के धारटीधार इलाके के कांसर में दुर्गा अष्टमी मेला धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। श्री दुर्गा नवयुवक मंडल कांसर की ओर से देवी दरभौणी मंदिर परिसर में 8 अक्तूबर से लगने वाले मेले के दौरान कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जहां क्रिकेट, कबड्डी, वॉलीबाल और दंगल जैसी विभिन्न स्पर्धाएं आकर्षण का मुख्य केंद्र होंगी. इसको लेकर नवयुवक मंडल ने सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं। क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता टीम को 41,000 रुपए और उपविजेता को 21,000 रुपए के साथ चमचमाती ट्राफियां पुरस्कार के तौर पर प्रदान की जाएंगी। वॉलीबाल और कबड्डी विजेता टीमों के लिए 21,000-21,000 रुपए का प्रथम पुरस्कार दिया जाएगा। नवयुवक मंडल के सदस्य पवन शर्मा ने बताया कि कांसर खेल मैदान में 8 से 11 अक्तूबर तक क्रिकेट चैंपियनशिप जाली वाली गेंद से करवाई जाएगी। इसमें केवल 48 टीमों को ही एंट्री मिलेगी। एंट्री शुल्क 6 अक्तूबर से पहले जमा कराना अनिवार्य है।

### 'मेरी पॉलिसी मेरे हाथ' कार्यक्रम का शुभारंभ

**सोलन।** सोलन जिले में 'मेरी पॉलिसी मेरे हाथ' कार्यक्रम का शुभारंभ गत दिवस कृषि उप-निदेशक सोलन डॉ. देव राज कश्यप ने किया। डॉ. कश्यप ने बताया कि यह कार्यक्रम पूरे देश में केंद्र सरकार के तत्वावधान में 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' के अंतर्गत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में लगभग 50 किसानों को पॉलिसी वितरित की गई। कृषि उप-निदेशक ने इस अवसर पर प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक किसान इस योजना से जुड़कर लाभ अर्जित कर सकते हैं।

### पुलिस की पहल से लोग कर रहे सुरक्षित महसूस



**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** जिला बद्दी पुलिस का पुलिस घर के द्वार संवाद कार्यक्रम से स्थानीय लोग अब खुद को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। बद्दी पुलिस बद्दी-नालागढ़ के रिहाइशी एरिया में जाकर कानून व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं को सुन रही है और उनका समाधान भी कर रही है। एसपी बद्दी इल्मा अफरोज के द्वार शुरू किए गए पुलिस घर के द्वार संवाद कार्यक्रम से लोग भी संतुष्ट नजर आ रहे हैं। नालागढ़ के खेड़ा में यूनी रॉयल अपार्टमेंट में स्थानीय लोगों से अवैध नशीले पदार्थों पर रोकथाम को लेकर सीधा संवाद किया। इश दौरान एसपी बद्दी ने अवैध नशीलें पदार्थों की रोकथाम के मुद्दे को लेकर लोगों से चर्चा की और उन्हें एरिया में सक्रिय चल रहे तस्करों के बारे में जानकारी भी हासिल की। एसपी बद्दी ने स्थानीय निवासियो से आग्रह किया कि वे नशीली दवाओं के खिलाफ इस लड़ाई में पुलिस का साथ दें और अवैध नशीले पदार्थों से संबंधित जानकारी साझा करें। उन्होंने स्थानीय निवासियों को बद्दी पुलिस के फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम अकाउंट्स से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया, जहां वे गुप्त रूप से संदेश और जानकारी भेज सकते हैं।

### योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाएं : राजस्व मंत्री

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ।** राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन-शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने जिला कल्याण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को वर्तमान प्रदेश सरकार की निर्धन एवं उपेक्षित वर्गो के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए हर संभव कार्य करने के निर्देश दिए ताकि धरातल पर लोगो को लाभ मिल सकें।

### सरकारी दफ्तरों में किया जा रहा भेदभाव : सूरत नेगी

**रिकांगपिओ।** करीब पौने दो वर्ष के कांग्रेस कार्यकाल के दौरान किन्नौर जिले में कई सरकारी दफ्तरों में सरकारी कार्य मे आम लोगों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। यह बात पूर्व वन निगम उपाध्यक्ष सूरत नेगी ने कही। इस दौरान उनके साथ किन्नौर भाजपा के कोषाध्यक्ष कंवर सिंह एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य उमा शंकर भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि आज लोक निर्माण विभाग में आम आदमी एवं भाजपा से जुड़े लोगों का विभाग की ओर से पेमेंट नही किया जा रहा है, जिन्होंने काम किया है। उनके साथ विभाग पूरी तरह से भेदभाव कर रही है जबकि कांग्रेस से जुड़े लोगों के पेमेंट तुरंत किया जाता है।

## पीएम हिमाचल के विकास के लिए लगातार कर रहे अथक प्रयास : नड्डा



नाहन में भाजपा कार्यालय का उद्घाटन करते जगत प्रकाश नड्डा।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने हिमाचल प्रदेश के सिरमौर में नवनिर्मित भाजपा कार्यालय का उद्घाटन किया और भाजपा कार्यालय देहरा की पट्टिका का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार हिमाचल से क्या हटी, कांग्रेस ने विकास कार्यों पर ही ब्रेक पर लगा दिया।

मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ सिर्फ अपने लोगों को पहुंचाया, न की हिमाचल के गरीबों को दिया। बगैर केंद्र सरकार की मदद के हिमाचल सरकार एक दिन नहीं चल सकती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री हिमाचल के विकास के लिए लगातार अथक प्रयास कर रही है, लेकिन सुक्खू सरकार प्रदेश को बर्बाद करने पर तुली है। सुक्खू हरियाणा जाकर कहते हैं कि सभी महिलाओं को 1500 रुपए देंगे, लेकिन हिमाचल में महिलाओं को दिए वादों को पूरा करते नहीं।

इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, विधायक रीना कश्यप, सुरेश कश्यप, सुखराम चौधरी सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। नड्डा ने कहा कि लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद पहली बार हिमाचल प्रदेश और नाहन आया हूं। मैं हिमाचल की चारों लोक सभा सीटों पर भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों को विजयी बनाने के लिए प्रदेश की जनता को हृदय से धन्यावाद देता हूं।

हिमाचल की जनता के आशीर्वाद से 60 सालों के बाद कोई प्रधानमंत्री लगातार तीसरे बार प्रधानमंत्री बने हैं तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 में कहा था कि पार्टी को अपने पांवों पर खड़ा करना है और आत्मनिर्भर है। भाजपा का जिला कार्यालय भी पार्टी को आत्मनिर्भर बनाने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। इसलिए उनके मार्गदर्शन में हर जिले में भाजपा कार्यालय बन रहा है। आज सिरमौर में भाजपा कार्यालय का उद्घाटन हुआ है, जिसका नंबर 563वां है, अर्थात सिरमौर को लेकर देश में 563 भाजपा जिला कार्यालयों का निर्माण हो चुका है।

## सोलन के ओल्ड बस स्टैंड में पार्किंग निर्माण की उम्मीद जगी

# सैन्य छावनी सड़क को अपग्रेड करने को नगर निगम देगा 86 लाख रुपए

**आर मोहन चौहान. सोलन**

सोलन शहर के ओल्ड बस स्टैंड में एक बार फिर से मल्टी स्टोरी पार्किंग की उम्मीद जगी है। 2,309 वर्ग मीटर रक्षा भूमि और 3,451 वर्ग मीटर नागरिक भूमि के आदान-प्रदान के लिए हाल ही में रक्षा अधिकारियों और नगर निकाय ने संयुक्त निरीक्षण किया है। कई सालों से लंबित इस मामले में अब जमीन के आदान-प्रदान की संभावना है। समझौते के मुताबिक राज्य सरकार को रक्षा वाहनों की निर्बाध आवाजाही के लिए हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-5 से सेना स्टेशन तक सड़क उपलब्ध कराकर भूमि विनिमय की सुविधा प्रदान करनी थी।

कथेड़ बाईपास पर सेना अधिकारियों को दी गई भूमि की परिधि राष्ट्रीय राजमार्ग-22 पर स्थित है, जहां चार लेन का काम हुआ है। कथेड़ पर कुछ वर्ष पहले सेना छावनी तक एक सड़क बनाई गई थी, लेकिन इसकी गुणवत्ता में कमी थी और इसके सुधार के लिए नगर निगम ने सेना को करीब 86 लाख रुपए देने का निर्णय लिया है। सैन्य अधिकारी यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि सड़क के बाद के विस्तार से छावनी तक पहुंच किसी प्रकार की बाधा न रहे।

भूमि के आदान-प्रदान में तेजी लाने के लिए नगर निगम के आम सदन ने रक्षा अधिकारियों को यह राशि देने को मंजूरी दे दी है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि सड़क उनकी जरूरत के मुताबिक है। यह भी निर्णय लिया गया कि लोक निर्माण विभाग से कार्य निष्पादित करने के बजाए यह राशि रक्षा अधिकारियों को सौंप दी जाए। (अनंत ज्ञान)



सोलन का ओल्ड बस स्टैंड।

### पार्किंग और व्यावसायिक कांप्लेक्स की सुविधा मिलेगी

योजना के क्रियान्वित पर सेना की छावनी से सटी जमीन पर तीन मंजिला पार्किंग का निर्माण होगा, जिसमें करीब 150 वाहनों के लिए पार्किंग की सुविधा होगी, साथ ही व्यावसायिक कांप्लेक्स का भी निर्माण होगा। पार्किंग निर्माण से शहर के लोगों को बाजार के नजदीक ही पार्किंग की सुविधा मिल सकेगी। शहर में पार्किंग सुविधा नहीं होने से लोगों को खासकर बहार से आने वाले वाहन चालकों को पार्किंग की खासी दिक्कत झेलनी पड़ती है। पार्किंग बनने से दुकानदारों का कारोबार भी बढ़ेगा।

### औचपारिकताएं की जा रहीं पूरी : कपटा



सोलन नगर निगम की आयुक्त एकता कपटा ने बताया कि भूमि का आदान-प्रदान, जो 2008 से लंबित है। पुराने बस स्टैंड के पास एक पार्किंग स्थल और एक व्यावसायिक परियोजना का निर्माण प्रस्तावित है। कपटा ने कहा कि अंबाला के रक्षा संपदा अधिकारी ने आदान-प्रदान की जाने वाली प्रस्तावित भूमि के निर्देशांक मांगे हैं और उन्हें जल्द ही प्रदान किया जाएगा, जबकि प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए अन्य औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं।

**सेना की 2,309 वर्ग मीटर और सरकार की 3,451 वर्ग मीटर भूमि होगी आदान-प्रदान**

### मुख्य सड़कों पर अवैध पार्किंग

पार्किंग की सुविधा नहीं होने से शहर की मुख्य सड़कों के किनारे अवैध पार्किंग की जा रही है। माल रोड, राजगढ़ रोड, चंबाघाट रोड और बाईपास रोड में रोड साइड पार्किंग के कारण ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ रही है। अवैध पार्किंग से शहर में हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे एंबुलेंस व फायर ब्रिगेड को भी शहर से बाहर निकलने में लंबा समय लग रहा है।

## देवी चंद्रघंटा की पूजा कर घर में सुख-शांति और समृद्धि की कामना

### मां शूलिनी मंदिर और पीठ्म में शीश नवाने पहुंचे श्रद्धालु



माता शूलिनी मंदिर में तीसरे दिन शीश नवाने पहुंचे श्रद्धालु।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन जिलेभर के मंदिरों में माता के दर्शनों के लिए शनिवार को भी लंबी कतारें लगी रहीं। तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की विधि विधान से पूजा-अर्चना की। मंदिरों में सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। शहर के मां शूलिनी मंदिर, मां शूलिनी पीठ्म और मा दुर्गा मंदिर में भी दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा।

लोग माता के दर्शन करने के लिए दूर-दूर से मंदिरों में पहुंच रहे हैं। इसके साथ ही मंदिर के समीप दुकानों में श्रद्धालु पूजा सामग्री खरीदते हुए नजर आए। नवरात्र को लेकर लोगों में खासा जोश और उत्साह देखा जा रहा है। यही वजह है कि आजकल बाजार में लोगों की भीड़ भी बढ़ गई है।

मां दुर्गा की तीसरी शक्ति की उपासना की जाती है। आज मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप देवी चंद्रघंटा की पूजा की गई। मां चंद्रघंटा की आराधना करने से घर में सुख, शांति और समृद्धि आती है। देवी मां के माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र सुशोभित होने के कारण ही इन्हें चंद्रघंटा के नाम से जाना जाता है। माता चंद्रघंटा को देवी दुर्गा का उग्र रूप माना जाता है।



### रेडक्रॉस सोसायटी का रेफरल ड्रॉ निकला

## पहले इनाम के रूप में टिकट नंबर 044173 ने जीता मोटरसाइकिल

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला रेडक्रॉस सोसायटी के रेफरल ड्रा का परिणाम घोषित किया गया। पहला पुरस्कार एक मोटरसाइकिल जिसके विजेता टिकट नंबर 044173 रहे तथा दूसरा पुरस्कार 25 इंच एलसीडी टिकट नंबर 044972 के नाम रहा और तीसरा पुरस्कार 90 लीटर का एलजी फ्रीज के विजेता रहा टिकट नंबर 096525।

चौथे पुरस्कार के रूप में दो लैपटॉप का ड्रॉ निकाला गया, जिसके विजेता टिकट नंबर 035189 तथा 045188 रहे, पांचवां पुरस्कार दो फोन एनड्राइड 6 इंच बड़ी स्क्रीन इसके विजेता टिकट नंबर 092068 और 028786 रहे। छठा पुरस्कार दो टैबलेट मीडियम साइज इसके विजेता रहे टिकट नंबर 026247 व 004292, सातवां पुरस्कार दो फोन ऐनडराइड छोटी स्क्रीन 3 इंच, टिकट नं. 060970 एवं 028698 के नाम रहा। आठवां पुरस्कार दो स्मार्ट घड़ी, के टिकट नं. 001444 और 001445 विजेता रहे। नौवां पुरस्कार दो ब्लूटुथ स्पीकर मीडियम साइज, टिकट न0 059584 तथा 009450 के नाम रहा और टिकट नंबर 004095 और 048758 को दसवें पुरस्कार के रूप में हेडफोन बोट मीडियम साइज प्राप्त हुआ है।

इस रेफरल ड्रा में सहायक आयुक्त एवं सचिव, जिला रेडक्रॉस सोसायटी सिरमौर विवेक शर्मा, एसडीएम राजीव सांख्यान, जिला राजस्व अधिकारी चेतन चौहान, अधीक्षक ग्रेड-1 जगदीश अत्री, नाजर सुमित कुमार, प्रबंधक, रेडक्रॉस सोसायटी, ओम प्रकाश तोमर तथा समाज सेवक राम सिंह और अमर नाथ उपस्थित रहे।

## बद्दी यूनिट ने इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड कर्मचारी यूनियन की मांगों का किया समर्थन

**अनंत ज्ञान, सोलन**

हिमाचल प्रदेश इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड कर्मचारी यूनियन, यूनिट बद्दी की बैठक विद्युत मंडल परिषद में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष कामेश्वर शर्मा ने की। बैठक में राज्य उपमहासचिव मनेश कुमार, राज्य वरिष्ठ उपप्रधान भगवान दास, प्रेस सचिव नीतिश कुमार व कार्यालय सचिव जितेंद्र चंदेल व उपप्रधान यशवंत चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे।

यूनिट बद्दी ने फैसला लिया है कि प्रबंधक वर्ग व राज्य सरकार से संबंधित मांगों पर हिमाचल प्रदेश इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड कर्मचारी यूनियन ने जो जन जागरण अभियान पूरे प्रदेश में चलाया है, उसका पूर्ण रूप से समर्थन करती हैं। बैठक में विद्युत बोर्ड में दिन प्रतिदिन बढ़ते हुए काम के बोझ और घटती हुई कर्मचारियों कि संख्या के चलते अकेले कर्मचारी को बिजनी आपूर्ति को बहाल करना पड़ रहा है व बिजली बोर्ड में वर्ष 2021 कोई भी नई भर्ती नहीं की गई है, जहां विद्युत अनुभाग में शिफ्ट ड्यूटी होती है, वहां पर पहले 15 से 20 कर्मचारी कार्यरत थे, वहां अब दो से तीन कर्मचारी ही कार्यरत वहां उपभोक्ताओं को सुचारु विद्युत आपूर्ति मुहैया करवाना चुनौती बन गया है व कर्मचारी आए दिन हादसों का शिकार हो रहे हैं।

बिजली बोर्ड में 7000 पद रिक्त हैं उन पदों पर व 25 मई 2023 को सर्विस कमेटी द्वारा स्वीकृत किए गए 1030 पदों पर अतिशीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाए। इसके अलावा अन्य मांगें भी रखी गईं।

बैठक में यूनिट बद्दी की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस बैठक में परवाणू यूनिट के सचिव दिनेश ठाकुर, सोलन यूनिट के सचिव अमित ठाकुर, बिलासपुर यूनिट के सचिव जोगिंद्र सिंह, उपप्रधान पवन ठाकुर, घुमारवीं यूनिट के उपप्रधान शम्मी कुमार और आउटसोर्स यूनिट बद्दी के उपप्रधान देवेंद्र ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे।



बद्दी की नई कार्यकारिणी के सदस्य व अन्य प्रसन्नचित मुद्रा में।

### पाइनग्रोव स्कूल की पहल-सरकारी स्कूलों को प्रदान किए कंप्यूटर



**सोलन।** पाइनग्रोव स्कूल के सौजन्य से सामाजिक सेवा 'आसमान' परियोजना के तहत जिला सोलन के घार सरकारी स्कूल, ग्राम पंचायत गुलहारी को दो कंप्यूटर दिए गए।

विद्यालय के छात्रों को उनकी शैक्षणिक आवश्यकताओं की पूर्ति के पाइनग्रोव स्कूल की यह अनूठी पहल है। पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर के स्पोर्ट्स हेड मुख्य अतिथि सुरेंद्र मेहता के कर कमलों द्वारा जिला सोलन के घार सरकारी स्कूल को दो कंप्यूटर उपहार किए गए।

### प्रवासी मजदूरों की पहचान और सत्यापन जरूरी : डीसी

**नाहन।** जिला मजिस्ट्रेट एवं उपायुक्त सिरमौर सुमित खिम्टा ने धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 के अंतर्गत आदेश जारी किए हैं। इसके तहत सिरमौर जिला में कोई भी नियोक्ता, ठेकेदार, व्यापारी किसी भी प्रवासी मजदूर को छोटे अनौपचारिक काम, सेवा, अनुबंध या श्रम में तब तक नहीं लगाएगा, जब तक कि ऐसे प्रवासी मजदूर की पहचान और सत्यापन के लिए संबंधित कार्य क्षेत्र अधिकारी को पासपोर्ट आकार की फोटो के साथ पूरा विवरण प्रस्तुत नहीं करते हैं।

उन्होंने यह भी आदेश जारी किए है कि कोई भी प्रवासी मजदूर जो सिरमौर जिला में किसी भी प्रकार के स्वरोजगार, अनौपचारिक व्यापार अथवा सेवा की तलाश में आता है उसे उस क्षेत्र से संबंधित थाना प्रभारी को अपने इस आशय की सूचना देनी होगी, नहीं तो कार्रवाई की जाएगी

## चौगान मैदान में राम-सीता विवाह का मंचन देख भाव-विभोर हुए दर्शक

**अनंत ज्ञान, अर्की**

अर्की नगर पंचायत के ऐतिहासिक चौगान मैदान में चल रही रामलीला के तीसरे दिन रामलीला के मंचन का शुभारंभ वंदना ने किया। क्लब के निदेशक हेमेंद्र गुप्ता व प्रधान अजय रघुवंशी ने बताया कि इस दौरान राम-लक्ष्मण का मुनि विश्वामित्र के साथ जनकपुरी जाना, सीता स्वयंवर, राम-परशुराम संवाद, राम-सीता विवाह, दशरथ का इच्छा इजहार सहित अन्य दृश्य मंचित किए गए।

इससे दर्शक भाव-विभोर हो गए। उन्होंने बताया कि पुरानी परंपरा के अनुसार रामलीला के मंचन के दौरान हर दिन एक मुख्य अतिथि को बुलाया जाता है।रामलीला के दूसरे दिन बार एसोसिएशन अर्की के प्रधान व उपप्रधान जोगेंदर ठाकुर व अनूप चौहान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की व रामलीला के सफल मंचन हेतु आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज के बदलते परिवेश में रामलीला क्लब अर्की द्वारा रामलीला के मंचन के माध्यम से सभी एक लड़ी की तरह जोड़कर रखना आपसी भाईचारे का प्रतीक है व बच्चों को भी रामायण से हमारे पवित्र ग्रंथों के बारे में जानकारी मिलती है।

इस अवसर पर रामलीला क्लब द्वारा मुख्य अतिथियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा आयोजकों को 3100 रुपए की राशि प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि हर दिन होने वाली रामलीला के पश्चात उससे संबंधित प्रश्न उपस्थित दर्शकों से पूछा जाता है तथा पर्ची के माध्यम से प्रश्न का सही उत्तर देने वाले विजेता को उस दिन ही मुख्य अतिथि द्वारा पर्ची निकालकर इनाम दिया जाता है। उन्होंने क्षेत्र की जनता से इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने व कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने का आह्वान किया है। इस अवसर पर रामलीला क्लब अर्की के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।



रामलीला का मंचन करते कलाकार।

### पूर्व विधायक बलदेव तोमर की गाड़ी की ट्रक से भिड़ंत, बाल-बाल बचे

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** शिलाई विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक बलदेव तोमर की गाड़ी की पांवटा साहिब में एक ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। गनीमत यह रही कि हादसे में किसी भी प्रकार का जानी नुकसान नहीं हुआ और पूर्व विधायक सहित उनका चालक बाल-बाल बच गए। इस पर बलदेव तोमर ने बताया कि वह पूरी तरह से सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को शाम करीब साढ़े सात बजे वह तारुवाला में शुभखेड़ा से हिमुडा कॉलोनी स्थित अपने निवास की ओर जा रहे थे, तभी उनकी गाड़ी को एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मारी। तोमर ने बताया कि ट्रक की ब्रेक फेल हो गई थी। गाड़ी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। उन्होंने बताया कि वह आज नाहन में जेपी नड्डा के कार्यक्रम में शामिल होने आए हैं। ट्रक चालक ने गलती को स्वीकार कर लिया था। ट्रक ओवरलोड होने की वजह से समय पर ब्रेक नहीं लगी, जिस कारण यह हादसा हुआ।



पूर्व विधायक की हादसा ग्रस्त गाड़ी।

**आक्रोश** एसपी इल्मा अफरोज ने कहा-शिकायत पर तुरंत एफआईआर दर्ज करने का समय दें, करेंगे निष्पक्ष कार्रवाई

# धमकी देने वाले युवकों की गिरफ्तारी न होने पर बद्दी-नालागढ़ एनएच किया जाम



नालागढ़ में दो गुटों में चल रहा विवाद तीसरे दिन भी जारी रहा, रोष प्रदर्शन करते लोग।

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ में दो गुटों में चल रहा विवाद तीसरे दिन भी जारी रहा। एक गुट के युवकों ने धमकी देने वाले दोषियों की गिरफ्तारी न होने को लेकर बद्दी-नालागढ़ नेशनल हाईवे को कुछ देर तक जाम किया और नारेबाजी करते हुए तुरंत गिरफ्तारी की मांग उठाई।

शनिवार को एक बार फिर से एक गुट के युवक भारी संख्या में नालागढ़ ओल्ड ब्वॉयज स्कूल में एकत्रित हुए, जिसके बाद रैली निकालते हुए पुलिस थाना नालागढ़ पहुंचे। पुलिस की ओर से भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिसके बाद प्रदर्शन कर रहे युवकों ने कुछ देर तक बद्दी-नालागढ़ नेशनल हाईवे को जाम किया और जमकर नारेबाजी की। वहीं युवकों ने विधायक हरदीप बावा पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि वह दोषियों का समर्थन कर रहे हैं और पुलिस पर कार्रवाई न करने का दबाव बनाया जा रहा है।

गौरतलब रहे कि बीते दिनों सोशल मीडिया पर एक युवक ने धमकी भरी पोस्ट की थी जिसके बाद हिंदू संगठन के युवकों ने धमकी देने वाले विशेष समुदाय के युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई, जिस पर पुलिस ने तुरंत एफआईआर दर्ज की। इसके अगले दिन भी युवकों ने दोषियों की गिरफ्तारी न होने पर प्रदर्शन किया और शनिवार को एक बार फिर से भारी संख्या में युवक एकत्रित हुए और गिरफ्तारी की मांग उठाई।

**विधायक कर रहे दोषियों का समर्थनः केएल ठाकुर**

नालागढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक केएल ठाकुर ने कहा कि नालागढ़ के विधायक हरदीप बावा दोषियों का समर्थन कर रहे हैं जबकि दोषी सरेआम हिंदू संगठन से जुड़े युवकों को सरेआम धमकियां दे रहे हैं, जो कि शर्म की बात है। केएल ठाकुर ने कहा कि सरकार व विधायक के दबाव के कारण आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पा रही है। उन्होंने मांग उठाते हुए कहा कि जल्द से जल्द दोषियों की गिरफ्तारी होनी चाहिए।

### दोषियों के खिलाफ होगी कार्रवाई : एसपी बद्दी

जिला पुलिस अधीक्षक इल्मा अफरोज से मुलाकात करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। एसपी बद्दी ने कहा कि शिकायतकर्ताओं की शिकायत पर थाना नालागढ़ में तुरंत एफआईआर दर्ज कर ली गई थी और मामले की आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। उन्होंने विश्वास दिलाते हुए कहा कि जो भी दोषी होंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एसपी बद्दी ने युवकों को शांति बनाए रखने का आग्रह किया।

# एग्जिट पोल : हरियाणा में कांग्रेस की वापसी के संकेत, जेएंडके में किसी को बहुमत नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए मतदान संपन्न होने के बाद आए ज्यादातर एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) में यह संभावना जताई गई है कि कांग्रेस पूर्ण बहुमत की सरकार बना सकती है। दूसरी तरफ, अधिकतर एग्जिट पोल ने जम्मू-कश्मीर में खंडित जनादेश का अनुमान व्यक्त किया है। हरियाणा में शनिवार को सभी 90 सीट के लिए मतदान संपन्न हुआ।

इससे पहले जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में सभी 90 सीट के लिए मतदान हुआ था। मतगणना आठ अक्टूबर को होगी। 'रिपब्लिक-मैट्रिज' के एग्जिट पोल में हरियाणा में कांग्रेस को 55-62 सीट तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 18-24 सीट मिलने का अनुमान लगाया गया है। इस सर्वेक्षण में यह भी कहा गया है कि इंडियन नेशनल लोक दल (इनेलो) को तीन से छह तथा जननायक जनता पार्टी (जजपा) को शून्य से तीन सीट मिल सकती हैं तथा अन्य के खाते में दो से पांच सीट जा सकती हैं। 'दैनिक भास्कर' के सर्वेक्षण के अनुसार, हरियाणा में कांग्रेस को 44-54 सीट तथा भाजपा को 19-29 सीट मिल सकती है। इनेलो को एक से पांच तथा अन्य को चार से छह सीट मिलने का अनुमान है।

'इंडिया टुडे-सी वोटर' के एग्जिट पोल में कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस का गठबंधन जम्मू-कश्मीर में बहुमत के करीब पहुंच सकता है। इस गठबंधन को 40-48 सीट मिलने का अनुमान लगाया गया है तथा भाजपा के खाते में 27-32 सीट जाने की संभावना जताई गई है। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) को छह से आठ सीट मिलने का अनुमान लगाया गया है। 'रिपब्लिक-मैट्रिज' के एग्जिट में कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर में भाजपा को 28-30 सीट मिल सकती हैं तथा नेशनल कांफ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन के खाते में 31-36 सीट जा सकती हैं। इस सर्वे में पीडीपी को पांच से सात तथा अन्य को आठ से 16 सीट मिलने का अनुमान लगाया गया है।

'दैनिक भास्कर' के सर्वेक्षण में संभावना जताई गई है कि जम्मू-कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन को 35 से 40 और भाजपा को 20-25 सीट मिल सकती हैं। इसमें पीडीपी को चार से सात और अन्य को 12-16 सीट मिलने का अनुमान है।

**हरियाणा विधानसभा चुनाव-2024**

| एजेंसी | भाजपा | कांग्रेस | अन्य |
|---|---|---|---|
| ध्रुव रिसर्च | 27 | 57 | 06 |
| पीलल्स पल्स | 20-32 | 49-61 | 03-05 |
| रिपब्लिक मैट्रिज | 18-24 | 55-62 | 02-05 |
| रिपब्लिक पी मार्क | 27-35 | 51-61 | 03-06 |

**जेएंडके विधानसभा चुनाव-2024**

| एजेंसी | भाजपा | कांग्रेस+ | पीडीपी | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| पीलल्स पल्स | 23-27 | 46-50 | 07-11 | 04-06 |
| आज तक सी वोटर | 27-32 | 40-48 | 06-12 | 06-11 |
| एक्सिस माय इंडिया | 24-34 | 35-45 | 04-06 | 08-23 |
| गुलिस्तान न्यूज | 29 | 34 | 06 | 21 |




## ट्यूशन से घर आ रहे बच्चे को मारे थप्पड़ छाती पर रखा पैर

**चंडीगढ़।** मोहाली के फेज-3ए में एक शख्स ने ट्यूशन से घर आ रहे पांच साल के मासूम बच्चे को कथित तौर पर आठ से 10 बार थप्पड़ मारे, फिर उसे धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया। इसके बाद फिर उसकी छाती पर पैर से हमला किया।

बच्चा पढ़ाई करके घर वापस जा रहा था और उसके साथ एक और बच्चा भी था। वह कुत्ते की नकल कर रहा था और जिस युवक ने बच्चे को पीटा उसे लगा कि यह मेरी तरफ देखकर मेरी नकल कर रहा है और उसने गुस्से में आकर उसे बुरी तरह पीटा।

बच्चे के पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। हालांकि यह मामला 29 अगस्त का है। लेकिन यह वीडियो 29 सितंबर को हेल्दी नेबरहुड संगठन को मिली थी इसके बाद एमसी के हस्तक्षेप के बाद पुलिस को आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए शिकायत दी गई थी।

## न्यूज ब्रीफ

### उत्तराखंड में कार के खाई में गिरने से तीन की मौत

**कोटद्वार।** उत्तराखंड के पौड़ी जिले में बारातियों को ले जा रही एक कार के गहरी खाई में गिरने से उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना शुक्रवार शाम लैंसडाउन क्षेत्र में सिसलडी-आसनखेत मोटर मार्ग पर नौगांव के पास हुई। कार बसरा गांव से गुनियालगांव की ओर जा रही थी। राज्य के आपदा प्रबंधन कार्यालय ने बताया कि गंतव्य तक पहुंचने की जल्दी में चालक ने मुख्य सड़क के बजाय छोटा रास्ता अपनाया। चालक ने कार पर से नियंत्रण खो दिया और यह खाई में गिर गई, जिससे उसमें सवार दो महिलाओं और एक पुरुष की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस और राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) के कर्मियों की टीमें मौके पर पहुंचीं और पीड़ितों को खाई से बाहर निकाला तथा उन्हें कोटद्वार में सेना के अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

### लुधियाना : स्कूल को मिली बम से उड़ाने की धमकी

**चंडीगढ़।** लुधियाना पुलिस में शनिवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली। अज्ञात व्यक्ति की तरफ से स्कूल प्रबंधन को की ई-मेल पर धमकी दी गई थी कि पांच अक्तूबर की सुबह स्कूल को बम से उड़ा दिया जाएगा। इसके बाद स्कूल प्रबंधन ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस के जिला अधिकारी और थाना सदर की पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं पुलिस के आने से पहले ही स्कूल प्रबंधकों ने स्कूल में छुट्टी कर दी थी। पुलिस स्कूल का चप्पा-चप्पा जांच करने में जुटी है और यह भी पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि ई-मेल कहां से आया है।

### पंजाब भाजपा ने उपचुनाव के लिए प्रभारी नियुक्त किए

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी की पंजाब इकाई ने चार विधानसभा क्षेत्रों (गिद्दड़बाहा, डेरा बाबा नानक, चब्बेवाल और बरनाला) में होने वाले आगामी उपचुनावों के लिए प्रभारी और सह-प्रभारी नियुक्त किए। इन निर्वाचन क्षेत्रों के विधायकों के इस साल हुए आम चुनाव में लोकसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद ये सीटें खाली हो गई थीं। गिद्दड़बाहा, बरनाला, चब्बेवाल तथा डेरा बाबा नानक में होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए क्रमशः वरिष्ठ नेताओं अविनाश राय खन्ना, मनोरंजन कालिया, श्वेत मलिक एवं अश्विनी शर्मा को चुनाव प्रभारी बनाया गया है। इन नेताओं के अलावा दयाल सिंह सोढ़ी, जगमोहन सिह राजू, परमिंदर बराड़ तथा राकेश राठौड़ को क्रमशः गिद्दड़बाहा, बरनाला, चब्बेवाल और डेरा बाबा नानक विधानसभा उपचुनाव के लिए पार्टी का सह प्रभारी नियुक्त किया गया है।

### पाकिस्तान में आतंकी हमला, 6 जवानों की मौत

**इस्लामाबाद।** उत्तरी वजीरिस्तान में पाकिस्तानी सेना पर हुए आतंकी हमले में 6 सैनिक मारे गए। उत्तर-पश्चिम में इस्लामी आतंकवादियों ने सेना के काफिले पर हमला किया। इस हमले में मारे गए जवानों में लेफ्टिनेंट समेत कई हाईरैंक वाले अधिकारी भी शामिल हैं। सेना ने सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया है। वहीं, गोलीबारी में 24 सैनिक भी घायल हुए हैं। इस हमले की किसी भी आतंकी संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली है।

### मालाबार नौसैनिक अभ्यास की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली।** क्षेत्र में बदलते सुरक्षा हालात के बीच भारत मंगलवार से शुरू होने वाले चार देशों के मालाबार नौसैनिक अभ्यास की मेजबानी करेगा। भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान की नौसेनाएं इस विशाल युद्धाभ्यास के 'समुद्री चरण' के दौरान कई जटिल नौसैनिक अभ्यास करेंगी। भारतीय नौसेना ने शनिवार को घोषणा की कि, 'मालाबार अभ्यास 2024 आठ से 18 अक्टूबर तक चलेगा, जिसकी शुरुआत विशाखापत्तनम में बंदरगाह चरण से होगी, उसके बाद समुद्री चरण होगा।' मालाबार अभ्यास 1992 में अमेरिका और भारतीय नौसेना के बीच द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास के रूप में शुरू हुआ था। अब यह एक प्रमुख बहुपक्षीय कार्यक्रम के रूप में विकसित हो चुका है जिसका उद्देश्य अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाना, आपसी समझ को बढ़ावा देना और हिंद महासागर और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में साझा समुद्री चुनौतियों का समाधान करना है। इस अभ्यास में विभिन्न भारतीय नौसैनिक मंच शामिल होंगे, जिनमें निर्देशित मिसाइल विध्वंसक, बहुउद्देश्यीय युद्धपोत, पनडुब्बियां, लड़ाकू विमान और हेलीकॉप्टर शामिल हैं।

## 'बदलाव के दिन' अपनी ताकत को पहचानें : विनेश ने मतदाताओं से कहा

**एजेंसी, चंडीगढ़**

कांग्रेस उम्मीदवार और ओलंपिक पहलवान विनेश फोगाट ने लोगों से अपनी ताकत पहचानने और हरियाणा विधानसभा चुनाव में शनिवार को मताधिकार का इस्तेमाल करने का आग्रह करते हुए कहा कि यह बदलाव का दिन है। हरियाणा में सभी 90 विधानसभा सीटों के लिए शनिवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान हुआ। फोगाट जींद जिले की जुलाना सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं।

चरखी दादरी जिले के बलाली में मतदान के बाद फोगाट ने कहा, 'हरियाणा के लोगों को कांग्रेस से काफी उम्मीदें हैं। सभी को आकर अपना मत डालना चाहिए।'

एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि बेरोजगारी, नशा और महिला सुरक्षा राज्य के सामने प्रमुख मुद्दे हैं। फोगाट ने कहा, 'हम आने वाले पांच सालों में सभी क्षेत्रों में काम करना चाहते हैं। आज बदलाव का दिन है, आज नयी उम्मीद जगाने का दिन है। मैं हरियाणा के लोगों से अपील करती हूं कि वे अपने घरों से बाहर निकलें और अपनी ताकत को पहचानें।'

कांग्रेस प्रत्याशी ने यह भी कहा कि हरियाणा के लोग भारतीय जनता पार्टी के 10 साल के शासन से तंग आ चुके हैं और उन्होंने पार्टी पर किसानों और पहलवानों के खिलाफ अत्याचार करने का आरोप लगाया।



## ऋषिकेश में 14 महिलाओं को दिया राफ्टिंग गाइड का प्रशिक्षण

**जगदीश शर्मा, देहरादून**

उत्तराखंड की बेटियां जल्द ही ऋषिकेश में गंगा नदी पर पर्यटकों को राफ्टिंग कराती नजर आएंगी। इसके लिए पर्यटन विभाग की ओर से 14 महिलाओं को व्हाइट वॉटर रिवर राफ्टिंग गाइड का प्रशिक्षण दिया गया है।

जो अब पंजीकरण प्रक्रिया पूरी होने के बाद, बतौर प्रोफेशनल राफ्टिंग गाईड अपना करियर शुरू करने को तैयार हैं।

ऋषिकेश हाल के समय में राफ्टिंग के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरा है, यहां हर साल पांच लाख से अधिक पयर्टक राफ्टिंग के लिए आ रहे हैं, इस तरह राफ्टिंग गतिविधि, कारोबार के साथ ही रोजगार का भी जरिया बन रही है, लेकिन अब तक राफ्टिंग गाइड का काम पूरी तरह पुरुष ही कर रहे थे।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर पहली बार उत्तराखंड पर्यटन विभाग ने महिलाओं को रिवर राफ्टिंग गाइड का प्रशिक्षण दिया है। इसके बाद पर्यटन विभाग ने चुनिंदा 14 महिलाओं को अप्रैल से जून के बीच तीन महीने का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया। इसमें प्रशिक्षण के साथ ही रहने खाने का खर्च भी पर्यटन विभाग की ओर से उठाया गया।

### मुंबई में एनसीपी नेता सचिन की हत्या



**नई दिल्ली।** मुंबई के बायकुला में एनसीपी (अजित पवार गुट) के नेता सचिन कुर्मी की शुक्रवार देर रात हत्या कर दी गई। एनसीपी नेता पर तेज धार वाले हथियार से हमला किया गया था। हमले में 2 से 3 लोगों के शामिल होने की आशंका है। रात करीब 12:30 बजे यह हमला किया गया। पुलिस घायल सचिन को पास के जेजे हॉस्पिटल ले गई, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच चल रही है।

### लोक लेखा समिति ने सेबी प्रमुख को किया तलब

**नई दिल्ली।** संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) ने देश के शीर्ष नियामक प्राधिकरणों के कामकाज की समीक्षा करने का निर्णय लिया है और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) और भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के प्रमुखों को 24 अक्तूबर को बुलाया है। वित्त मंत्रालय, आर्थिक मामलों के विभाग और संचार मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों को भी पीएसी के समक्ष उपस्थित होने को कहा गया है। सेबी अध्यक्ष माधबी पुरी बुच और ट्राई के अध्यक्ष अनिल कुमार लाहोटी के प्रतिनिधि भी समिति के समक्ष उपस्थित हो सकते हैं। समिति ने अडाणी-हिंडनबर्ग विवाद के बीच यह फैसला किया है।

### मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद जब्त



**इंफाल।** मणिपुर के बॉर्डर और संवेदनशील इलाकों में राज्य पुलिस और असम राइफल्स ने सर्च ऑपरेशन चलाया। चुराचांदपुर जिले के खेंगमोल पहाड़ी से बड़ी संख्या में हथियार और गोला-बारूद जब्त किए गए। पुलिस ने एक आंसू गैस बंदूक, एक मैगजीन के साथ एक देसी 9 मिमी पिस्तौल, पांच 12 बोर सिंगल-बैरल शॉटगन, आठ जीवित गोला बारूद, 13 तात्कालिक मोर्टार गोले, और पांच तात्कालिक भारी मोर्टार बोर सिंगल बैरल शॉटगन, आठ गोला बारूद राउंड, 13 इम्प्रोवाइज्ड मोर्टार सेल और पांच इम्प्रोवाइज्ड हेवी मोर्टार शामिल है।

### महाराष्ट्र में नौका पलटी, दो मछुआरों की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग तट के निकट अरब सागर में शुक्रवार देर रात एक नौका पलटने से दो मछुआरों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह घटना सिंधुदुर्ग के निवाती समुद्र तट के पास शुक्रवार देर रात करीब दो बजे हुई। नौका पर कुल 14 मछुआरे सवार थे और वे मछली पकड़ने गए थे, तभी उनकी नाव पलट गई। दो मछुआरे डूब गए जबकि 12 अन्य सुरक्षित स्थान पर पहुंचने में सफल रहे।

## देश-विदेश

## मोदी ने महाराष्ट्र को दी 23 हजार करोड़ की सौगात

**एजेंसी,**

एजेंसी, वाशिम (महाराष्ट्र)
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को महाराष्ट्र के वाशिम में कृषि और पशुपालन क्षेत्र से जुड़ी करीब 23,300 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की। मोदी महाराष्ट्र के एक-दिवसीय दौरे पर सुबह नांदेड़ हवाई अड्डा पहुंचे। वहां से वह हेलिकॉप्टर से वाशिम पहुंचे। वाशिम में मोदी ने पोहरादेवी स्थित जगदम्बा मंदिर में पूजा-अर्चना की।

उन्होंने पोहरादेवी में ही स्थित संत सेवालाल महाराज और संत रामराव महाराज की समाधि पर जाकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके बाद प्रधानमंत्री ने बंजारा विरासत संग्रहालय का उद्घाटन किया, जिसमें बंजारा समुदाय की समृद्ध विरासत को प्रदर्शित किया गया है। पीएम ने कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ) के तहत 1,920 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 7,500 से अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने 9,200 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) की भी शुरुआत की, जिनका कुल कारोबार लगभग 1,300 करोड़ रुपए है। प्रधानमंत्री मोदी ने मवेशियों के लिए एकीकृत जीनोमिक चिप और लैंगिक रूप से चयनित शुक्राणु प्रौद्योगिकी की शुरुआत की। इस पहल का उद्देश्य किसानों को किफायती मूल्य पर लैंगिक रूप से चयनित वीर्य की उपलब्धता बढ़ाना तथा प्रति खुराक लागत को 200 रुपए प्रति खुराक तक लाना है।


वाशिम में पोहरादेवी स्थित जगदम्बा मंदिर में पूजा-अर्चना करते प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी।

## राहुल ने कोल्हापुर में शिवाजी की प्रतिमा का किया अनावरण

**एजेंसी, मुंबई**

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कोल्हापुर में शिवाजी महाराज की मूर्ति का अनावरण किया। उन्होंने भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि लोगों को डराने और देश में संविधान को नष्ट करने के बाद शिवाजी महाराज के सामने झुकने का कोई फायदा नहीं है। नीयत दिख जाती है, उसे छिपा नहीं सकते। उन्होंने सिंधुदुर्ग में मूर्ति बनाई, जो कुछ दिन बाद टूट गई, उनकी नीयत गलत थी। शिवाजी महाराज की मूर्ति ने मैसेज दिया कि आप मूर्ति बनाओगे तो शिवाजी विचारधारा की रक्षा भी करनी पड़ेगी। इसके बाद वे संविधान सम्मेलन में शामिल हुए। जहां उन्होंने कहा कि आरक्षण से 50 फीसदी की सीमा को हटाने के लिए कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक कानून लेकर आएगी। विधानसभा चुनाव से पहले राहुल का यह दौरा महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार की शुरुआत मानी जा रही है।


कहा- सिंधुदुर्ग में मूर्ति टूटी, क्योंकि नीयत साफ नहीं थी

### अभिनेता नागार्जुन के खिलाफ शिकायत दर्ज

**नई दिल्ली।** सुपरस्टार नागार्जुन अक्किनेनी के खिलाफ हैदराबाद के माधापुर पुलिस स्टेशन में अवैध भूमि अतिक्रमण का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज की है। यह शिकायत एनजीओ जनम कोसम मनसाक्षी फाउंडेशन के अध्यक्ष कासिरेड्डी भास्कर रेड्डी ने दर्ज कराई थी। भास्कर रेड्डी ने आरोप लगाया कि नागार्जुन ने अवैध रूप से एन कन्वेंशन सेंटर का निर्माण किया, जिसे अगस्त में ध्वस्त कर दिया गया, जिसकी कीमत करोड़ों रुपए है।

### पाक सेना ने इस्लामाबाद में संभाली सुरक्षा की जिम्मेदारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के इस्लामाबाद में बिगड़ती हालात को देखते हुए पाकिस्तान सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने आधिकारिक रूप से राजधानी की सुरक्षा पाकिस्तान सेना के अधिकारियों के सुपुर्द करने का निर्णय लिया है। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद और इसकी जुड़वां नगरी रावलपिंडी और खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत को जोड़ने वाला मार्ग शुक्रवार को पूरे दिन पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थकों और सुरक्षाबलों के बीच युद्ध का मैदान बन गया। एससीओ (शंघाई सहयोग संगठन) शिखर सम्मेलन 15-16 अक्तूबर को इस्लामाबाद में होने वाला है। इसी बीच, सुरक्षा की स्थिति तेजी से खराब हो रही है।

## हैती में गिरोह हमले में 70 लोगों की मौत

**एजेंसी, पनामा सिटी**

**हैती** सरकार ने पॉट- सॉन्डे शहर में 'ग्रेन ग्रिफ' गिरोह की ओर से किए गए घातक हमले की निंदा की है। इस हमले में कम से कम 70 लोगों की मौत हो गई है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय (ओएचसीएचआर) ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री गैरी कॉनित कार्यालय ने हमले पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया और इसे अवर्णनीय क्रूरता करार दिया है। हमले में महिलाओं और बच्चों सहित नागरिकों को निशाना बनाया गया जिसमें 70 लोगों की मौत हो गई है और कई लोग घायल हो गए हैं। निर्दोष नागरिकों के खिलाफ यह हिंसा अस्वीकार्य है और तत्काल प्रतिक्रिया आवश्यक है। सरकार ने क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग की मांग करते हुए हमलावरों को न्याय के कटघरे में लाने की कसम खाई। ग्रेन ग्रिफ गिरोह के सदस्यों ने लोगों पर स्वचालित राइफलों से गोलीबारी की है।



## अमेठी में हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** अमेठी में हुए एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या के मामले में उत्तर प्रदेश एसटीएफ की नोएडा यूनिट ने एक बदमाश को जेवर टोल के पास से धर दबोचा है। एसटीएफ यूनिट ने आरोपी अभियुक्त चंदन वर्मा को जेवर टोल प्लाजा गौतमबुद्ध नगर से गिरफ्तार कर लिया। शिवरतनगंज इलाके में वीरवार देर शाम को बदमाशों ने एक शिक्षक, उसकी पत्नी व दो बेटियों की गोली मार कर हत्या कर दी। वारदात के पीछे मुकदमे की रंजिश मानी जा रही है। वहीं, वारदात में प्रयुक्त पिस्टल की बरामदगी के लिए ले जाते समय उसने पुलिस टीम पर फायर किया, जिसके जवाब में उसके पैर में गोली लग गई। चंदन को सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

## बंगाल में नाबालिग की गैंगरेप के बाद हत्या, ग्रामीण उग्र

### शिकायत दर्ज न करने पर थाने को लगाई आग

**एजेंसी, कोलकाता**

**पश्चिम** बंगाल के दक्षिण 24 परगना के कृपाखाली इलाके में नाबालिग से सामूहिक बलात्कार के बाद हत्या का मामला सामने आया है। इस मामले में ग्रामीणों ने पुलिस पर शिकायत नहीं दर्ज करने का आरोप लगाते हुए थाने में तोड़फोड़ और आगजनी की।

जानकारी के अनुसार, चौथी कक्षा में पढ़ने वाली नाबालिग लड़की को ट्यूशन से लौटते वक्त अगवा कर सामूहिक बलात्कार किया गया और फिर बेरहमी से हत्या कर दी गई। बाद में ग्रामीणों ने नदी किनारे से छात्रा का शव बरामद किया। कुलतली थाना पुलिस की ओर से शिकायत नहीं दर्ज किए जाने के बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए और थाने में तोड़फोड़ कर आग लगा दी।



**आरजी कर अस्पताल मामला**

### ड्यूटी पर तैनात चार पुलिसकर्मी सीबीआई की जांच के घेरे में

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में 9 अगस्त की सुबह ड्यूटी पर तैनात कोलकाता पुलिस के चार पुलिसकर्मी सीबीआई की जांच के घेरे में हैं, क्योंकि वे इसके परिसर में एक जूनियर डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की जांच कर रहे हैं। पीड़ित डॉक्टर का शव 9 अगस्त को अस्पताल के सेमिनार रूम में मिला था। घटनाक्रम से अवगत सूत्रों ने कहा कि उस समय अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात इन चार पुलिसकर्मियों का बयान जांच अधिकारियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, ताकि शव मिलने के बाद सबूतों के साथ संभावित छेड़छाड़ के बारे में स्पष्ट जानकारी मिल सके।

## आईडीएफ का दावा: हिज्बुल्लाह के 400 लड़ाकों को मार गिराया

**एजेंसी, बेरूत**

**इसराइली** रक्षा बलों (आईडीएफ) ने अब उत्तरी लेबनान में भी हवाई हमले तेज कर दिए हैं। आईडीएफ के विमानों ने उत्तरी लेबनान के बेद्दावी फिलिस्तीनी शरणार्थी शिविर के पास एक इमारत पर हवाई हमला किया है। इसके साथ ही इसराइली तोपखाने ने दक्षिणी लेबनान के खियाम शहर और कफर किला के बाहरी इलाकों में भी गोलाबारी की। इन हमलों में कई मैदानी क्षेत्र प्रभावित हुए है। वहीं, ईरान के विदेश मंत्री ने गाजा और लेबनान में इसराइल के अपराधों को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रयासों का आह्वान किया है। आईडीएफ ने दावा किया कि अब तक दक्षिणी लेबनान में चल रहे जमीनी अभियानों के दौरान 400 से अधिक हिज्बुल्लाह ऑपरेटिवों को मार गिराया गया है।



### ईरान नेता खामेनेई बोले- इसराइल पर हमले कानूनन वैद्य

**ईरान** के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने कहा कि उनके सशस्त्र बलों का हालिया कार्य पूरी तरह से कानूनी और वैध था। इसराइल के अपराधों के लिए सबसे कम सजा थी। खामेनेई ने इसरायली शासन को अमेरिका का पागल कुत्ता' करार दिया।

### यूएन ने लेबनान के लिए जारी किया अतिरिक्त फंड

**इसराइली** हमलों की वजह से लेबनान में हालात लगातार बिगड़ रहे हैं। इसे देखते हुए लेबनान के लिए यूएन के मानवीय समन्वयक इमरान रिजा ने 'लेबनान मानवीय कोष' से अतिरिक्त 2 मिलियन डॉलर देने का ऐलान किया है। यूएन के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि अब तक का कुल आवंटन 12 मिलियन डॉलर हो गया।

## भगोड़े जाकिर नाइक के एक्स अकाउंट पर भारत ने लगाया बैन

**नई दिल्ली।** भगौड़े जाकिर नाइक के सोशल मीडिया अकाउंट को भारत में बैन कर दिया है। जाकिर नाइक पर कई केस दर्ज हैं और वह कई मामलों में वांटेड है। जाकिर इस समय पाकिस्तान में है। जिस तरह से पाकिस्तान में उसका स्वागत किया गया, भारत ने उसकी आलोचना की है। इसके कुछ घंटों बाद ही जाकिर नाइट के 'एक्स' अकाउंट को प्रतिबंधित कर दिया गया। भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने जाकिर नाइक के साथ व्यवहार के लिए पाकिस्तान की खुलकर आलोचना की है।



## महिला टी-20 विश्व कप पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबला दोपहर 3:30 बजे से

# पहली जीत के लिए उतरेगी बेटियां

**एजेंसी, दुबई**

पहले मैच में न्यूजीलैंड से करारी हार से आहत भारत को अगर महिला टी-20 विश्व कप में अपना अभियान पटरी पर लाना है तो उसे पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले मैच में टीम संयोजन की अपनी खामियों को दूर करना होगा।

भारतीय टीम को शुक्रवार को अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड से 58 रन से हार का सामना करना पड़ा, जिससे उसकी सेमीफाइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है और इससे उसके लिए आगे के सभी मैच बेहद महत्वपूर्ण बन गए हैं।

भारत का नेट रन रेट अच्छा नहीं है और उसके लिए अब पाकिस्तान, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले मैचों में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेल के तीनों विभाग में खराब प्रदर्शन किया। उसके पास अब समय नहीं है और उसे जल्द से जल्द अपनी कमजोरियों को दूर करना होगा।

यह काम इतना आसान नहीं है क्योंकि उसका सामना अब पाकिस्तान से है, जिसने पहले मैच में श्रीलंका को हराया था। पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले भारत को टीम संयोजन में सुधार करना होगा।

न्यूजीलैंड के खिलाफ अरुंधति रेड्डी के रूप में एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज को शामिल करने के लिए भारत को अपने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करना पड़ा। इस वजह से हरमनप्रीत को तीसरे, जेमिमा रोड्रिग्स को चौथे और रिचा घोष को 5वें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरना पड़ा जबकि अमूमन वे इन स्थानों पर बल्लेबाजी नहीं करते हैं।




फाइल फोटो

### भारत का रिकॉर्ड शानदार

**भारत** का पाकिस्तान के खिलाफ शानदार रिकार्ड रहा है। इन दोनों टीम के बीच जो 15 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले गए हैं उनमें से भारत ने 12 मैच में जीत दर्ज की है। भारत हालांकि अपने इस प्रतिद्वंद्वी को हल्के से लेने की गलती नहीं कर सकता।

### संभावित टीमें

**भारत ।** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, रिचा घोष, यास्तिका भाटिया, पूजा वस्त्राकर, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, दयालन हेमलता, आशा सोभना, राधा यादव। श्रेयंका पाटिल, सजना सजीवन में से।

**पाकिस्तान ।** फातिमा सना (कप्तान), आलिया रियाज, डायना बेग, गुल फिरोजा, इरम जावेद, मुनीबा अली, नशरा सुंधू, निदा डार, ओमैमा सोहेल, सदफ शमास, सादिया इकबाल, सिदरा अमीन, सैयदा अरूब शाह। तस्मिया रुबाब, तुबा हसन में से।

# बांग्लादेश के खिलाफ युवा खिलाड़ियों के पास 'कौशल' दिखाने का मौका

**एजेंसी, ग्वालियर**

भारत और बांग्लादेश के बीच सोमवार से यहां शुरू होने वाली तीन मैच की टी-20 सीरीज में अपनी तेज गेंदबाजी के कारण क्रिकेट जगत का ध्यान खींचने वाले मयंक यादव की फॉर्म और फिटनेस की परीक्षा होगी जबकि अन्य युवा खिलाड़ियों के पास भी अपनी चमक बिखेरने का यह शानदार मौका होगा।

मयंक ने इस साल के शुरू में आईपीएल के दौरान लगातार 150 किमी की रफ्तार से गेंदबाजी करके लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा था, लेकिन पसलियों में खिंचाव के कारण उन्हें टूर्नामेंट के बीच से ही हटना पड़ा था।

न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज को देखते हुए शुभमन गिल, ऋषभ पंत, यशस्वी जयसवाल, मोहम्मद सिराज और अक्षर पटेल को बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज से विश्राम दिया गया है।

कप्तान सूर्यकुमार यादव और ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या टीम में शामिल दो बड़े नाम हैं।



गेंदबाजी का अभ्यास करते हार्दिक पांड्या।

शाम 7:30 बजे शुरू होगा मैच

**संभावित टीमें**

**भारत ।** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन , रिंकू सिंह, हार्दिक पांड्या, रियान पराग, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, जितेश शर्मा, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, मयंक यादव में से।

**बांग्लादेश ।** नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), तंजीद हसन तमीम, परवेज हुसैन एमोन, तौहीद हृदोय, महमूद उल्लाह, लिट्टन दास, मेहदी हसन मिराज, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, तस्कीन अहमद, शोरफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब, रकीबुल हसन में से ।

## स्पोर्ट्स विंडो

### शुभंकर और ओम प्रकाश का एल्फ्रेड डनहिल में निराशाजनक प्रदर्शन

**सेंट एंड्रयूज (स्कॉटलैंड)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा और ओम प्रकाश चौहान के लिए एल्फ्रेड डनहिल लिंक्स चैंपियनशिप के पहले दो दौर काफी निराशाजनक रहे जिसमें दोनों क्रमशः संयुक्त रूप से 139वें और 154वें स्थान पर बने हुए हैं। शर्मा ने कार्नोस्टी और किंग्सबार्न्स में इवन पार के दौर खेले, लेकिन वह संयुक्त रूप से 139वें स्थान पर हैं जबकि चौहान ने 71 और 75 के कार्ड खेले जिससे वह संयुक्त 154वें स्थान पर बने हुए हैं। शर्मा को अभी एक दौर खेलना है जबकि चौहान अपना तीसरा दौर कार्नोस्टी में खेलेंगे। निकोलस कोलसार्ट्स ने 65 का कार्ड खेलकर दूसरे दौर के बाद कैमरन जॉन के साथ संयुक्त बढ़त हासिल की।

### क्यूटनेस के लिए एम्मा ने बटोरी वाहवाही

**नई दिल्ली ।** एम्मा रादुकानू एक ब्रिटिश पेशेवर टेनिस खिलाड़ी और वर्तमान महिला अमेरिकी ओपन विजेता हैं। रादुकानू का जन्म टोरंटो में हुआ और उनका लालन-पालन लंदन में हुआ।एम्मा की जितनी चर्चा उनके खेल को लेकर होती आई है, उतना ही वह अपनी क्यूटनेस के लिए भी खूब वाहवाही बटोरती रही हैं। सोशल मीडिया पर एम्मा रादुकानू के लाखों प्रशंसक है।



### एचआईएल की वापसी से उत्साहित हैं भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह

**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम के कप्तान और शीर्ष ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह ने अपने करियर के विकास में अहम भूमिका निभाने के लिए हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) को श्रेय दिया। हरमनप्रीत ने 234 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 205 गोल किए हैं। 2017 एचआईएल में 'अपकमिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' चुने जाने से लेकर दुनिया के शीर्ष ड्रैग-फ्लिकरों में से एक बनने तक हरमनप्रीत के लिए यह एक शानदार यात्रा रही है। उन्होंने बताया कि कैसे इस लीग ने अंतरराष्ट्रीय स्तर के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने के बाद उन्हें आगे बढ़ने में मदद की है। हरमनप्रीत ने कहा, "हॉकी इंडिया लीग मेरे विकास का एक बड़ा हिस्सा था। लीग ने मुझे विभिन्न कोचों के अंतर्गत अलग खेल शैलियों से अवगत कराकर अपने कौशल को बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान किया।"



### श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज से विंडीज के चार सीनियर खिलाड़ी हटे

**सेंट जोंस (एंटीगा)।** वेस्टइंडीज के सीनियर खिलाड़ी आंद्रे रसेल, निकोलस पूरन, अकील हुसैन और शिमरोन हेटमायर ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए श्रीलंका के खिलाफ आगामी तीन मैच की टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज से हटने का फैसला किया। क्रिकेट वेस्टइंडीज की विज्ञप्ति के अनुसार मुख्य कोच डेरेन सैमी की अगुवाई वाली चयन समिति ने सलामी बल्लेबाज एविन लुइस और ब्रैंडन किंग को वापसी कराई है, जबकि तेज गेंदबाजी आल राउंडर टेरेंस हिंड्स और शमार स्प्रिंगर को पहली बार जगह दी। वेस्टइंडीज को 10 से 27 अक्तूबर तक तीन मैच की टी-20 अंतरराष्ट्रीय और वनडे सीरीज खेलनी है।

# भारत जूनियर विश्व निशानेबाजी चैंपियनशिप में शीर्ष पर बरकरार



**एजेंसी, लीमा (पेरू)**

भारतीय पिस्टल निशानेबाज दिव्यांशी ने यहां आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं की 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में पहला स्थान हासिल करके अपना दूसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता।

भारत ने इस स्पर्धा में तीनों पदक जीतकर क्लीन स्वीप किया। भारत के युवा निशानेबाजों ने दो स्वर्ण सहित पांच और पदक अपनी झोली में डाले, जिससे उसके कुल पदकों की संख्या 21 हो गई है और वह तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है। भारत ने अभी तक 13 स्वर्ण, दो रजत और छह कांस्य पदक जीते हैं।

दिव्यांशी ने 600 में से 564 अंक के साथ इस स्पर्धा में दबदबा बनाया और टीम की अपनी साथी परीशा गुप्ता को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 559 अंक हासिल कर रजत पदक जीता। मानवी जैन ने 557 अंक बनाकर कांस्य पदक जीता, जिससे भारत ने इस स्पर्धा में क्लीन स्वीप किया।

# ऑस्ट्रेलिया की श्रीलंका पर आसान जीत

**एजेंसी, शारजाह**

बेथ मूनीन की नाबाद 43 रनों की पारी की बदौलत गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने महिली टी-20 विश्व कप के लीग मैच में श्रीलंका को 34 गेंद शेष रहते 6 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 93 रन बनाए जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 14.2 ओवर में 4 विकेट पर 94 रन बना कर हासिल कर लिया। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज मेगन शट्ट (12/3 विकेट) को शानदार गेंदबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

इससे पहले श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया हैं। पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंकाई टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रहीं और महज छह रन के स्कोर पर टीम के दोनों सलामी बल्लेबाज पवेलियन लौट गई। श्रीलंका की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट खोकर महज 93 रन ही बना सकीं। श्रीलंका की तरफ से नीलाक्षी डी सिल्वा ने सबसे ज्यादा 29 रनों की पारी खेली। नीलाक्षी डी सिल्वा के अलावा हर्षिता समरविक्रमा ने 23 रन बनाए।




# मुंबई ने 27 साल बाद 15वां ईरानी कप जीता

**एजेंसी, लखनऊ**

तनुष कोटियान के नाबाद शतक की बदौलत मुंबई ने शनिवार को यहां पांचवें और अंतिम दिन ड्रॉ रहे मैच में शेष भारत पर पहली पारी की बढ़त के आधार पर अपना 15वां ईरानी कप जीत लिया। मुंबई ने अपना पिछला ईरानी कप 27 साल पहले 1997-98 सत्र के दौरान जीता था और तब से घरेलू क्रिकेट की यह ताकतवर टीम आठ और फाइनल में पहुंची, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। मुंबई का आखिरी फाइनल 2015-16 सत्र में रहा था।

मुंबई ने अंतिम दिन छह विकेट पर 153 रन से आगे खेलना शुरू किया और दूसरी पारी आठ विकेट पर 329 रन बनाकर घोषित की। इस तरह मुंबई की कुल बढ़त 450 रन की हो गई।

पहली पारी में 64 रन बनाने वाले कोटियान ने 20 रन से आगे खेलना शुरू किया और 150 गेंद में 114 रन बनाकर नाबाद रहे। उनकी पारी में 10 चौके और एक छक्का शामिल है। एक सत्र से भी कम समय में 451 रन के लक्ष्य का पीछा करना नामुमकिन था, जिससे शेष भारत के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने ड्रॉ के लिए अपने प्रतिद्वंद्वी अजिंक्या रहाणे से हाथ मिलाया।

इस तरह गत रणजी ट्रॉफी चैंपियन मुंबई ने मैच जीत लिया। कोटियान ने सरफराज खान (07) और शार्दुल ठाकुर (02) के जल्दी आउट होने के बाद शानदार परिपक्वता दिखाई, उन्हें 10वें नंबर के खिलाड़ी मोहित अवस्थी से अच्छा सहयोग भी मिला। इस समय मुंबई का स्कोर सात विकेट पर 171 रन था।

अवस्थी 93 गेंद में चार चौके और एक छक्के से 51 रन बनाकर नाबाद रहे। इस तरह कोटियान और अवस्थी ने 9वें विकेट के लिए 158 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाई।




## एशियाई युवा तीरंदाजी में भारत ने अंडर 18 महिला वर्ग में जीता रजत पदक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

युवा तीरंदाज वैष्णवी पवार के शानदार प्रदर्शन से भारत ने चीनी ताइपे में चल रही 2024 एशियाई युवा तीरंदाजी चैंपियनशिप में रिकर्व अंडर-18 महिला वर्ग में रजत पदक हासिल किया। वैष्णवी ने प्रत्येक राउंड में तीन सदस्यीय भारतीय टीम के लिए पहला शॉट लिया। उनके अच्छे प्रदर्शन से भारतीय टीम सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया को शूट ऑफ में हराने में सफल रही। भारतीय टीम में प्रांजल थोलिया और जन्नत भी शामिल थीं।

चीनी ताइपे के खिलाफ फाइनल में भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और एक समय वह 2-4 इससे पीछे चल रहा था, लेकिन इसके बाद उसने अच्छा खेल दिखाकर मुकाबला को शूट ऑफ तक खींच दिया। चीनी ताइपे की टीम ने शूटऑफ में जीत हासिल करके स्वर्ण पदक जीता।




वैष्णवी पवार

## क्रिकेट स्टब्स के शतक से आयरलैंड को 174 रनों से दी करारी शिकस्त

# दक्षिण अफ्रीका ने जीती वनडे सीरीज

**एजेंसी, अबूधाबी**

युवा बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स के करियर के पहले शतक और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे वनडे में आयरलैंड को 174 रन से करारी शिकस्त देकर तीन मैच की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल की। आयरलैंड ने इससे पहले टी-20 सीरीज बराबर की थी, लेकिन वनडे में उसकी एक नहीं चली।

अपना छठा वनडे मैच खेल रहे 24 वर्षीय स्टब्स ने 81 गेंद पर नाबाद 112 रन बनाए, जिसमें आठ चौके और तीन छक्के शामिल हैं। उनकी इस शानदार पारी से दक्षिण अफ्रीका में पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 343 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया।

इसके जवाब में आयरलैंड की टीम 30.3 ओवर में 169 रन पर आउट हो गई। उसकी तरफ से 11वें नंबर के बल्लेबाज क्रेग यंग ने सर्वाधिक 29 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से मध्यम गति के गेंदबाज लिजाद विलियम्स सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 36 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। दक्षिण अफ्रीका के प्रत्येक गेंदबाज ने कम से कम एक विकेट जरूर लिया।




मैच जीतने के बाद खुशी मनाते खिलाड़ी।

## शतरंज : त्रिवेणी कांटिनेंटल किंग्स ने अल्पाइन एसजी पाइपर्स को हराया




**एजेंसी, लंदन**

ग्लोबल चेस लीग

दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को अलीरेजा फिरौजा से हार का सामना करना पड़ा, जिससे मौजूदा चैंपियन त्रिवेणी कांटिनेंटल किंग्स ने ग्लोबल चेस लीग के दूसरे दिन अल्पाइन एसजी पाइपर्स को 17-4 से शिकस्त दी।

इससे पहले पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद को पूर्व विश्व ब्लिट्ज चैंपियन मैक्सिम वचियर-लाग्रेव से हार का सामना करना पड़ा, जिससे अपग्रैड मुंबा मास्टर्स ने गैंजेस ग्रैंडमास्टर्स पर 14-5 से जीत दर्ज की।

बोर्ड एक पर आनंद को बेहतर स्थिति में होने के बावजूद फ्रांस के स्टार वचियर-लाग्रेव से हार मिली। अपग्रैड मुंबा मास्टर्स ने युवाओं के बोर्ड पर जीत और दूसरे महिला बोर्ड पर ड्रॉ हासिल किया, जिससे उसने बढ़त बनाई। गैंजेस ग्रैंडमास्टर्स दुनिया के तीसरे नंबर के अर्जुन एरिगैसी के बेहतरीन प्रयास के बावजूद वापसी नहीं कर सकी।

एरिगैसी और विदित गुजराती के बीच बाजी ड्रॉ रही। स्थिति तब और खराब हो गई जब कोनेरू हम्पी ने वैशाली आर को हराकर अपग्रैड मुंबा मास्टर्स के लिए मैच जीत लिया। गैंजेस ग्रैंडमास्टर्स के लिए परहम मघसूदलू ने पीटर स्विडलर के खिलाफ जीत हासिल की लेकिन यह उन्हें 14-5 की हार से बचाने के लिए काफी नहीं था।